
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 187 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## परिसीमन से दक्षिण की ताकत बढ़ेगी, भ्रांति न फैलाएं: अमित शाह

समाज जागरण

नई दिल्ली, 16 अप्रैल 2026: संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण और परिसीमन को लेकर जारी बहस के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि परिसीमन के बाद दक्षिण भारत के राज्यों की राजनीतिक ताकत घटने के बजाय और मजबूत होगी। उन्होंने विपक्ष पर इस मुद्दे को लेकर भ्रामक प्रचार फैलाने का आरोप भी लगाया।



**दक्षिणी राज्यों की सीटों में होगा इजाफा**

गृह मंत्री ने सदन में आंकड़ों के साथ स्पष्ट किया कि परिसीमन के बाद दक्षिण भारत के सभी प्रमुख राज्यों की लोकसभा सीटों में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि आंध्र प्रदेश की सीटें 25 से बढ़कर 38, तेलंगाना की 17 से बढ़कर 26, केरल की 20 से बढ़कर 30 और कर्नाटक की 28 से बढ़कर 42 हो जाएंगी।

**तमिलनाडु को भी नहीं होगा नुकसान**

तमिलनाडु को लेकर उठ रही आशंकाओं को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य की सीटें 39 से बढ़कर 59 हो जाएंगी। इससे न केवल सीटों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि संसद में उसकी हिस्सेदारी भी मजबूत होगी।

**कुल हिस्सेदारी में भी बढ़ोतरी**

अमित शाह ने बताया कि वर्तमान 543 सदस्यीय लोकसभा में दक्षिण भारत के 129 सांसद हैं, जो कुल 23.76% हिस्सेदारी रखते हैं। परिसीमन के बाद यह संख्या बढ़कर 195 हो जाएगी और हिस्सेदारी 23.87% तक पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट संकेत है कि दक्षिण भारत की राजनीतिक ताकत में वृद्धि होगी।

**विपक्ष पर भ्रामक प्रचार का आरोप**

गृह मंत्री ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि दक्षिण भारत को लेकर जो नैरेटिव फैलाया जा रहा है, वह पूरी तरह भ्रामक है। उन्होंने कहा कि इस संवेदनशील विषय पर गलतफहमी फैलाने से बचना चाहिए और तथ्यों के आधार पर चर्चा होनी चाहिए।

**जाति जनगणना पर भी दिया बयान**

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने जाति जनगणना कराने का निर्णय लिया है और वर्तमान जनगणना प्रक्रिया उसी दिशा में आगे बढ़ रही है। इस विषय पर भी किसी तरह का भ्रम फैलाने की आवश्यकता नहीं है।

**परिसीमन कानून में कोई बदलाव नहीं**

गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि परिसीमन आयोग से संबंधित कानून में कोई बदलाव नहीं किया गया है और यह पहले की तरह ही लागू रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया का मौजूदा चुनावों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। (इनपुटः आईएएनएस)

## इजरायल-लेबनान के बीच 10 दिन का सीजफायर, ट्रंप ने लिया श्रेय

समाज जागरण

यरुशलम, 16 अप्रैल 2026: पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। खबरों के मुताबिक इजरायल और लेबनान के बीच करीब छह हफ्तों से चल रहे संघर्ष के बाद 10 दिनों के लिए सीजफायर पर सहमति बनी है।

**ट्रंप ने किया ऐलान, खुद को बताया मध्यस्थ**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस सीजफायर का ऐलान करते हुए दावा किया कि उन्होंने दोनों पक्षों के बीच बातचीत कर यह समझौता संभव कराया। ट्रंप ने कहा कि यह उनके प्रयासों से रुका "दसवां युद्ध" है।

**नेताओं से फोन पर हुई बातचीत**

सूत्रों के अनुसार, ट्रंप ने बेंजामिन नेतन्याहू और लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन से फोन पर बात की। इसके बाद ही सीजफायर की घोषणा की गई। जानकारी के मुताबिक, लेबनान से जुड़े इस संघर्ष में ईरान की भूमिका भी अहम रही। सीजफायर उसकी प्रमुख शर्तों में शामिल था, जिस पर पहले सहमति नहीं बन पा रही थी। इसी कारण अमेरिका-ईरान के बीच शांति वार्ता भी प्रभावित हुई थी।

सैन्य कार्रवाई रोकने के निर्देश रिपोर्ट्स के अनुसार, लेबनान में तैनात इजरायली सैनिकों को अपने ऑपरेशन समेटने के निर्देश दिए गए हैं। इस कदम को क्षेत्र में तनाव कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## बाबा खाटू श्याम के संकीर्तन में जमकर झूमे श्रद्धालु

समाज जागरण

बागपत। नगर के सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज के मैदान में श्री खाटू श्याम हरि कीर्तन मंडल ट्रस्ट समिति बागपत की ओर से चतुर्थ श्री श्याम संकीर्तन वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।



संकीर्तन में श्री वृन्दावन धाम बरसाना की ब्रज रस अनुरागी पूर्णिमा दीदी उर्फ पूनम दीदी, कानपुर की शर्मा सिस्टर्स, सारेगामा पा विनर रितिक गुप्ता सहित अनेकों सुप्रसिद्ध भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को भक्ति में डुबो दिया। श्रद्धालु भजनों को सुनकर अपने पैरों को नहीं रोक पाए और बीच पंडाल में ही जमकर नाचे कूदे। संकीर्तन में शिवम इंटरनेशनल म्यूजिकल ग्रुप की शानदार प्रस्तुति रही।

यू-ट्यूब के केटूएस फिल्मस पर संकीर्तन का लाईव प्रसारण किया गया। सोनीपत धाम के प्रधान राकेश मित्तल के परम सानिध्य में संकीर्तन सम्पन्न हुआ। संकीर्तन के समापन पर सभी को प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रकाश चौधरी, लविंद्र गोपाल, अमित चंदोरिया, कृष्ण राज, नीरज वर्मा उर्फ मोनु, गौरव गोयल, अमित शर्मा, अमिता वशिष्ठ, आकाश सेठी, ललित शर्मा, अंकित गुप्ता, सुनील गर्ग, हिमांशु गुप्ता आदि थे।

## एयर फोर्स में आधुनिक 'एनएवीएसआईएम' सिम्युलेटर शामिल, नेविगेटर्स की तैयारी को मिलेगा बढ़ावा

समाज जागरण

हैदराबाद, 16 अप्रैल 2026: भारतीय वायुसेना के प्रशिक्षण ढांचे को और सशक्त करते हुए भारतीय वायुसेना के ट्रेनिंग कमांड के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल एस. श्रीनिवास ने गुरुवार को एयर फोर्स स्टेशन बेगमपेट स्थित नेविगेशन ट्रेनिंग स्कूल (एनटीएस) में स्वदेशी रूप से विकसित 'एनएवीएसआईएम' सिम्युलेटर का उद्घाटन किया।



**पूरी तरह स्वदेशी और अत्याधुनिक तकनीक से लैस**

यह सिम्युलेटर पूरी तरह भारत में विकसित किया गया है और इसमें अत्याधुनिक ग्राफिक्स तकनीक का उपयोग किया गया है। इससे प्रशिक्षण को अधिक यथार्थपरक और प्रभावी बनाया गया है। 'एनएवीएसआईएम' को विशेष रूप से रात्रि अभियानों और विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों के प्रशिक्षण के लिए डिजाइन किया गया है।

**आपातकालीन परिस्थितियों का वास्तविक अनुभव**

सिम्युलेटर में कई जटिल और चुनौतीपूर्ण आपातकालीन परिदृश्यों को शामिल किया गया है, जिससे प्रशिक्षणार्थियों को वास्तविक परिस्थितियों के करीब अनुभव मिलता है। इससे न केवल उनकी प्रतिक्रिया क्षमता बढ़ेगी, बल्कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।

**नेविगेटर्स और वेपन सिस्टम ऑपरेटर्स को मिलेगा लाभ**

नए सिम्युलेटर के शामिल होने से वायुसेना के नेविगेटर्स और वेपन सिस्टम ऑपरेटर्स का प्रशिक्षण और अधिक सुदृढ़ होगा। अब वे वास्तविक उड़ान से पहले ही कठिन और जटिल परिस्थितियों का अभ्यास कर सकेंगे, जिससे उनकी तैयारी और दक्षता में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी।

## महिला आरक्षण पर पीएम मोदी का बड़ा संदेश: 'यह अवसर इतिहास में बार-बार नहीं आता'

नई दिल्ली, 16 अप्रैल 2026: संसद में महिला आरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे देश के लोकतांत्रिक इतिहास का ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि ऐसे अवसर बार-बार नहीं आते। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह केवल एक विधेयक पारित करने का मामला नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को नीति-निर्धारण की मुख्यधारा में लाने का महत्वपूर्ण कदम है।



**लोकतंत्र में नया अध्याय जोड़ने का अवसर**

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को "मदर ऑफ डेमोक्रेसी" कहा जाता है और हजारों वर्षों की लोकतांत्रिक परंपरा में यह एक नया अध्याय जोड़ने का समय है। उन्होंने माना कि यह कदम 25-30 साल पहले उठाया जाना चाहिए था, जिससे आज तक यह व्यवस्था और परिपक्व हो चुकी होती।

**विकसित भारत के लिए महिलाओं की भागीदारी जरूरी**

उन्होंने स्पष्ट किया कि विकसित भारत का अर्थ केवल आर्थिक विकास या इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं, बल्कि सभी वर्गों की समान भागीदारी है। देश की लगभग 50% आबादी को निर्णय प्रक्रिया से बाहर रखना उचित नहीं है।

**राजनीति से ऊपर उठने की अपील**

पीएम मोदी ने सभी दलों से अपील करते हुए कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे को राजनीति के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। यह पूरे समाज और देश से जुड़ा विषय है, इसलिए सभी को मिलकर निर्णय लेना चाहिए।

**जमीनी स्तर पर मजबूत हुआ महिला नेतृत्व**

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 25-30 वर्षों में पंचायत और स्थानीय निकायों में महिलाओं की नेतृत्व क्षमता मजबूत हुई है। लाखों महिलाएं जमीनी स्तर पर शासन का अनुभव प्राप्त कर चुकी हैं और अब वे नीति-निर्धारण में भागीदारी चाहती हैं।

**महिलाओं की क्षमता पर भरोसा जरूरी**

उन्होंने कहा कि महिलाओं को 33% आरक्षण देकर उनके नेतृत्व पर भरोसा जताना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि महिलाओं को खुद यह तय करने का अवसर मिलना चाहिए कि उनका प्रतिनिधित्व कैसे सुनिश्चित किया जाए।

**संविधान की ताकत का उल्लेख**

अपने सामाजिक पृष्ठभूमि का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान की शक्ति के कारण ही वे इस पद तक पहुंचे हैं। उनका दायित्व है कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ें।

**हर क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धियां**

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। ऐसे में उन्हें निर्णय प्रक्रिया से दूर रखना उनके सामर्थ्य के साथ अन्याय होगा।

जल्द अमल की जरूरत

उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में इस विधेयक को व्यापक समर्थन मिला था और अब इसे लागू करने में देरी नहीं होनी चाहिए। 2029 तक इसे प्रभावी रूप से लागू करने का अवसर है, जिसे गंवाया नहीं जाना चाहिए।

**भेदभाव की आशंका को खारिज**

पीएम मोदी ने भरोसा दिलाया कि इस प्रक्रिया में किसी भी राज्य या क्षेत्र के साथ भेदभाव नहीं होगा और परिसीमन के दौरान संतुलन बनाए रखा जाएगा।

**महिला आरक्षण अधिकार, उपकार नहीं**

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि महिलाओं को आरक्षण देना कोई उपकार नहीं, बल्कि उनका अधिकार है, जिसे लंबे समय तक टाला गया है। अब समय है कि इस ऐतिहासिक कमी को दूर किया जाए।

**क्रेडिट की राजनीति से दूर रहने की अपील**

उन्होंने कहा कि इस फैसले का श्रेय किसी एक दल या व्यक्ति को नहीं दिया जाना चाहिए, बल्कि यह पूरे सदन और देश का सामूहिक निर्णय होगा।

**सर्वसम्मति से पारित करने की अपील**

अंत में प्रधानमंत्री ने सभी दलों से अपील की कि इस विधेयक को सर्वसम्मति से पारित किया जाए, ताकि देश की नारी शक्ति को एक मजबूत और सकारात्मक संदेश दिया जा सके।

(इनपुटः पीआईबी)

## उतार-चढ़ाव के बीच बाजार में गिरावट, सेंसेक्स-निफ्टी हल्की कमजोरी के साथ बंद

समाज जागरण

मुंबई, 16 अप्रैल 2026: घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को उतार-चढ़ाव भरा कारोबार देखने को मिला। दिन के दौरान शुरुआती बढ़त के बावजूद बैंकिंग और ऑटो सेक्टर में बिकवाली के चलते प्रमुख सूचकांक इंट्रा-डे हाई से नीचे आकर मामूली गिरावट के साथ बंद हुए।



कारोबार के अंत में सेंसेक्स 122.56 अंक यानी 0.16% गिरकर 77,988.68 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 34.55 अंक या 0.14% की कमजोरी के साथ 24,196.75 के स्तर पर बंद हुआ।

**रेजिस्टेंस स्तर पार न कर पाने से दबाव**

विशेषज्ञों के अनुसार, निफ्टी 24,300 के महत्वपूर्ण रेजिस्टेंस स्तर को पार नहीं कर सका, जिससे निकट अवधि का रुझान अनिश्चित बना हुआ है। उनका कहना है कि यदि अगली ट्रेडिंग में यह स्तर मजबूती से पार होता है तो बाजार में तेजी लौट सकती है, अन्यथा मुनाफावसूली बढ़ने पर निफ्टी 24,000 तक फिसल सकता है।

बाजार में गिरावट लाने वाले प्रमुख शेयरों में HDFC Bank, ONGC AüSX HDFC Life शामिल रहे।

मुख्य सूचकांकों में कमजोरी के बावजूद व्यापक बाजार ने बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 0.63% और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 0.83% की बढ़त के साथ बंद हुए, जो निवेशकों की रुचि को दर्शाता है।

**सेक्टोरल ट्रेंड**

सेक्टोरल स्तर पर मेटल और आईटी शेयरों में खरीदारी देखने को मिली, जिससे ये सेक्टर टॉप गेनर्स रहे। वहीं, ब्याज दरों से संवेदनशील प्राइवेट बैंक और फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर में दबाव बना रहा और ये सबसे ज्यादा गिरावट वाले सेक्टर रहे।

**आगे की दिशा पर नजर**

विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले समय में बाजार की दिशा वैश्विक संकेतों पर निर्भर करेगी। खासकर अमेरिका-ईरान वार्ता, कच्चे तेल की कीमतों और कंपनियों के तिमाही नतीजों का असर बाजार पर देखने को मिल सकता है। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की धारणा भी बाजार की चाल तय करेगी।

(इनपुटः आईएएनएस)

## डी कॉक का धमाका, आईपीएल करियर का तीसरा शतक जड़ा

नई दिल्ली/मुंबई, 16 अप्रैल 2026: वानखेड़े स्टेडियम में खेले



गए मुकाबले में क्विंटन डी कॉक का बल्ला जमकर बोला। मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ तूफानी शतकीय पारी खेलते हुए अपने आईपीएल करियर का तीसरा शतक पूरा किया।

**53 गेंदों में शतक, गेंदबाजों की उड़ाई धज्जियां**

डी कॉक ने महज 53 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और पूरे मैच के दौरान आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। उनकी इस पारी के सामने पंजाब के गेंदबाज बेबस नजर आए।

**मुंबई के लिए खास उपलब्धि**

यह शतक मुंबई इंडियंस के लिए पंजाब किंग्स के खिलाफ किसी बल्लेबाज द्वारा लगाया गया दूसरा शतक है। इससे पहले वर्ष 2014 में लेंडल सिमंस ने मोहाली में नाबाद 100 रन बनाए थे।

योगी ने बंगाल में यूपी स्टाइल में भरी हुंकार

## BJP आई तो सड़कों पर झाड़ू लगाएंगे टीएमसी के गुंडे-माफिया...

बंगाल में योगी आदित्यनाथ की हुंकार, टीएमसी-कांग्रेस पर साधा निशाना



समाज जागरण

कोलकाता/आसनसोल, 16 अप्रैल 2026: पश्चिम बंगाल के चुनावी माहौल के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आक्रामक तेवरों से सियासी तापमान बढ़ा दिया है। आसनसोल और बीरभूम जिलों में आयोजित जनसभाओं में उन्होंने तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और वाम दलों पर तीखा हमला बोला।

**जनसभाओं में तीखा हमला**

बाराबनी, रामपुरहाट और बोलपुर विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित सभाओं को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भड़काऊ बयानों से डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे ऐसे बयानों पर ध्यान न दें और मजबूती से मतदान करें।

**"डबल इंजन सरकार" का दिया नारा**

मुख्यमंत्री ने "डबल इंजन सरकार" की अवधारणा को दोहराते हुए कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनती है, तो राज्य में कानून-व्यवस्था मजबूत होगी और विकास को नई गति मिलेगी।

# यूपी में गहराया मदरसा शिक्षकों को जबरन वीआरएस विवाद

उत्तर प्रदेश में मदरसा शिक्षकों को जबरन वीआरएस थोपने का मामला गरमाता जा रहा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने इसे गंभीरता से लेते हुए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक को तलब किया है। प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद से संबद्ध अशासकीय मदरसों में कार्यरत शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) का लाभ देने का विवाद पुराना है। 2016 की उत्तर प्रदेश अशासकीय अरबी और फारसी मदरसा मान्यता प्रशासन एवं सेवा नियमावली में वीआरएस का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। इसके बावजूद कई जिलों में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी इस्तीफों को वीआरएस मानकर पेंशन स्वीकृत कर रहे थे।

मामला दिसंबर 2025 में खुला, जब अल्पसंख्यक कल्याण निदेशक ने सभी जिलों से ब्योरा तलब किया। शिकायतों के अनुसार, कुछ शिक्षकों पर दबाव बनाकर त्यागपत्र ले लिया गया, जिसे वीआरएस के रूप में पेंशन के साथ प्रोसेस किया गया। नियमों के मुताबिक, कर्मचारी केवल तीन महीने का नोटिस देकर इस्तीफा दे सकता है, लेकिन वीआरएस जैसी सुविधा नहीं। यह अनियमितता वित्तीय घाटे का कारण बनी, क्योंकि बिना आधार के पेंशन वितरण हो रहा था। 15 अप्रैल 2026 को एनएचआरसी ने शिकायत पर संज्ञान लिया और अल्पसंख्यक कल्याण निदेशक को समन जारी किया। आयोग ने नाराजगी जताई कि विभाग ने पूर्व नोटिसों का संतोषजनक जवाब नहीं दिया। विभाग को 14 मई 2026 तक विस्तृत रिपोर्ट जमा करने का आदेश है। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि यह जबरन सेवानिवृत्ति मानवाधिकार उल्लंघन है, क्योंकि शिक्षकों को नौकरी से वंचित कर पेंशन का लालच दिया गया।

एनएचआरसी का यह कदम प्रशासनिक लापरवाही पर लगाम कसने वाला है। पूर्व में भी आयोग ने मदरसा संबंधी शिकायतों पर सक्रियता दिखाई, जैसे मदरसा बोर्ड नियुक्तियों पर। अब विभाग पर दबाव है कि या तो लाभ रोककर रिकवरी करे या नियमावली में संशोधन करे। कुल मिलाकर यह विवाद योगी आदित्यनाथ सरकार के मदरसा सुधारों से जुड़ा प्रतीत होता है। दिसंबर 2025 में कैबिनेट ने अखिलेश यादव सरकार के विवादित मदरसा शिक्षक सुरक्षा विधेयक को रद्द किया, जो शिक्षकों को असीमित संरक्षण देता था। विपक्ष का आरोप है कि वीआरएस थोपकर योगी सरकार पुराने समर्थकों को हटाना चाहती है। हालांकि, स्रोतों में स्पष्ट इशारा का उल्लेख नहीं; यह प्रशासनिक अनियमितता ज्यादा लगता है।

जानकारों का मानना है कि जिला स्तर के अधिकारी बिना उच्च निर्देश के ऐसा नहीं कर सकते। अल्पसंख्यक विभाग की चुप्पी से संकेत मिलता है कि यह विभागीय स्तर पर चली आ रही प्रथा थी, जो अब सुधार अभियान में अटकी। कोई ठोस सबूत उच्च राजनीतिक इशारे का नहीं मिला, लेकिन योगी सरकार के मदरसा आधुनिकीकरण एजेंडे से जुड़ाव अस्वीकार्य नहीं। वीआरएस से हजारों मदरसा शिक्षक अनिश्चय में हैं। वीआरएस लाभ मिलने वाले अब रिकवरी के डर से परेशान, जबकि सेवा जारी रखने वाले बिना सुविधा। यह अल्पसंख्यक समुदाय में असंतोष पैदा कर रहा, खासकर जब केंद्र और राज्य स्तर पर मदरसा बोर्ड पर सवाल उठ रहे। उत्तर प्रदेश में 1.5 लाख से अधिक मदरसा शिक्षक प्रभावित हो सकते हैं।

**संजय सक्सेना,लखनऊ**

# महिला आरक्षण बिल के सहारे मुस्लिम सियासत चमकाती सपा

समाजवादी पार्टी द्वारा महिला आरक्षण संशोधन बिल पर बहस के दौरान मुस्लिम महिलाओं को अलग से आरक्षण देने की मांग ने लोकसभा में हंगामा मचा दिया। यह मुद्दा न केवल संसदीय बहस को तीखा बना दिया, बल्कि भाजपा और सपा के बीच राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप की नई जंग भी छेड़ दी। सपा नेता ने सदन में कहा कि मुस्लिम महिलाओं को अलग से आरक्षण देकर उन्हें सशक्त बनाया जाना चाहिए, क्योंकि सामान्य आरक्षण में उनकी हिस्सेदारी कम है। इस बयान पर भाजपा ने तीखा विरोध जताते हुए कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण देना संविधान के खिलाफ है। लोकसभा में भाजपा के प्रवक्ताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सपा मुस्लिम वोटों को लुभाने के लिए सदन को कम्युनल रंग देने की कोशिश कर रही है। यह घटना 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों की पृष्ठभूमि में और भी महत्वपूर्ण हो जाती है, जहां सपा मुस्लिम मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने की रणनीति अपना रही है। लोकसभा में हुई इस बहस ने दोनों दलों के नेताओं के बयानों को राजनीतिक चश्मे से परखने का मौका दिया है। सपा के इस कदम से भाजपा ने सपा को मुस्लिम तुष्टीकरण का दोषी ठहराया, जबकि सपा ने इसे महिलाओं के सशक्तिकरण का मुद्दा बताया। इस बहस के दौरान सपा नेता अखिलेश यादव के करीबी सहयोगी ने कहा, मुस्लिम महिलाएं पिछड़ी हुई हैं, उन्हें अलग कोटा मिलना चाहिए ताकि वे समाज में आगे बढ़ सकें। भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्री ने जवाब दिया, धर्म के नाम पर आरक्षण की मांग संविधान की आत्मा को चोट पहुंचाती है। सपा वोट बैंक की राजनीति कर रही है। सपा का यह बयान मात्र एक विधायी प्रस्ताव नहीं, बल्कि एक सोची-समझी चुनावी चाल है।

उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं, सपा इस मुद्दे को उठाकर इन वोटों को एकजुट करने की कोशिश में लगी है। भाजपा का विरोध उतना ही तीखा है, क्योंकि वह इसे हिंदू-मुस्लिम विभाजन की कोशिश मान रही है। लोकसभा में बहस के दौरान सपा सांसद ने तर्क दिया कि ओबीसी और अनुसूचित जाति महिलाओं को आरक्षण मिल रहा है, तो मुस्लिम महिलाओं को क्यों नहीं। भाजपा ने इसका खंडन करते हुए कहा कि मुस्लिम समुदाय में कई उपजातियां ओबीसी में आती हैं, अतिरिक्त धर्म आधारित आरक्षण असंवैधानिक है। इस बयानबाजी ने सदन को दो धड़ों में बांट दिया। वहीं गृह मंत्री अमित शाह ने कहा यदि समाजवादी पार्टी चाहे तो वह अपनी पार्टी में सभी मुस्लिम महिलाओं को टिकट दे सकती है। बहरहाल, सपा का यह रुख 2027 चुनावों की तैयारी का हिस्सा लगता है, जहां पिछले चुनावों में मुस्लिम वोटों का बड़ा हिस्सा पश्चिमी यूपी में बिखर गया था। अब सपा मुस्लिम महिलाओं के नाम पर एक नया ध्रुवीकरण पैदा करना चाहती है। भाजपा नेता ने सदन में कहा, सपा का यह प्रस्ताव मुसलमानों को अलग-थलग करने की साजिश है, हम इसे कभी सफल नहीं होने देंगे। इस बयान से साफ है कि भाजपा इसे अपनी हिंदुत्व विचारधारा से जोड़कर देख रही है। सपा के बयान में भावुक अपील है, जो मुस्लिम महिलाओं की कथित उपेक्षा पर केंद्रित है। उन्होंने आंकड़े पेश किए कि मुस्लिम महिलाओं का प्रतिनिधित्व विधायिकाओं में नगण्य है। लेकिन भाजपा ने इन आंकड़ों को चुनौती देते हुए कहा कि आरक्षण जाति और आर्थिक आधार पर होता है, न कि धर्म पर। सपा का यह कदम समाजवादी विचारधारा से भटकाव का संकेत देता है, क्योंकि मुलायम सिंह यादव के समय सपा सभी पिछड़ों के लिए लड़ती थी, अब यह मुस्लिमों पर केंद्रित हो गई है। भाजपा ने सदन में सपा को याद दिलाया कि 2019 लोकसभा चुनावों में सपा-बसपा गठबंधन मुस्लिम वोटों के बावजूद हार गया, अब फिर वही गलती दोहरा रही है। लोकसभा में हुई बहस के दौरान सपा महिला सांसद ने भावुक होकर कहा, मुस्लिम बहनों को बराबरी का हक दो। भाजपा ने तत्काल प्रतिक्रिया दी, सभी महिलाओं को बराबरी का हक है, धर्म अलग क्यों? इन बयानों से सपा की मंशा साफ झलकती है कि वह मुस्लिम महिलाओं को एक वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर रही है।

यूपी विधानसभा की 403 सीटों पर मुस्लिम मतदाता करीब 18 प्रतिशत हैं, जिनमें महिलाओं की संख्या बढ़ रही है। सपा इस वर्ग को लुभाने के लिए विधानसभा चुनाव से पहले संसदीय मंच का उपयोग कर रही है। भाजपा का विरोध भी इसी कारण तीखा है, क्योंकि वह हिंदू मतदाताओं को एकजुट रखना चाहती है। सदन में भाजपा सांसद ने कहा, सपा का यह बिल पास हुआ तो देश में धर्म आधारित विभाजन हो जाएगा। सपा ने जवाब दिया, यह सशक्तिकरण है, विभाजन नहीं। वहीं राजनीति के जानकार कहते हैं कि सपा के बयान में तथ्यों की कमी है, क्योंकि मुस्लिम महिलाओं में पसमांदा मुस्लिम ओबीसी में आते हैं और उन्हें पहले से लाभ मिल रहा है। भाजपा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला दिया कि धर्म आधारित आरक्षण नहीं चल सकता। यह बहस लोकसभा की कार्यवाही को बाधित करने वाली बनी, जहां दोनों पक्ष करीब दो घंटे तक एक-दूसरे पर चिल्लाते रहे। सपा नेता ने बाहर आकर कहा, भाजपा संकीर्ण सोच वाली है, हम मुस्लिम महिलाओं के हक के लिए लड़ेंगे। भाजपा ने इसे खारिज करते हुए कहा, सपा चुनावी स्टंट कर रही है। इस पूरे घटनाक्रम से साफ है कि सपा 2027 में मुस्लिम वोट ध्रुवीकरण की रणनीति पर चल रही है। पिछले विधानसभा चुनावों में सपा को मुस्लिम वोटों में 40 प्रतिशत से कम मिले थे, अब वह महिलाओं के मुद्दे से इसे सुधारना चाहती है। भाजपा इसे कम्युनल करार देकर अपने हिंदू वोट बैंक को मजबूत कर रही है। लोकसभा स्पीकर को कई बार सदन स्थगित करना पड़ा। सपा के इस बयान ने विपक्षी दलों को भी असहज कर दिया, क्योंकि बसपा और अन्य दल इसे अपनी विचारधारा से अलग मानते हैं। भाजपा ने इसे मौके का फायदा उठाया और सोशल मीडिया पर सपा को निशाना बनाया। विश्लेषण करने पर सपा के बयानों में चुनावी लाभ की गंध आती है, जबकि भाजपा के बयान संवैधानिकता पर आधारित हैं।

सदन में सपा ने प्रस्ताव पेश किया कि बिल में मुस्लिम महिलाओं के लिए 5 प्रतिशत अलग कोटा हो। भाजपा ने इसे फाड़ दिया और बोली, ह्लयह देश को बांटने वाला है ह्व इस नाटकीय घटना ने मीडिया को हेडलाइंस दे दीं। सपा का यह कदम मुलायम सिंह की विरासत से अलग है, क्योंकि उन्होंने कभी धर्म आधारित मांग नहीं की। अखिलेश यादव अब नई पीढ़ी की राजनीति कर रहे हैं, जहां वोट बैंक का ध्रुवीकरण मुख्य हथियार है। भाजपा महिला मोर्चा ने सपा पर हमला बोला कि वह हिंदू महिलाओं की उपेक्षा कर रही है। इस बहस ने राष्ट्रीय महिला आरक्षण बिल को भी प्रभावित किया, जो अभी अधर में लटका है। सपा चाहती है कि बिल में मुस्लिम महिलाओं का अलग प्रावधान हो, ताकि यूपी चुनावों में प्रचार किया जा सके। भाजपा ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस मुद्दे को उठाया और सपा को घेरने की योजना बनाई। विश्लेषण से स्पष्ट है कि सपा के बयान भावनात्मक हैं, जबकि भाजपा तर्कपूर्ण। सदन में सपा सांसद ने कहा, मुस्लिम महिलाएं दबाव में हैं, उन्हें आरक्षण दो। भाजपा ने कहा, सभी महिलाएं समान हैं। यह टकराव 2027 चुनावों का पूर्वाभास देता है। यूपी में सपा की रणनीति मुस्लिम बहुल सीटों पर केंद्रित है, जैसे सहारनपुर, मुरादाबाद। भाजपा इसे रोकने के लिए हिंदू एकता पर जोर दे रही है। इस बहस ने राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया है। सपा को लगता है कि मुस्लिम महिलाएं नया वोट बैंक बनेंगी, क्योंकि ट्रिपल तलाक जैसे मुद्दों पर वे सक्रिय हुई हैं। भाजपा ने इन्हें भाजपा की नीतियों का श्रेय दिया। लोकसभा रिकॉर्ड में ये बयान दर्ज हो चुके हैं, जो भविष्य में अदालतों में इस्तेमाल हो सकते हैं। सपा का यह दांव उल्टा पड़ सकता है, क्योंकि मुस्लिम समुदाय खुद धर्म आधारित आरक्षण के खिलाफ है। भाजपा ने सर्वे कराए हैं कि यूपी के मुस्लिम विकास चाहते हैं, न कि अलगाव। इस प्रकार, सपा की मांग असफल साबित हो सकती है। फिर भी, यह बहस ने राजनीतिक माहौल गरमा दिया है। भाजपा नेता ने कहा, सपा का मुस्लिम तुष्टीकरण बंद हो। सपा ने जवाब दिया, यह न्याय है। इन बयानों का गहरा विश्लेषण दशार्ता है कि सपा चुनावी लाभ के लिए संविधान से खिलवाड़ कर रही है, जबकि भाजपा राष्ट्रीय एकता की रक्षा कर रही है। कुल मिलाकर, यह घटना यूपी राजनीति का नया अध्याय है।



**अजय कुमार**

# उत्पत्ति स्थान से खिलवाड़...?

खामोश थीं दीवारें, पर 'दर्द' चीख रहा था,
ये इंसान ही इंसान को नीचे गिरा रहा था।

क्यों? स्त्री जननांग से 'कुत्सित' खिलवाड़,
उत्पत्ति स्थान, यौन हिंसा की लें रहें आड़।

जिसे अपना माना था, वही 'जख्म' दे गया,
विश्वास की नींव एक पल में ही तोड़ गया।

आँखों में थे खूब सवाल पर होंठ सिल गए,
दर्द के अंधेरे में सारे सपने खाक मिल गए।

हर रात के बाद एक सुहानी सुबह आती है,
जो टूटी हुई हिम्मत फिर रोशनी जगाती है।

खामोशी नहीं, बुलन्द आवाज उठानी होगी,
अब अन्याय के खिलाफ जंग लड़नी होगी।

हर एक आँसू का हिसाब तो होगा एक दिन,
सत्य, हिम्मत से ही मिलेगा 'न्याय' एक दिन।

(संदर्भ - लुधियाना में पति की हैवानियत, कैमरे में दरिंदगी कैद)

**संजय एम तराणेकर**

# डोनाल्ड ट्रंप अनिश्चित और अप्रत्याशित राजनेता । अनिश्चित परिणामों से भरी ट्रंप के साथ वैश्विक देशों की कूटनीति।

डोनाल्ड ट्रंप का राजनीतिक करियर जितना प्रभावशाली रहा है, उतना ही विवादों और विरोधाभासों से घिरा हुआ भी रहा है, विशेषकर उनके कार्यकाल (2017-2021) के दौरान और वैश्विक तनावों के संदर्भ में उनके बयानों ने बार-बार यह संकेत दिया कि उनकी नीति और वक्तव्य अक्सर एक-दूसरे के विपरीत दिशा में चलते दिखाई देते हैं, ट्रंप ने सत्ता संभालते ही अमेरिका पहले की नीति को प्राथमिकता दी, जिसका अर्थ था कि अमेरिका अपने हितों को सर्वोपरि रखेगा, इसी नीति के तहत उन्होंने ईरान न्यूक्लियर डील से 2018 में अमेरिका को अलग कर लिया, जबकि यह समझौता ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नियंत्रित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण माना जाता था।इस फैसले के बाद अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया और ट्रंप ने एक ओर कहा कि वे युद्ध नहीं चाहते, वहीं दूसरी ओर उनके सैन्य फैसले इस दिशा में बढ़ते दिखे, यही विरोधाभास उनकी विदेश नीति की सबसे बड़ी पहचान बन गया, उत्तर कोरिया के संदर्भ में भी उनका रवैया इसी प्रकार का रहा, उन्होंने पहले किम जोंग-उन को लिटिल रॉकेट मैन बोल कर धमकाया, फिर अचानक शांति वार्ता शुरू कर दी और 2018 में सिंगापुर शिखर सम्मेलन में ऐतिहासिक मुलाकात की, हालांकि इस कूटनीतिक पहल से कोई ठोस परिणाम नहीं निकला, लेकिन उनके बयान लगातार बदलते रहे, कभी वे युद्ध की चेतावनी देते तो कभी दोस्ती की बात करते, इसी तरह चिंता साथ उनका व्यापार युद्ध भी उनके बयानों का केंद्र रहा, उन्होंने चीन पर अनुचित व्यापारिक प्रथाओं का आरोप लगाते हुए भारी टैरिफ लगाए, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई, वहीं दूसरी ओर वे कई बार शी जीन पिंग की प्रशंसा करते नजर आए,



यह आदत उनकी नेतृत्व शैली का स्थायी तत्व बन गया, सिरियन सिविल वॉर के दौरान भी ट्रंप ने पहले अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने की घोषणा की, फिर अचानक सैन्य कार्रवाई का आदेश दिया, 2017 और 2018 में उन्होंने सीरिया पर मिसाइल हमले किए, जबकि उन्होंने अपने चुनाव प्रचार में अमेरिका को अंतहीन युद्धों।से बाहर निकालने का वादा किया था। अफगानिस्तान में भी उन्होंने तालिबान के साथ वार्ता शुरू की, लेकिन कई बार अपने ही फैसलों से पीछे हटते दिखाई दिए, इन सबके बीच उनकी बयानबाजी ने वैश्विक मंच पर असमंजस की स्थिति पैदा की, ट्रंप के वक्तव्यों की एक विशेषता यह रही कि वे अक्सर सोशल मीडिया, विशेषकर ट्विटर के माध्यम से अचानक और बिना कूटनीतिक भाषा के अपनी बात रखते थे, जिससे कई बार अंतरराष्ट्रीय संबंधों में तनाव और बढ़ जाता था, उदाहरण के तौर पर उन्होंने ईरान को फायर एंड फ्यूरी जैसी चेतावनी दी, वहीं कुछ ही समय बाद वार्ता की इच्छा भी जताई, यही तर्ज में रूस के संदर्भ में भी दिखाई दी, जहां उन्होंने पुतिन साथ अपने संबंधों को सकारात्मक बताया, लेकिन अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्टों में रूस को खतरा बताया गया, इस विरोधाभास ने अमेरिकी राजनीति में भी गहरी बहस को जन्म दिया, कुल मिलाकर ट्रंप का कार्यकाल यह दशार्ता है कि उनकी विदेश नीति और युद्ध से जुड़े बयान अक्सर रणनीतिक स्पष्टता के बजाय व्यक्तिगत शैली और तात्कालिक प्रतिक्रिया पर आधारित थे। एक ओर वे खुद को शांति का समर्थक बताते रहे और नोबेल शांति पुरस्कार पाने की इच्छा भी जताते रहे, वहीं दूसरी ओर उनके कई फैसलों ने वैश्विक तनाव को बढ़ाया, यही कारण है कि उनके आलोचक उन्हें अनिश्चित और अप्रत्याशित नेता मानते हैं, जबकि समर्थक इसे उनकी अलग सोच और निर्भीक नेतृत्व का प्रतीक बताते हैं, लेकिन यह निर्विवाद है कि उनके बयानों और निर्णयों ने विश्व राजनीति में एक नई तरह की अनिश्चितता और अस्थिरता को जन्म दिया, जो आज भी वैश्विक कूटनीति में महसूस की जाती है

**संजीव ठाकुर**



# लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी का भविष्य

भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र माना जाता है, लेकिन प्रतिनिधित्व के स्तर पर यह लंबे समय तक आधा अधूरा रहा है क्योंकि जनसंख्या का लगभग आधा हिस्सा होने के बावजूद महिलाएं राजनीतिक संस्थाओं में पर्याप्त रूप से शामिल नहीं हो पाई हैं। इसी ऐतिहासिक असंतुलन को दूर करने के उद्देश्य से 2023 में पारित संविधान का 106वां संशोधन अधिनियम, जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम कहा जाता है, एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सामने आया। यह अधिनियम लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान करता है, जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए भी उप आरक्षण शामिल है।

यह कानून लगभग 27 वर्षों से चल रही बहस और राजनीतिक प्रयासों का परिणाम है। 19 सितंबर 2023 को इसे लोकसभा में प्रस्तुत किया गया और 20 तथा 21 सितंबर को दोनों सदनों से पारित कर दिया गया। 28 सितंबर 2023 को राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद यह संविधान का हिस्सा बन गया। यह घटना न केवल विधायी दृष्टि से महत्वपूर्ण थी, बल्कि यह इस बात का संकेत भी थी कि भारतीय राजनीति अब महिलाओं की भागीदारी को एक संरचनात्मक आवश्यकता के रूप में स्वीकार कर रही है।

हालांकि इस अधिनियम का उद्देश्य स्पष्ट है, लेकिन इसकी वास्तविकता को समझने के लिए वर्तमान स्थिति पर नजर डालना जरूरी है। आज लोकसभा की 543 सीटों में से केवल 74 सीटों पर महिलाएं हैं, जो लगभग 13.6 प्रतिशत है। यह संख्या 2019 के 78 से थोड़ी कम है। वहीं देशभर में कुल 4666 सांसदों और विधायकों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 10 प्रतिशत के आसपास है। 2024 के लोकसभा चुनाव में कुल 8360 उम्मीदवारों में केवल 797 महिलाएं थीं, यानी लगभग 9.6 प्रतिशत, और लगभग 28 प्रतिशत सीटों पर कोई महिला प्रत्याशी ही नहीं था। यह आंकड़े इस बात को स्पष्ट करते हैं कि महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी अभी भी संरचनात्मक बाधाओं से घिरी हुई है।

इसके विपरीत यदि पंचायती राज संस्थाओं को देखा जाए तो तस्वीर बिल्कुल अलग दिखाई देती है। यहां महिलाओं की भागीदारी लगभग 46.6 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है और कई राज्यों में यह 50 प्रतिशत से भी अधिक है। उत्तराखंड लगभग 56 प्रतिशत के साथ अग्रणी है, जबकि आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ भी इस दिशा में उल्लेखनीय हैं। यह अनुभव इस बात का प्रमाण है कि जब आरक्षण को सही तरीके से लागू किया जाता है तो महिलाएं न केवल प्रतिनिधित्व प्राप्त करती हैं बल्कि प्रभावी नेतृत्व भी प्रस्तुत करती हैं।

ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो 1957 में लोकसभा में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 5.46 प्रतिशत थी, जो धीरे धीरे बढ़कर 2024 में 13.6 प्रतिशत तक पहुंची है। यह वृद्धि महत्वपूर्ण जरूर है, लेकिन इसे पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। वैश्विक तुलना में भी भारत पीछे है। रवांडा में संसद में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 64 प्रतिशत है, क्यूबा में 53 प्रतिशत, निकारागुआ में 52 प्रतिशत और संयुक्त अरब अमीरात में 50 प्रतिशत। इस परिप्रेक्ष्य में भारत का आंकड़ा अपेक्षाकृत कम है, जो यह दशार्ता है कि केवल लोकतांत्रिक ढांचा पर्याप्त नहीं है, बल्कि समावेशी नीतियों की भी आवश्यकता होती है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम इस कमी को दूर करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है, लेकिन इसके कार्यान्वयन से जुड़ी शर्तें इसे जटिल बना देती हैं। अधिनियम में जोड़ा गया अनुच्छेद 334अ यह स्पष्ट करता है कि महिलाओं के लिए आरक्षण तब तक लागू नहीं होगा जब तक अगली जनगणना के आंकड़े प्रकाशित नहीं हो जाते और उसके बाद परिसीमन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती। इस्का अर्थ यह है कि कानून पारित होने के बावजूद इसका प्रभाव तुरंत नहीं दिखेगा।

यही बिंदु इस अधिनियम की सबसे बड़ी आलोचना का कारण भी बना हुआ है। 2021 की जनगणना पहले ही टल चुकी है और अब यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि नई जनगणना 2026 के बाद होगी। इसके बाद परिसीमन की प्रक्रिया भी समय लेगी, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि महिलाओं का आरक्षण 2029 या उससे भी बाद के चुनावों में लागू हो सकता है। इस देरी को कई विशेषज्ञ न्याय में विलंब के रूप में देखते हैं।

हालांकि सरकार और कुछ संवैधानिक विशेषज्ञों का तर्क है कि बिना अद्यतन जनसंख्या आंकड़ों के सीटों का पुनर्वितरण करना उचित नहीं होगा। संविधान के अनुसार परिसीमन एक आवश्यक प्रक्रिया है ताकि प्रतिनिधित्व समान और संतुलित रहे। यदि पुराने आंकड़ों के आधार पर आरक्षण लागू किया जाता है तो भविष्य में इसे न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है। इस प्रकार यह बहस केवल राजनीतिक नहीं बल्कि संवैधानिक भी है।

इस अधिनियम के साथ एक और महत्वपूर्ण मुद्दा जुड़ा हुआ है, वह है संघीय संतुलन। परिसीमन की प्रक्रिया जनसंख्या के आधार पर सीटों का पुनर्वितरण करती है, जिससे उत्तर और दक्षिण भारत के बीच प्रतिनिधित्व का अनुपात बदल सकता है। दक्षिणी राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया है, इसलिए उन्हें यह आशंका है कि उनकी सीटें घट सकती हैं जबकि उत्तर भारत की सीटें बढ़ सकती हैं। यह स्थिति राजनीतिक तनाव को जन्म दे सकती है और संघीय ढांचे को चुनौती दे सकती है।

सामाजिक न्याय के दृष्टिकोण से भी यह अधिनियम पूरी तरह निर्विवाद नहीं है। इसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए उप आरक्षण का प्रावधान है, लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए अलग से कोई व्यवस्था नहीं की गई है। कई राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन इसे अधूरा कदम मानते हैं और डइउ महिलाओं के लिए भी आरक्षण की मांग करते हैं। यह मुद्दा भविष्य में राजनीतिक बहस का केंद्र बन सकता है।

इसके अतिरिक्त यह अधिनियम केवल लोकसभा और राज्य विधानसभाओं तक सीमित है। राज्यसभा और विधान परिषद जैसे उच्च सदनों में महिलाओं के लिए कोई आरक्षण नहीं है। इससे यह प्रश्न उठता है कि क्या यह सुधार वास्तव में व्यापक है या केवल आंशिक।

व्यावहारिक स्तर पर भी कई चुनौतियां मौजूद हैं। राजनीतिक दलों के भीतर महिलाओं को टिकट देने की प्रवृत्ति अभी भी सीमित है। चुनावी फंडिंग, संगठनात्मक समर्थन और नेतृत्व प्रशिक्षण जैसी व्यवस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी कम है। पंचायत स्तर पर देखे गए प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व के उदाहरण, जहां निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की जगह उनके परिजन निर्णय लेते हैं, यह भी एक संभावित खतरा है।

फिर भी इस अधिनियम के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। यह भारतीय लोकतंत्र में एक संरचनात्मक परिवर्तन की दिशा में कदम है। पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया है कि अवसर मिलने पर महिलाएं प्रभावी नेतृत्व कर सकती हैं और नीति निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। यह अधिनियम उस अनुभव को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने का प्रयास है।

इस प्रकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐसा कानून है जो सिद्धांत रूप में अत्यंत प्रगतिशील है, लेकिन व्यवहार में कई जटिलताओं से घिरा हुआ है। यह महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, परंतु इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि इसे कितनी शीघ्रता और प्रभावशीलता के साथ लागू किया जाता है। यदि जनगणना और परिसीमन की प्रक्रियाओं को समय पर पूरा कर लिया जाता है और राजनीतिक इच्छाशक्ति बनी रहती है, तो यह अधिनियम भारत के लोकतंत्र को अधिक समावेशी और संतुलित बना सकता है। अन्यथा यह केवल एक अधूरी संभावना बनकर रह सकता है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# नोएडा हिंसा में निकला पाकिस्तान कनेक्शन, गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नर ने किया खुलासा

## पाकिस्तान से दो एक्स हैंडल लगातार कर रहे थे फर्जी ट्वीट: लक्ष्मी सिंह

**दो दिन से नोएडा में शांतिपूर्ण माहौल, खुशी से काम पर लौटे श्रमिक**

**पुलिस ने की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील**





नोएडा, 16 अप्रैल: उत्तर प्रदेश के नोएडा में श्रमिक आंदोलन के बीच कुछ अवांछनीय तत्व पाकिस्तानी एजेंडा पूरा कर रहे थे। श्रमिकों के विरोध को हाईजैक करने के लिए दो सोशल मीडिया अकाउंट लगातार पाकिस्तान से सक्रिय थे, जिससे 13 अप्रैल को भड़का बवाल हिंसा में बदल गया। गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने नोएडा हिंसा के पीछे पाकिस्तानी कनेक्शन का बड़ा खुलासा किया है। पुलिस को इसके साक्ष्य भी मिले हैं।

लक्ष्मी सिंह ने बताया कि पिछले दो दिनों से नोएडा में शांति है। पुलिस ने शांति व्यवस्था बहाल करने फ्लैग-मार्च निकाला। नोएडा क्षेत्र की सभी इंडस्ट्रियल यूनिटों में एक से तीन शिफ्टों में श्रमिकों से शांतिपूर्वक काम किया गया।

### पाकिस्तान से रची नोएडा हिंसा की साजिश

लक्ष्मी सिंह ने बताया कि 13 अप्रैल को भीड़ ने बवाल किया था और पुलिस ने उसको नियंत्रित किया। हालांकि दोपहर में बवाल शांत होने के बाद दो सोशल मीडिया हैंडल के जरिए झूठा नरेटिव फैलाने की कोशिश की गई। पुलिस की फायरिंग में मजदूरों की मौत का भ्रम भी फैलाया गया। मामले को ट्वीट के जरिए वायरल कराया गया। इसके बाद वापस लौट रहे श्रमिक भड़क उठे थे। इन दो एक्स हैंडल के खिलाफ थाना सेक्टर 20 में मुकदमे लिखे गए।

विवेचना के दौरान एक्स से गुरूवार को मिली डिटेल में सामने आया कि ये दोनों हैंडल लगातार पाकिस्तान से संचालित किए जा रहे थे। इनकी इंटरनेट कनेक्टिविटी और आईपी एड्रेस पाकिस्तान के हैं। ये हैंडल वीपीएन का भी उपयोग कर रहे थे। मामले की जांच जारी है।

## नोएडा में खुशी से काम पर लौटे श्रमिक

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हाई लेवल केमिटी की सिफरिश को स्वीकर करते हुए, सभी श्रमिकों के न्यूनतम वेतनमान में जो वृद्धि की गई थी, इससे संतोष की भावना देखी गई है। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा श्रमिकों की भावनाओं और मांगों को देखते हुए एक वेज बोर्ड का गठन किया गया था, जिसकी सूचना सभी श्रमिकों को दे दी गई है। श्रमिक इस फैसले के बाद खुशी से काम पर लौट आए हैं।

### श्रमिकों से पुलिस कमिश्नर की अपील

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने गौतमबुद्धनगर के श्रमिकों समेत आम लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि किसी के भी उकसावे में न आए। अफवाहों पर ध्यान न दें, ऐसी किसी भी घटना को पुलिस के संज्ञान में लाए। गौमतबुद्ध नगर शांतिप्रिय जिला रहा है, यहां उद्योग-धंधों के साथ आम जनजीवन भी सामान्य रहा है। इसे बरकरार रखने में पुलिस का सहयोग करें।







## रोशनी की नई राह: पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर मजबूत कदम

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

गौतमबुद्धनगर, 16 अप्रैल 2026: प्रदेश में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण द्वारा केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्यघर: मुफ्त बिजली योजना को तेजी से लागू किया जा रहा है। प्रभारी परियोजना अधिकारी यूपीनेडा गौतमबुद्धनगर लवेश कुमार सिसोदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत प्रदेश के एक करोड़ घरों की छतों पर सोलर पैनल स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके माध्यम से प्रत्येक परिवार को प्रतिमाह 300 यूनिट तक निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जाएगी।

**सब्सिडी का लाभ**

योजना के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा निम्नानुसार अनुदान दिया जा रहा है–
1 किलोवाट तक: ₹45,000 तक
2 किलोवाट तक: ₹90,000 तक
3 से 10 किलोवाट तक: ₹1,08,000 तक

### आसान आवेदन प्रक्रिया

इच्छुक लाभार्थी योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए पहले पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा, इसके बाद आवेदन पत्र भरकर संबंधित विद्युत वितरण निगम (DISCOM) से अनुमोदन लेना होगा। अनुमोदन के बाद सोलर पैनल स्थापित कर नेट मीटरिंग और बैंक विवरण अपलोड करना होगा।

### बिना गारंटी ऋण सुविधा

योजना के तहत 3 किलोवाट तक की क्षमता के लिए लगभग 7% वार्षिक ब्याज दर पर बिना किसी गारंटी (Collateral-Free) ऋण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

**पात्रता और आवश्यक दस्तावेज**

योजना का लाभ उठाने के लिए–
आवेदक का भारतीय नागरिक होना अनिवार्य है
स्वयं का छतयुक्त मकान होना चाहिए
वैध बिजली कनेक्शन होना चाहिए
पहले किसी सोलर सब्सिडी योजना का लाभ न लिया हो

*आवेदन के लिए आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, बिजली बिल, मोबाइल नंबर और बैंक पासबुक या रद्द चेक आवश्यक होंगे।*

### अतिरिक्त आय का भी अवसर

इस योजना के तहत उपभोक्ता अतिरिक्त बिजली उत्पादन कर उसे ग्रिड को बेच भी सकते हैं, जिससे आय का एक नया स्रोत विकसित होगा।

### संपर्क के लिए

योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति कार्यदिवस में परियोजना अधिकारी, यूपीनेडा, कक्ष संख्या-111, विकास भवन, सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर में संपर्क कर सकते हैं। (सौजन्य: सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

## हत्या की घटना का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार: नोएडा पुलिस की बड़ी कार्रवाई




नोएडा, 16 अप्रैल 2026: पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के अंतर्गत थाना सेक्टर-113 नोएडा पुलिस ने एक हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक चाकू और मृतका का मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित जांच की गई, जिसके बाद आरोपी तक पहुंचने में सफलता मिली। घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच जारी है और पुलिस टीम आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर नोएडा में भव्य टाउन हॉल कार्यक्रम, महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा, 16 अप्रैल 2026: केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व और भाजपा जिला अध्यक्ष महेश चौहान की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर द्वारा 'नारी शक्ति वंदन टाउन हॉल' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष बिमला बॉथम, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं जिला प्रभारी कांता कर्दम तथा पूर्व महिला आयोग उपाध्यक्ष सुषमा सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।




### "नारी शक्ति वंदन अधिनियम ऐतिहासिक कदम"

अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि वर्षों से लंबित इस मांग को पूरा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की आधी आबादी को उनका अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह केवल 33% आरक्षण का विषय नहीं, बल्कि महिलाओं को नेतृत्व और निर्णय क्षमता में अग्रणी भूमिका देने का संकल्प है। "सशक्त नारी, सशक्त भारत" के लक्ष्य को यह अधिनियम नई दिशा देगा।

क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिम भाजपा सतेंद्र सिसोदिया ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण को केवल नारों तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि इसे जमीन पर लागू किया गया है। उन्होंने उज्ज्वला योजना, स्वयं सहायता समूह, मातृत्व लाभ जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सभी प्रयास महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहे हैं।

पूर्व राज्यसभा सांसद कांता कर्दम ने कहा कि यह अधिनियम भाजपा की महिलाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और अब राजनीति में भी उन्हें समान अवसर मिलेगा।

जिला अध्यक्ष महेश चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यकताओं से अपील की कि वे इस ऐतिहासिक अधिनियम को जन-जन तक पहुंचाएं।

## दो पहिया वाहन और घरों में चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश, 3 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा, 16 अप्रैल 2026: थाना सेक्टर-20 नोएडा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो पहिया वाहन चोरी और बंद घरों में सेंधमारी करने वाले एक गिरोह के तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में रवि पुत्र मुंशीलाल, मोनू उर्फ विशाल उर्फ संजय उर्फ बंदर पुत्र हंसराज तथा इमरान पुत्र सलीम शामिल हैं। पुलिस ने इन्हें सेक्टर-26 नोएडा क्षेत्र से दबोचा।

### चोरी की वारदात का तरीका

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि पहले वे मोटरसाइकिल चोरी करते थे और उन्हीं वाहनों का इस्तेमाल बंद मकानों की रेकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देने में करते थे। उन्होंने बताया कि अधिकांश मोटरसाइकिलें दिल्ली के अलग-अलग क्षेत्रों से चोरी की गई थीं।

### बरामदगी और मुकदमा दर्ज

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार मोटरसाइकिल, आधार कार्ड, एक एटीएम कार्ड तथा ₹5,030 नकद बरामद किए हैं। यह राशि कथित तौर पर चोरी के बाद सामान बेचकर प्राप्त की गई थी।
बरामदगी के आधार पर धारा 317(5) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### आरोपियों का आपराधिक इतिहास

पुलिस के अनुसार, तीनों अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं और इनके खिलाफ विभिन्न थानों में दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में एक आरोपी गाजियाबाद, जबकि दो दिल्ली के कल्याणपुरी क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। पुलिस मामले की आगे गहन जांच कर रही है।

# नोएडा पंजाबी समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया वैशाखी उत्सव

**समाज जागरण**

नोएडा, 16 अप्रैल 2026: सेक्टर-51 स्थित वेडिंग विला में नोएडा पंजाबी समाज द्वारा वैशाखी पर्व के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के सदस्यों एवं आमजन को पंजाबी संस्कृति, परंपरा और भाईचारे की भावना से जोड़ना रहा।

कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ भांगड़ा, गिद्धा, लाइव म्यूजिक और पारंपरिक पंजाबी व्यंजनों ने सभी का मन मोह लिया। पूरे आयोजन स्थल पर उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।



### वैशाखी एकता और समृद्धि का प्रतीक

राजीव अजमानी ने कहा कि वैशाखी केवल एक पर्व नहीं बल्कि खुशहाली, समृद्धि और एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी सौहार्द और सांस्कृतिक जुड़ाव को मजबूत करते हैं।
महासचिव रणधीर सिंह ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा, जिससे नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ा जा सके।

### समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति

कार्यक्रम का संचालन भी रणधीर सिंह द्वारा किया गया, जबकि आभार कोषाध्यक्ष नीरू शर्मा ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर संरक्षक, उपाध्यक्ष, सचिव एवं समाज के अनेक वरिष्ठ सदस्य, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और वैशाखी पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम ने न केवल सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश भी दिया।

## हथियारों के प्रदर्शन वाले वायरल वीडियो मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार, तीन फरार पर लुकआउट नोटिस

लखनऊ/बिजनौर, 16 अप्रैल 2026: उत्तर प्रदेश पुलिस ने सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन से जुड़े वायरल वीडियो मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक और वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है।



पुलिस के अनुसार यह मामला थाना नांगल, जनपद बिजनौर में दर्ज अभियोग से संबंधित है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान समीर उर्फ रूहान के रूप में हुई है।

### पहले ही दो आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने बताया कि इस मामले में इससे पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### तीन फरार आरोपियों पर लुकआउट नोटिस

जांच में सामने आया है कि इस प्रकरण में तीन अन्य आरोपी विदेश में फरार हैं, जिनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है।

### सोशल मीडिया पर हथियार प्रदर्शन पर सख्ती

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन या आपराधिक माहौल को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। अपर पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश ने इस कार्रवाई को लेकर विस्तृत जानकारी भी साझा की।

# सर्वोदय विद्यालयों का यूपी में बढ़ा क्रेज, 10,790 सीटों के लिए 68 हजार से अधिक आवेदन

*योगी सरकार में शिक्षा व्यवस्था को मिल रही मजबूती का असर दिख रहा स्पष्ट प्रदेश के सर्वोदय विद्यालय बने बच्चों और अभिभावकों की पहली पसंद*

लखनऊ, 16 अप्रैल। योगी सरकार में सरकारी स्कूलों की तस्वीर तेजी से बदल रही है और इसका असर साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। कभी कमजोर विकल्प माने जाने वाले सर्वोदय विद्यालय आज छात्रों और अभिभावकों की पहली पसंद बने हैं। सत्र 2026-27 के लिए इन विद्यालयों में प्रवेश को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला है। 10,790 सीटों के लिए 68 हजार से अधिक आवेदन आना इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में भरोसा मजबूत हुआ है। गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई, बेहतर आवासीय सुविधाएं और अनुशासित माहौल ने इन स्कूलों को खास बना दिया है। ग्रामीण ही नहीं, शहरी क्षेत्र के अभिभावक भी अपने बच्चों के लिए सर्वोदय विद्यालयों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

### 68,780 छात्र-छात्राओं ने किया आवेदन

गौरतलब है कि, यूपी में 103 सर्वोदय विद्यालय संचालित हैं, इसमें 70 बालकों और 33 बालिकाओं के लिए हैं जहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित माहौल और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यही वजह है कि ये विद्यालय छात्रों और अभिभावकों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। योगी सरकार में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सर्वोदय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए रिकॉर्ड आवेदन प्राप्त हुए हैं। 10,790 सीटों के लिए 68,780 छात्रों ने आवेदन किया है, जो सीटों से लगभग 7 गुना अधिक है। यह आंकड़ा प्रदेश योगी सरकार में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सुधारों और अभिभावकों के बढ़ते विश्वास को दशार्ता है।




### 7452 सीटें बालक वर्ग, 3,338 सीटें बालिकाओं के लिए निर्धारित

बालकों के लिए कक्षा- 6 में 4661, कक्षा-7 में 920, कक्षा- 8 में 924 और कक्षा-9 में 947 सीटें उपलब्ध हैं। इस प्रकार कुल 7452 सीटें बालक वर्ग के लिए निर्धारित हैं। इसी प्रकार बालिकाओं के लिए कक्षा- 6 में 2310, कक्षा- 7 में 294, कक्षा- 8 में 358 और कक्षा- 9 में 376 सीटें हैं। कुल मिलाकर 3,338 सीटें बालिकाओं के लिए निर्धारित की गई हैं।

### बालक वर्ग में 44,743, बालिका वर्ग के लिए 24,037 आवेदन

बालक वर्ग में कक्षा- 6 के लिए 22,088, कक्षा- 7 के लिए 5,724, कक्षा-8 के लिए 5530 और कक्षा- 9 के लिए 11,401 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कुल 44,743 बालकों ने आवेदन किया है। इसी प्रकार बालिका वर्ग के लिए कक्षा- 6 में 12,214, कक्षा-7 में 2,524, कक्षा- 8 में 2,527 और कक्षा- 9 में 6,772 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कुल 24,037 बालिकाओं ने आवेदन किया है। इस प्रकार दोनों में कुल 68,780 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो दशार्ता है कि सर्वोदय विद्यालयों में प्रवेश के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है।

### विद्यालयों में है अनुशासन और आधुनिक संसाधन

समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सुधार किए जा रहे हैं। विद्यालयों में बेहतर शिक्षण व्यवस्था, आवासीय सुविधाएं, अनुशासन और आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता ने इन स्कूलों को खास बना दिया है। वहीं ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए सर्वोदय विद्यालय एक मजबूत विकल्प बनकर उभरे हैं। यहां न केवल पढ़ाई का स्तर बेहतर है, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है।

# टीएमयू की प्रो. रुचि कांत यूपी स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल में सदस्य नामित

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की झोली में बड़ी उपलब्धि आई है। टीएमयू के कॉलेज ऑफ एलाइड हेल्थ एंड साइंसेज में एमएलटी की एचओडी प्रो. रूचि कांत को उत्तर प्रदेश स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल में मेडिकल लेबोरेट्री एंड लाइफ साइंसेज प्रोफेशनल्स की श्रेणी में सदस्य नामित किया गया है। यह काउंसिल नेशनल कमीशन फॉर एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशंस के अंतर्गत संचालित होती है। बतौर मेंबर प्रो. कांत का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। टीएमयू की इस सीनियर फैकल्टी की झोली में बायोकेमिस्ट्री टीचिंग का दो दशक से अधिक का अनुभव है। इस नॉमिनेशन पर टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने प्रो. कांत को बधाई देते हुए कहा, यह टीएमयू के लिए गर्व की बात है। स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल ऑफ इंडिया एक स्वायत्त संस्था है, जो स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मानकों को विनियमित करने के लिए समर्पित है। प्रो. कांत नौ बरस से तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में कार्यरत हैं, जबकि इससे पूर्व करीब आठ साल इथोपिया में बतौर शिक्षक अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। प्रो. कांत कॉलेज ऑफ एलाइड हेल्थ एंड साइंसेज में आईक्यूएसी की कोर्डिनेटर भी हैं। इनके अब तक नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर 32 रिसर्च पेपर्स पब्लिश हो चुके हैं। प्रो. कांत के निर्देशन में सात रिसर्चर्स अपना शोध कार्य कर रहे हैं। यह परिषद स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में संस्थानों को संबद्धता के संग-संग शिक्षा के मानदंड एवम् दिशानिर्देश निर्धारित करती है। काउंसिल का मुख्य उद्देश्य जनता के बीच स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति विश्वास पैदा करना है। इसका विजन ऐसी सुव्यवस्थित स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली स्थापित करना है जो शिक्षा, प्रशिक्षण और नैतिक अभ्यास के उच्चतम मानकों को पूरा करती हो। दूसरी ओर टीएमयू के ही कॉलेज ऑफ एलाइड हेल्थ एंड साइंसेज की फैकल्टी श्रीमती शिखा पालीवाल को चैरिटेबल इंस्टिट्यूशंस श्रेणी में सदस्य नामित किया है।






# अटल आवासीय विद्यालयों ने रचा इतिहास, पहली ही सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 93.15% परिणाम

*वाराणसी और प्रयागराज ने हासिल किया 100% रिजल्ट, मेधावी छात्रों ने भी लहराया परचम*

*आजमगढ़ के संगम यादव बने टॉपर, 97.6% अंक हासिल कर किया कमाल*

*अनुशासन, डिजिटल लर्निंग और समग्र विकास का नतीजा, 50+ छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए*

*योगी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ने दिखाया दम, श्रमिक परिवारों के बच्चों को मिल रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा*

लखनऊ, 16 अप्रैल: उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी अटल आवासीय विद्यालय योजना ने अपनी पहली ही सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में ऐतिहासिक सफलता दर्ज कर शिक्षा के क्षेत्र में नया मानक स्थापित कर दिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुरू की गई इस योजना के अंतर्गत संचालित विद्यालयों ने कक्षा 10 की पहली बोर्ड परीक्षा में 93.15% का उत्कृष्ट परिणाम हासिल किया है। इस वर्ष कुल 2,178 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से अधिकांश विद्यार्थी सफल घोषित हुए। यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों की मेहनत और अनुशासन को दशार्ती है, बल्कि राज्य सरकार की दूरदर्शी नीति, आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं और शिक्षकों के समर्पण का भी प्रतिफल है।

### वाराणसी और प्रयागराज बने टॉप परफॉर्मर

इस परीक्षा में वाराणसी और प्रयागराज के अटल आवासीय विद्यालयों ने 100% परिणाम हासिल कर पूरे प्रदेश में उत्कृष्टता का नया मानदंड स्थापित किया। इन विद्यालयों का प्रदर्शन यह साबित करता है कि सही संसाधन, मार्गदर्शन और शैक्षणिक वातावरण मिलने पर छात्र किसी भी ऊंचाई को छू सकते हैं।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम अंतर्गत छात्राओं ने निकाली पदयात्रा।

**समाज जागरण**

सिरसागंज। नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेंजर समिति एवं क्रीड़ा समिति के तत्वावधान में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं ने पदयात्रा निकाली।

पदयात्रा का शुभारम्भ महाविद्यालय परिसर से किया गया। छात्राओं ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, नारी शक्ति जिंदाबाद और शिक्षित नारी, सशक्त समाज जैसे नारे लगाकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया।



इस अवसर पर छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण, समान अधिकार और शिक्षा के महत्व पर अपने विचार साझा किए। पदयात्रा के माध्यम से समाज में महिलाओं की भूमिका और नारी शक्ति वंदन अधिनियम के उद्देश्यों को जनड्डजन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कांती शर्मा, रेंजर प्रभारी डॉ नवनिंद्रा कुमारी, क्रीड़ा प्रभारी डॉ आशीष श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# राम शरण विद्या निकेतन में हुआ अश्वनी जैन का भव्य स्वागत

**समाज जागरण**

सिरसागंज। श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिर सागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए नामित किए जाने के उपलक्ष्य में राम शरण विद्या निकेतन, सिरसागंज की ग्रेजुएशन सेरेमनी में निकेतन के निदेशक




देव शरण आर्य ने पटका पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट करके स्वागत किया। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है।

राम शरण विद्या निकेतन, सिरसागंज की प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा आर्य ने बताया की श्री जैन विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। इसके साथ जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्यवक की भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हैं। जिससे जनपद एवं नगर की प्रतिभाएं राज्य स्तर तक प्रतिभाग कर रही हैं। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यालय के निदेशक देव शरण आर्य, प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा आर्य के साथ अपने परिवार, समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नवीन शास्त्री, सत्यम गुप्ता, पूर्णिमा चतुवेर्दी,अभिभावकों सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कर्मचारियों को प्रशिक्षुकों द्वारा मकान की गणना के लिए दिया प्रशिक्षण

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना मकानों की सूचीकरण एवं मकान की गणना के लिए कर्मचारियों के प्रशिक्षण के प्रथम चरण में प्रशिक्षुकों द्वारा गणना के कार्य में लगे 59 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

बृहस्पतिवार को नगरपालिका के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम



के प्रथम चरण में अभियान के प्रशिक्षक शरद कुमार व अतुल कुमार द्वारा मकान की सूची व गणना में लगे कर्मचारियों को गणना के लिए प्रशिक्षण देते हुये विस्तार से गणना करने के टिप्स बताये गये और भारत सरकार के इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया गया, प्रथम चरण के प्रशिक्षण कार्य में ट्रेनिंग लेने वाले शिक्षक , बीएलओ सहित बिभिन्न बिभागों के 59 कर्मचारी मौजूद रहे, नगरपालिका के लिपिक मुनीर जैदी ने बताया कि मकान की गणना कार्य में कुल 193 लोगों को 4 चरणों में प्रशिक्षण दिया जायेगा , इस अवसर पर नगरपालिका के मुख्य लिपिक इफ्तिखार जैदी , मौहम्मद असलम , मुनीर जैदी ,इकरार अहमद आदि मौजूद रहे।

# के.वी.के. नगीना द्वारा उरवरकों के संतुलित उपयोग विषय पर जागरुकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर। उरवरकों के संतुलित उपयोग विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम- चन्दुपुरा, कोतवाली में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्र की वैज्ञानिक डा. शिवांगी ने मृदा परीक्षण, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन एवं उर्वरकों के संतुलित उपयोग की जानकारी दी। डा. पिन्टू कुमार ने गन्ना में लगने वाले कीट बीमारियों विशेषकर गन्ने में टाप बोरर कीट के बारे में विस्तृत रूप से पहचान एवं नियंत्रण की जानकारी दी। प्रभारी अधिकारी डा. के.के.सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में नवरत्न हरी खाद की बुवाई करके मृदा उर्वरता सुधार के साथ साथ रासायनिक खादों पर निर्भरता कम की जा सकती है। साथ ही साथ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के बारे में बताया। प्रगतिशील कृषक नितिन सिरोही ने संबोधित करते हुए कहा कि किसान साथियों को नवीन वैज्ञानिक कृषि तकनीक अपनाने की अति आवश्यकता है तभी जाकर खेती लाभदायक होगी। उक्त कार्यक्रम मे गन्ना मिल धामपुर के सीनियर केन मैनेजर सुरेंद्र सिंह ने भी गन्ना मिल द्वारा देय सुविधाओं की जानकरी दी।



# लोन देने के नाम पर अभी करने वाले तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार।

**पुलिस ने हजारों की नकदी पासबुक एटीएम कार्ड मोबाइल फोन लैपटॉप कार और मोटरसाइकिल की बरामद।**

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। पुलिस में फर्जी लोन देने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हजारों की नगदी पासबुक लैपटॉप एटीएम कार्ड मोबाइल फोन के अलावा कार और मोटरसाइकिल बरामद कर कब्जे में ली है पुलिस ने तीनों अपराधियों को न्यायालय में पेश किया न्यायालय ने उन्हें जेल भेजा है पुलिस अग्रिम कार्यवाहीके लिए जांच मे जुटी है।



अपर पुलिस अधीक्षक नगर रविशंकर प्रसाद ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें साइबर अपराधियों द्वारा फर्जी कंपनी बनाकर फेसबुक पर धनी एप के नाम से विज्ञापन निकलवा कर लोगों से 5 लाख तक का लोन दिलाने के नाम पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराकर लोगों से लाखों की धनराशि ठगने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया इसी सदर्भ में साइबर सेल के प्रभारी मनोज यादव और निरीक्षक शिवकुमार चौहान इन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे साइबर सेल और पुलिस इन अपराधियों की तलाश में जुट गई मुखबिर की सूचना पर साइबर सेल और पुलिस ने तीनों अपराधियों को थाना मटसेना क्षेत्र के विजयपुरा तिराहे से गिरफ्तार कर लिया इन अपराधियों की कार और मोटरसाइकिल कब्जेमें ले ली साथ ही उनकी तलाशी लेने पर पुलिस ने इनके पास से 17800 नकद 7 मोबाइल फोन लैपटॉप 10 एटीएम कार्ड 3 बैंक पासबुक बरामद किए हैं। अपरपुलिस अधीक्षक नगर ने इन साइबर अपराधियों के नाम अवधेश कुमार पुत्र रामनिवास निवासी ग्राम पुरा जनपद हाथरस हाल निवासी बिल्टी गढ़ थाना मक्खनपुर शनिबेस अवस्थी पुत्र पुंडरीक अवस्थी निवासी महावीर नगर गलीनंबर आठ थाना दक्षिण और कुनाल उपाध्याय पुत्र गौरव उपाध्याय निवासी डॉक्टर बीना जैन क्लीनिक के पीछे जैन नगर थाना उत्तर बताये है उन्होंने बताया कि गिरफ्तार साइबर ठग करीब 1848 लोगों को ठग चुके हैं और रजिस्ट्रेशन के नाम पर पैसे बैंक मैं जमा कराकर एटीएम कार्ड से निकाल लेते थे और आपस में बांट लेते थे। उन्होंने यहभी बताया इन साइबर ठगो के तार के अंतर राज्यीय लोगोंसे जुड़े हैं उनकी जांच की जा रही है उन्होंने यह भी बताया इस पैसे से इन्होंने कार और मोटरसाइकिल भी खरीदी थी इन्होंने 12 से 15 लख रुपए की ठगी की थी।

# भाकियू (टिकैत) का 9 दिन बाद खत्म हुआ धरना, प्रशासन से वार्ता सफल; महापंचायत व घेराव टला

**पांच सूत्रीय मांगों पर आश्वासन के बाद किसानों ने लिया फैसला, आगे की रणनीति पर मंथन शुरू।**

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। कालागढ़ मार्ग स्थित डाक बंगले में चल रहा भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का धरना बुधवार देर रात प्रशासन से वार्ता के बाद समाप्त हो गया। करीब नौ दिन से जारी अनिश्चितकालीन धरना खत्म करते हुए किसानों ने गुरुवार को प्रस्तावित महापंचायत और सीओ कार्यालय घेराव कार्यक्रम भी स्थगित कर दिया। बुधवार देर रात्रि डाक बंगले में किसानों की पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह व अमानगढ़ रेंज के रेंजर अंकित किशोर के साथ वार्ता हुई। वार्ता के दौरान प्रशासन की ओर से किसानों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया। इसके बाद भाकियू (टिकैत) के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान के नेतृत्व में किसानों ने धरना समाप्त करने का निर्णय लिया। किसानों ने अपनी पांच प्रमुख मांगों को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसान नेता मदन सिंह राणा पर दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराने, गांव गढ़वावाला में खंडित मूर्ति के स्थान पर नई मूर्ति स्थापित कराने, गेहूं क्रय केंद्र शीघ्र शुरू कराने, गुलदार की समस्या से स्थायी समाधान कराने तथा क्षेत्रवासियों के बिजली बिलों में सुधार और स्मार्ट मीटर हटाने की मांग उठाई गई। प्रशासन ने सभी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। आश्वासन मिलने के बाद किसानों ने धरना समाप्त कर आगे की रणनीति पर विचार शुरू कर दिया है।



इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान के अलावा ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चौहान,किसान नेता रबैल सिंह,पंडित देवेंद्र कौशिक,किसान नेता राणा सैनी,पूर्व प्रधान दर्शन सिंह रावत,विजेंद्र सिंह,रमेश सिंह शेखावत, किसान युवा नेता वंश राणा, किसान युवा नेता चरजीत सिंह,युसुफ कुरैशी, किसान युवा नेता अतुल शर्मा,बरसा सिंह,सुदर्शन सिंह,जसपाल सिंह, मीडिया प्रभारी दीपक सिरोही, जगबीर सिंह, चंद्रवीर सिंह चौहान,भूदेव सिंह, गुरप्रीत सिंह, डॉ. विजय सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# रसूलाबाद में घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलाबाद में नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ की घटना सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मुकदमा दर्ज किया और नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल 2026 को उमेश यादव पुत्र मंसी यादव निवासी ग्राम रसूलाबाद ने थाना अफजलगढ़ में लिखित तहरीर देकर शिकायत की थी कि गांव निवासी परमजीत उर्फ पम्मा पुत्र महेंद्र सिंह उनके घर में घुस आया और उनकी लगभग 13 वर्षीय नाबालिग पुत्री का हाथ पकड़कर उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने उसे धमकी दी और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बिना देरी किए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी और सक्रियता दिखाते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। उधर थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि आरोपी परमजीत उर्फ पम्मा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है तथा आगे की विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि महिला एवं बाल अपराधों के मामलों में पुलिस पूरी सख्ती के साथ कार्रवाई कर रही है और ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर गिरफ्तारी करने वाली टीम में महिला उपनिरीक्षक रीनू पंवार, कांस्टेबल आकाश कुमार यादव तथा कांस्टेबल कृष्ण राणा शामिल रहे।

# गेहूं कटाई जोरों पर, खेतों में दिन-रात जुटे किसान

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जिला बिजनौर में इन दिनों गेहूं की कटाई का कार्य तेजी से जारी है। खेतों में सुबह से लेकर देर शाम तक किसानों और मजदूरों की चहल-पहल देखने को मिल रही है। अनुकूल मौसम और फसल की अच्छी पैदावार के चलते किसान उत्साहित नजर आ रहे हैं और समय पर कटाई पूरी करने के लिए पूरी मेहनत कर रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में जहां एक ओर आधुनिक मशीनों जैसे हार्वेस्टर का उपयोग किया जा रहा है, वहीं कई स्थानों पर पारंपरिक तरीके से भी गेहूं की कटाई की जा रही है। मजदूरों की कमी के चलते किसान तेजी से मशीनों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे कम समय में अधिक क्षेत्र की कटाई संभव हो रही है। किसानों का कहना है कि इस वर्ष मौसम ने काफी हद तक साथ दिया है, जिससे फसल की गुणवत्ता बेहतर बनी हुई है। हालांकि कुछ क्षेत्रों में तेज हवाओं और हल्की बारिश की आशंका को देखते हुए किसान जल्द से जल्द फसल को सुरक्षित करने में लगे हुए हैं।



कटाई के बाद गेहूं को मड़ाई के लिए खलिहानों में पहुंचाया जा रहा है, जहां थ्रेसर मशीनों के माध्यम से अनाज अलग किया जा रहा है। इसके बाद किसान अपनी उपज को बाजारों और मंडियों में बेचने की तैयारी कर रहे हैं। मंडियों में भी गेहूं की आमद धीरे-धीरे बढ़ने लगी है।

प्रशासन की ओर से भी किसानों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कृषि विभाग द्वारा किसानों को फसल प्रबंधन और सुरक्षित भंडारण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जा रहे हैं।

समग्र रूप से देखा जाए तो जिले में गेहूं कटाई का कार्य अपने चरम पर है और आने वाले दिनों में यह प्रक्रिया और तेज होने की संभावना है। किसान उम्मीद जता रहे हैं कि इस बार उन्हें अपनी मेहनत का उचित मूल्य मिलेगा।

# नारी शक्ति बंदन रैली संपन्न।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। शासनादेश के अंतर्गत नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को सफल आयाम प्रदान करने हेतु महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, महाविद्यालय की प्राचार्या के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर निशा एवं डॉक्टर आकांक्षा यादव और माथुर वैश्य संस्था की अध्यक्ष एवं अन्य समाज सेविकाओं कि संयुक्त तत्वाधान में नारी शक्ति वंदन रैली आयोजित की गई, जिसमें महात्मा गांधी बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य -सरिता यादव,शिक्षिका -माधुरी शर्मा साधना, रेखा, यशोदा बिष्ट अंजू गुप्ता, भारती अग्रवाल तथा महाविद्यालय की छात्राओं ने भी अधिक से अधिक प्रतिभागिता सुनिश्चित की और लोगों को नारी शक्ति एवं उनके महत्व को स्लोगन के माध्यम से अवगत कराया। यदि नारी सशक्त होगी तभी देश सशक्त होगा, नारी की उन्नत से ही देश की उन्नति संभव है इसलिए नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के माध्यम से नारी के अधिकारों कर्तव्यों एवं उसके स्वाभिमान को स्थान दिलाना है। नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम के अंतर्गत मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। नारी शक्ति वंदन से संबंधित स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं में प्रतिभाग कर लिखित स्लोगन के माध्यम से नारी के महत्वपूर्ण बिंदुओं को उजागर करने का प्रयास किया । राष्ट्रीय सेवा योजना एवं माथुर वैश्य सामाजिक संस्था के माध्यम से नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को सफल आयाम प्रदान किया गया।



# संविधान निमार्ता के सम्मान में संगोष्ठी संपन्न।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। पालीवाल हाल में संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत फिरोजाबाद विधानसभा संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिवशंकर शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में बाबा साहेब के विचारों को अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सतीश दिवाकर ने की। इस अवसर पर सदर विधायक श्री मनीष असीजा ने भी डॉ. अंबेडकर के जीवन एवं योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए।



कार्यक्रम में सदर ब्लॉक प्रमुख डॉ. लक्ष्मी नारायण यादव, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुनील शर्मा, राजेन्द्र बौहरे, महामंत्री देवेश भारद्वाज एवं आनंद अग्रवाल प्रमोद पाल बघेल सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक विवेक अग्रवालने एवं सह-संयोजक सोबरन जाटव, हरिबाबू रहे। साथ ही डॉ. रामबहादुर शंखवार महानगर उपाध्यक्ष, केशव फौजी, रामनरेश कटरा, विष्णु सेक्सना, मंत्री राम लड़ती सौरभ गुप्ता, विमलेश जाटव दीपक गुप्ता कालू महानगर कोषाध्यक्ष जिला मीडिया प्रभारी महानगर फिरोजाबाद आकाश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष क्रमशः देश दीपक राजा, प्राचीर गुप्ता, गौतम कुशवाहा, लायक सिंह, सत्यवीर गुर्जर, सत्य प्रकाश यादव, अनार सिंह कुशवाहा, भारत सिंह वर्मा, के के गांधी सत्यवीर गुप्ता राम खिलाड़ी वाल्मीकि, पार्षद पूनम शर्मा, प्रमोद जी, उदय प्रताप सिंह, सुरेश कुमार दिवाकर, अमित गुप्ता,अशोक राठौर, राधे श्याम यादव,मनीष राठौर, नरेश राजेश झा,राठौर,सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संगोष्ठी में बाबा साहेब के विचारों, संविधान के मूल्यों एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा की गई तथा उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

# कृषि विभाग द्वारा चूहा एवं छछूंदर नियंत्रण हेतु किया जा रहा व्यापक प्रचार

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर। जिला कृषि रक्षाधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने जनपद के समस्त कृषको को सलाह दी कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 2026 (प्रथम चरण) दिनांक 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा चूहा एवं छछूंदर नियंत्रण हेतु व्यापक कार्यक्रम/अभियान 1123 ग्राम पंचायतों में संचालित किया जा रहा है। संचारी रोग के प्रसार हेतु अन्य कारकों के साथ-साथ चूहा एवं छछूंदर आदि भी उत्तरदायी हैं। ह्यह्यस्क्रब टायफसह्यह्य बीमारी चूहा एवं छछूंदर से फैलती है। इसलिए यह आवश्यक है कि इनकी रोकथाम हेतु आवासीय घरों एवं इसके आसपास के क्षेत्रों को चूहा एवं छछूंदर से मुक्त रहें। चूहो की संख्या को नियंत्रित करने के लिए अन्न भंडारण पक्का कंक्रीट तथा धातु से बने पात्रों (बखारी) में करना चाहिए ताकि उनको भोज्य पदार्थ सुगमता से उपलब्ध न हो सके। चूहे अपना बिल झाड़ियों कुडों एवं मेड़ों आदि में स्थाई रूप से बनाते हैं। इसलिये खेतों का समय-समय पर निरीक्षण एवं साफ सफाई करके इनकी संख्या को नियंत्रित किया जा सकता है। चूहेदानी का प्रयोग करके उसमें आकर्षक चारा जैसे रोटी, डबल रोटी एवं बिस्कुट आदि रखकर चूहों को फंसा कर मार देने से इनकी संख्या नियंत्रित की जा सकती है घरों में ब्रोमोडियोलान 0.005 प्रतिशत के बने चारे की 10 ग्राम मात्रा प्रत्येक जिंदा बिल में रखने से चूहे उसको खाकर मर जाते हैं जसवीर सिंह तेवतिया जिला कृषि रक्षा अधिकारी बिजनौर ने बताया कि चूहा बहुत चालाक प्राणी होता है इसको ध्यान मे रखते हुए छः दिवसीय योजना बनाकर इसको आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है - प्रथम दिन- आवासीय घरों एवं आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण एवं बिलों को बंद करते हुए चिन्हित करें।




दूसरा दिन- निरीक्षण कर जो बिल बंद हो वहां चिन्ह मिटा दें जहां पर बिल खुले पाए जाएं वहां चिन्ह रहने दे। खुले बिल में एक भाग सरसों का तेल एवं 38 भाग भुने दाने का चारा बिन जहर मिलाएं बिल में रखें।

तीसरा दिन-बिलों का निरीक्षण कर बिना जहर का चारा पुनः रखें चौथे दिन -जिंक फास्फाइड 80 प्रतिशत की 10 ग्राम मात्रा को 10 ग्राम सरसों का तेल एवं 380 ग्राम भुने दाने में बनाए गए चारे को बिल में रखें। पांचवे दिन-बिलों का निरीक्षण करें एवं मरे हुए चूहो को एकत्र कर घर से दूर जमीन में दफना दें। छठे दिन-बिलों को पुनः बंद करें तथा अगले दिन यदि बिल खुले पाए जाएं तो उपरोक्त कार्यक्रम पुनः अपनाएं। चूहा नियंत्रण के दौरान बरती जाने वाली सावधानियो में चूहा नियंत्रण हेतु रसायनों का प्रयोग करते समय हाथ में दस्ताने पहने, रसायनों को बच्चों एवं जानवरों की पहुंच से दूर रखें, दवा के प्रयोग के दौरान घर में रखी खाद्य सामग्री इत्यादि को अच्छी तरह से ढक दें, मरे हुए चूहे को घर से बाहर सावधानी पूर्वक मिट्टी में दबा दें। संचारी रोग के प्रसार हेतु अन्य कारकों के साथ-साथ चूहा एवं छछूंदर आदि भी उत्तरदायी होते हैं।


# कार्यालय नगर निगम फिरोजाबाद

पत्रांक : 79 /पी०डब्ल्यू०डी०/ई-निविदा सूचना/2026-27 दिनांक : 16/04/2026

**-: ई-निविदा सूचना :-**

नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा मुख्यमन्त्री नगर सृजन योजना एवं राज्य स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत कुल 10 कार्यों हेतु अर्ह ठेकेदारों से उनकी श्रेणी के अनुसार कार्यों की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित कार्यों हेतु फर्म द्वारा उनकी श्रेणी अनुसार प्रतिभाग किया जायेगा। इन कार्यों की निविदा डबल बिड पद्धति के अन्तर्गत है। ई-निविदा के माध्यम से अधिकृत बेबसाइट www.etender.up.nic.in पोर्टल पर ई निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है :-

| क्र.सं. | ई-निविदा संख्या | कार्य की संख्या | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 03/निर्माण/2026-27 (राज्य स्मार्ट सिटी योजना) | 08 | ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि / समय<br>ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय<br>ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि / समय<br>तकनीकी निविदा खोले जाने की तिथि/समय | 17-04-2026<br>17-04-2026<br>06-05-2026 03:00 PM<br>06-05-2026 04:00 PM |
| 2. | 04/निर्माण/2026-27 (मुख्यमन्त्री नगर सृजन योजना) | 02 | | |
| | कुल | 10 | | |

नोटः-शेष नियम व शर्ते www.etender.up.nic.in पोर्टल पर देखी जा सकेगी।

**अधिशासी अभियन्ता**
नगर निगम, फिरोजाबाद।

# हनी ट्रैप और फर्जी लोन एप के जाल में फंसा युवक, जहर खाकर दी जान

**मरने से पहले बनाए दो वीडियो, ब्लैकमेलिंग से था परेशान; परिजनों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की**

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
सोशल मीडिया पर हनी ट्रैप और फर्जी लोन एप के जाल में फंसे एक युवक ने मानसिक रूप से परेशान होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। मरने से पहले युवक ने दो वीडियो बनाकर अपनी आपबीती बयां की और उन्हें अपने परिचितों को भेज दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पीड़ित परिवार ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।
थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी सुहैल पुत्र इस्लाम ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसका भाई बिलाल 27 वर्ष ने विगत14 अप्रैल को अपने दोस्तों और परिवार के लोगों को दो वीडियो भेजे थे। वीडियो में उसने जहरीला पदार्थ खाने की बात कहते हुए बताया कि फर्जी एप और झूठे लोन के जाल ने उसकी जिंदगी नरक बना दी है। उसने यह भी कहा कि उसके इस कदम के लिए परिवार का कोई सदस्य जिम्मेदार नहीं है।वीडियो देखने के बाद परिजनों और दोस्तों



में हड़कंप मच गया। उन्होंने बिलाल से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं हो सकी। सूचना मिलते ही परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी देर बाद उसका शव गांव के खेतों में मिला। शव मिलने की सूचना पर परिवार में चीख-पुकार मच गई।परिजनों ने बताया कि सुपुर्द-ए-खाक करने के बाद जब बिलाल के मोबाइल का लॉक खुलवाया गया तो उसके व्हाट्सएप पर आधा दर्जन पाकिस्तानी नंबरों से मैसेज मिले। इनमें उससे लोन के नाम पर रुपये मांगते हुए लगातार दबाव बनाया जा रहा था। परिजनों के अनुसार, बिलाल ने पिछले कुछ दिनों में तीन लाख रुपये से अधिक रकम अलग-अलग खातों में भेजी थी, लेकिन इसके बावजूद ब्लैकमेलर उसकी फर्जी अश्लील फोटो बनाकर उसे और उसके परिचितों को भेजने की धमकी देकर लगातार पैसे मांग रहे थे। परिजनों के मुताबिक, बिलाल की मौत के बाद भी आरोपियों द्वारा उसके मोबाइल नंबर पर कॉल और व्हाट्सएप मैसेज किए जा रहे हैं। फर्जी अश्लील फोटो भेजकर पैसे की मांग की जा रही है और बात करने पर गाली-गलौज की जा रही है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

**मृतक के परिजनों में मचा कोहराम**
मृतक बिलाल के छोटे भाई सुहैल ने बताया कि बिलाल के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिनमें छह वर्षीय पुत्र आहद, तीन वर्षीय पुत्री मायरा और एक वर्षीय पुत्री मानौर शामिल हैं। घटना के बाद से माता-पिता, पत्नी, भाई-बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लगभग 3 वर्ष पूर्व भाई परवेज की भी हादसे के दौरान दुखद मौत हो गई थी।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग, कई किसानों की गेहूं की फसल जली

**समाज जागरण**
कांधला। थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील में विगत बुधवार कई किसानों की गेहूं की फसल में आग लग गई थी, किसानों ने आरोप लगाया की खेतों के ऊपर से गुजर रही एचटी बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से गेहूं की खड़ी फसल में आग लगी है। जिस कारण गेहूं की फसल में आग लगी है किसानों ने थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर प्रदेश सरकार से मुआवजे की गुहार लगाई है। गुरुवार को किसानो ने बताया कि गेहूं की फसल में लगी आग से पीड़ित रामकुमार पुत्र सीताराम के करीब 5.5 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इसके अलावा गांव के अन्य किसानों में केशोराम पुत्र जयसिंह की करीब 6 बीघा, राजपाल पुत्र सीताराम की लगभग 8.5 बीघा, शहसपाल पुत्र सीताराम की 5.5 बीघा, राकेश पुत्र मिसम्बर की करीब 14 बीघा, चरण सिंह पुत्र बंदभान की 4 बीघा, महेंद्र पुत्र बेहराम की 10 बीघा, अमित पुत्र रोशनलाल की 3 बीघा तथा कृष्णपाल पुत्र राजपाल की 3 बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई।
हालांकि आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग व पुलिस मौके पर पहुंची थी और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया था, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। पीड़ित किसानों ने बताया कि आग लगने से उनकी पूरी मेहनत पर पानी फिर गया है। पीड़ित किसानों ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है और प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# महिला ने ससुराल पक्ष पर लगाए मारपीट का आरोप

**समाज जागरण**
कांधला। कस्बा निवासी महिला ने अपने ससुराल पक्ष के सदस्यों पर मारपीट और मानसिक उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। पीड़िता अनीता के अनुसार, उसके ससुर, देवरानी और बुआ ने उसके साथ मारपीट की और लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। गुरुवार को पीड़िता ने बताया कि पुलिस ने उसके पति को एक दिन के लिए थाने में हिरासत में रखा था। हालांकि, जब वह स्वयं थाने पहुंची और पुलिस को पूरी स्थिति से अवगत कराया, तो उसके पति को तत्काल छोड़ दिया गया।अनीता ने अपने ससुराल में असुरक्षा महसूस करने की बात कहते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। उसने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला का परिवार के लोगों के साथ विवाद हुआ था दोनों पक्षों का लिखित में समझौता हो गया दोनों पक्ष किसी तरह की कोई भी कार्रवाई नहीं चाहते हैं।




# वीर सैनिक की याद में स्मारक द्वार निर्माण की मांग, एमएलसी को दिया पत्र

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
विकासखंड क्षेत्र के गांव पंजोखरा निवासी एक युवक ने अपने वीर वयोवृद्ध दादाजी स्वर्गीय कृष्ण पाल सिंह चौहान की स्मृति में स्मारक द्वार निर्माण की मांग उठाई है। इस संबंध में युवक द्वारा एमएलसी वीरेंद्र सिंह गुर्जर को एक पत्र सौंप कर गांव के मुख्य द्वार पर स्मारक बनवाने का अनुरोध किया गया है।
गुरुवार को युवक ने पत्र में बताया कि स्वर्गीय कृष्ण पाल सिंह चौहान भारतीय सेना की 68 बख्तरबंद बटालियन में हवलदार के पद पर तैनात थे और उन्होंने वर्ष 1965 व 1971 के भारत-पाक युद्ध में सक्रिय भाग लेकर देश की सेवा की। युद्ध के दौरान उन्होंने अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए दुश्मन सेना का डटकर मुकाबला किया। युवक ने पत्र में उल्लेख किया है कि उनके दादाजी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पाकिस्तानी सेना के पैटन टैंक को कब्जे में लेकर भारत लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह टैंक आज भी मेरठ के कैंट क्षेत्र में स्थापित है, जो उनकी वीरता की गवाही देता है। क्षेत्र के लोग आज भी उनके शौर्य की कहानियों को गर्व के साथ याद करते हैं।पत्र में आगे कहा गया है कि स्वर्गीय कृष्ण पाल सिंह चौहान की वीरता केवल परिवार ही नहीं बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। ऐसे वीर सैनिक के सम्मान में यदि गांव के मुख्य द्वार पर उनके नाम से स्मारक द्वार का निर्माण कराया जाता है, तो यह आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करेगा। ताकि एक सच्चे वीर सैनिक को सम्मान मिल सके और उनकी स्मृतियां हमेशा जीवित रहें। एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने युवक को जल्दी स्मारक द्वार बनवाने का आश्वासन दिया है।



# विभिन्न कालेजों में होगी 17 व 28 अप्रैल को सीधी भर्ती प्रक्रिया

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**
शामली जनपद के युवाओं के लिए 17 अप्रैल से 28 अप्रैल 2026 तक विभिन्न कॉलेजों में सुरक्षा जवान, सुपरवाइजर और कस्टोडियन के पदों के लिए सीधी भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। यह भर्ती कार्यक्रम युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिसमें वे चयनित होकर सरकारी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इसमें 17 अप्रैल को डीएवी इंटर कॉलेज ऊन, 18 अप्रैल को लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज थानाभवन, 20 अप्रैल को लाला इंद्र प्रकाश जनता इंटर कॉलेज बाबरी, 21 अप्रैल को पब्लिक इंटर कॉलेज कैराना, 24 अप्रैल को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज तितरवाड़ा, 25 अप्रैल को जनता इंटर कॉलेज लिसाढ़, 27 अप्रैल को आरके इंटर कॉलेज शामली, 28 अप्रैल में राजकीय इंटर कॉलेज केरटू में कैंप आयोजित होगा। सभी भर्ती कैंप प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

# चेकिंग के दौरान शातिर बाइक चोर गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान पूर्वी यमुना नहर स्थित फतेहपुर पुलिया के निकट संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की जा रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक युवक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया।पुलिस टीम ने जब बाइक सवार को रुकने का इशारा किया तो उसने रफ्तार बढ़ाकर मौके से भागने का प्रयास किया। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को मोटरसाइकिल सहित दबोच लिया। तलाशी और पूछताछ के दौरान युवक संतोषजनक जवाब नहीं दे सका, जिसके बाद उसे थाने लाकर सख्ती से पूछताछ की गई।
पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आसिफ पुत्र मंजूरा निवासी गांव आल्दी बताया। उसने स्वीकार किया कि बरामद मोटरसाइकिल उसने जनपद सहारनपुर से चोरी की थी। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह किसी संगठित गिरोह से जुड़ा है या नहीं।




# राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन की मासिक बैठक का आयोजन

**समाज जागरण**
**शामली-फुरकान जंग)**
खेड़ीकरमू स्थित संगठन भवन पर राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन की मासिक बैठक गुरूवार को संपर्क संवाद और प्रशिक्षण कार्यक्रम के रूप में आयोजित की गई। बैठक में जनपद के समस्त अवर अभियंता और प्रोन्नत अभियंता सम्मिलित हुए। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई, जिनमें कर्मचारियों के अधिकारों, बिजली वितरण की स्थिति, और आगामी योजनाओं पर जोर दिया गया।
केंद्रीय अध्यक्ष इं जीवी पटेल ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से प्रभारी व्यवस्था को समाप्त कराने, जूनियर इंजीनियरों के लिए थर्ड टाइम बैच 8700 दिलाने, फेसियल अटेंडेंस को समाप्त करने, और निजीकरण के खिलाफ विरोध जारी रखने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही, जूनियर इंजीनियरों के समर्पण के आदेश को समाप्त करने और वितरण ट्रांसफार्मर के क्षतिग्रस्त होने की दर को न्यूनतम करने के उपायों पर विचार किया गया। कहा कि हम संगठन के माध्यम से ऊर्जा मंत्री और अन्य संगठनों के बीच 2023 में हुए समझौते को ऊर्जा प्रबंधन द्वारा लागू नहीं किए जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। ऊर्जा प्रबंधन के द्वारा एकतरफा कार्रवाई, निलंबन और पित की कार्यवाही का संगठन पुरजोर विरोध करेगा। जूनियर इंजीनियरों ने बैठक में बिजनेस प्लान और तकनीकी योजना में बहुत कम कार्य स्वीकृत होने की समस्या उठाई, जिससे ट्रांसफार्मर डैमेज रेट बढ़ रहे हैं और जर्जर लाइनों के कारण विद्युत दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। संगठन ने ट्रांसफार्मर और लाइनों के अनुरक्षण के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध न कराने और एकतरफा कार्यवाही करने पर कड़ी आपत्ति जताई। इसके साथ ही, जूनियर इंजीनियरों ने गर्मी के मौसम में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार के मनसूबों के तहत समर्पण और कार्यों को पूरा करने का संकल्प लिया। इस बैठक में जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, इं. डीपी गुप्ता, इं. साहब सिंह, अधिशासी अभियंता रविंद्र कुमार, सुरजीत कुमार, फुरकान अहमद, अजय शर्मा, रणजीत मौर्य, रिंकल सिंह, धीरज सिंह, विजय शंकर कुशवाहा, प्रेम सिंह, बलवंत कुमार, अशोक कुमार, साजिद अहमद, नीतीश कुमार उपस्थित रहे।

# जिला वित्त समिति और जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) भारत स्काउट और गाइड जिला संस्था शामली की जिला वित्त समिति और जिला कार्यकारिणी की बैठक गुरूवार को विकास भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला मुख्यायुक्त और सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने की, जबकि सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त अमित कुमार ने बैठक को संबोधित किया।
सीडीओ ने बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी सत्र 2026-27 के लिए प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप शत-प्रतिशत गुणवत्ता परक कार्यक्रम संचालित करने की प्रस्तावित कार्य योजना तैयार की गई। साथ ही, निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार पंजीकरण एवं नवीनीकरण कार्यों को पूर्ण करने पर भी जोर दिया गया।
बैठक में चर्चा की गई कि जिला संस्था के वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने के लिए कौन-कौन सी रणनीतियां अपनाई जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त, प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केंद्र शीतलाखेत अल्मोड़ा में आयोजित होने वाले शिविरों में अधिक से अधिक प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिए कार्य योजना तैयार की गई। बैठक में गीता रानी को एएलटी गाइड का पार्चमेंट, रविंद्र कुमार को जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, श्रवण कुमार को जिला संगठन आयुक्त स्काउट और गायत्री देवी को जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड का अधिकार पत्र प्रदान किया। बैठक में बीएसए लता राठौर, डॉ. अमित मलिक कैप्टन लोकेंद्र सिंह, डॉ. प्रतिभा सैनी, डॉ. नीरा सिंह, डॉ. पूजा मालिक, डॉ. पूनम तोमर, अनुराधा, पूजा चौधरी, विनोद वर्मा, कुलदीप कुमार, डॉ. नीती त्यागी मौजूद रहे।



# शिक्षकों की सेवा सुरक्षा व अधिकारों की रक्षा के लिए होगा सम्मेलन

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) गुरूवार को माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराइ गुट के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. उमेश चंद त्यागी ने वरिष्ठ पदाधिकारियों मुकेश कुमार और निर्दोष कुमार तथा शामली के जिलाध्यक्ष कैप्टन रजनीश कुमार के साथ वीवी इंटर कॉलेज, राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज और देशभक्त इंटर कॉलेज का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना।
प्रदेश अध्यक्ष डॉ. उमेश चंद त्यागी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे बुजुर्गों के सतत संघर्षों से अर्जित की गई उपलब्धियां एक-एक करके हमसे छीनी जा रही हैं। पहले पेंशन छीनी गई, उसके बाद माध्यमिक शिक्षक सेवा चयन आयोग का गठन समाप्त कर दिया गया, जो शिक्षकों के लिए हितकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि धारा 21 और माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग का समाप्त होना शिक्षकों के भविष्य और सेवा सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है और इससे शिक्षक समाज में भय का माहौल बन गया है। बताया कि शिक्षकों की सेवा सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए 6, 7 और 8 मई को गोरखपुर में प्रांतीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के सभी जनपदों के शिक्षक भाग लेंगे। उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे इस सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने भी शामली जनपद के शिक्षकों से सम्मेलन में भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गुरुदास सिंह, प्रमोद कुमार, विनोद कुमार, कोषाध्यक्ष आशीष कुमार, अजय मिश्रा, प्रदीप आर्य, राजवीर सिंह, संजीव कुमार, योगेंद्र मलिक, मनीष मिश्रा, विजय कुमार, शालू तोमर, दिनेश तोमर मौजूद रहे।



# धोखाधड़ी कर रुपए हड़पने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) शहर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी कर 30 हजार रुपये की रकम हड़पने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकडे गए अभियुक्तों के पास से 22 हजार रुपये नगद, एक मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है।
गुरूवार को शहर कोतवाली में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए एएसपी सुमित शुक्ला ने बताया कि गत 18 मार्च को शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला गांधी चौक निवासी दुकानदार वादी संजय पुत्र हरिराम ने धोखाधड़ी की शिकायत दी थी, जिसमें तीन अज्ञात व्यक्तियों ने बाइक पर सवार होकर उनके साथ धोखाधड़ी की और 30 हजार रुपये हड़प लिए थे। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। एसपी एनपी सिंह ने निर्देश पर शहर कोतवाली पुलिस ने चलाये चेकिंग अभियान में झिंझाना नहर पुल से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिन्होने अपने नाम नकुल पुत्र पालू, रजत पुत्र महीपाल, टिंकू पुत्र मैनपाल निवासीगण ग्राम विलासपुर, थाना देवबन्द, जिला सहारनपुर बताया है। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा फर्जी फोन पे एप से बार कोड स्कैन करके और धोखाधड़ी करके लोगों से पैसे ऐंठने का खुलासा हुआ है। जो फोन पे के माध्यम से लोगों को रुपए भेजने का स्क्रीन दिखाकर ठगी कर फरार हो जाते थे।



# हरियाणा नारकोटिक्स टीम की दबिश से हड़कंप

**समाज जागरण**
कैराना। मादक पदार्थ तस्करी के मामले में फरार आरोपियों की तलाश में हरियाणा नारकोटिक्स टीम ने दबिश दी। इस दौरान लोगों में हड़कंप मच गया। गुरुवार को हरियाणा के जनपद यमुनानगर की नारकोटिक्स टीम में तैनात उपनिरीक्षक ओमप्रकाश कोतवाली पहुंचे और आमद दर्ज कराई। इसके बाद स्थानीय पुलिस को साथ लेकर गांव बराला और पावटीकलां में दबिश दी गई, लेकिन आरोपी हाथ नहीं लग सके। बताया जा रहा है कि टीम को मादक पदार्थ तस्करी के मामले में आरोपियों की तलाश थी। टीम की दबिश के दौरान आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। हालांकि, सफलता नहीं मिलने पर टीम को बेरंग ही लौटना पड़ा।

# चोरी के मामले में सीआईए की दबिश

**समाज जागरण**
कैराना। भैंस चोरी के मामले में फरार आरोपी की तलाश में हरियाणा सीआईए ने दबिश दी। इस दौरान सफलता नहीं मिली।
गुरुवार को हरियाणा के जनपद जींद की सीआईए चतुर्थ टीम के एएसआई राजेश कुमार ने अपनी टीम के साथ कोतवाली में आमद दर्ज कराई। टीम को नगर के मोहल्ला रेतावाला और मोहल्ला छड़ियान में भैंस चोरी के मामले में आरोपी की तलाश थी। इसी के चलते टीम ने दबिश दी। लेकिन कोई सफलता नहीं मिलने पर टीम लौट गई।

# मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**
कैराना। मारपीट करने के मामले में तीन आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया।
गांव जहानपुरा निवासी असजद ने मुकदमा दर्ज कराया कि मंगलवार रात करीब नौ बजे उसकी बहन हारूना गांव तितरवाड़ा स्थित अपनी ससुराल में थी। आरोप है कि उसके पति कुर्बान, देवर आरिफ और भाभी गुलिस्ता उर्फ गुल्लो ने उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। यही नहीं, उसके ऊपर ईंटों से भी वार किया गया, जिससे वह लहूलुहान हो गई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

# उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की पदाधिकारी महिलाओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की पदाधिकारी महिलाओं ने गुरूवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर डीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। जिसमें जनगणना 2026 के अंतर्गत शिक्षकों को सौंपी जा रही ड्यूटी में उत्पन्न विभिन्न समस्याओं और व्यवहारिक कठिनाइयों को उजागर किया है।
शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष पूनम तोमर ने दिए ज्ञापन में कहा कि शिक्षकों की मूल शैक्षणिक जिम्मेदारियों और जनगणना कार्य के बीच संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता है। दिव्यांग और अस्वस्थ शिक्षकों को डयूटी मुक्त रखा जाये। गर्भवती और गम्भीर रूप से बीमार महिला शिक्षकों और जिनके छोटे बच्चों की देखभाल कर रही महिला कार्मिकों को भी जनगणना कार्य से मुक्त करे। जिन शिक्षकों और कार्मिकों के सेवानिवृत्त होने में केवल दो वर्ष शेष हैं, उन्हें भी डयूटी न दी जाये। शिक्षकों पर अनावश्यक अतिरिक्त कार्यभार न डाला जाए और कार्य का विभाजन संतुलित और व्यवहारिक रूप से किया जाए। जनगणना कार्य में संलग्न शिक्षकों और कार्मिकों को शासनादेश के अनुरूप उचित मानदेय प्रदान किए जाने की मांग भी की गई है। जनगणना 2026 के दौरान शिक्षकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाए और उन्हें प्रतिकर अवकाश प्रदान किया जाए। इस अवसर पर साईस्ता प्रवीन, एकता रानी, अनीता चौधरी, अलका बंसल, सलूजा मलिक, पूजा तोमर, कल्पना, दिव्या, प्रिया शर्मा, नीरज, प्रतिभा सैनी आदि मौजूद रही।



# ग्रीन सिटी कंपनी के कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**
शहर शामली में सफाई कर्मचारियों के शोषण होने का आरोप लगाते हुए ग्रीन सिटी कम्पनी के कर्मचारियों ने कलक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होने नगरपालिका शामली के ठेकेदार रासिद खान द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन के बजाय केवल 6000 रुपये प्रतिमाह देने का आरोप लगाया है।
गुरूवार को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि वे सुबह-शाम शहर की सफाई में लगे रहते हैं, लेकिन समय पर वेतन न मिलने और वेतन की राशि में कटौती होने के कारण उनका घर का खर्च भी मुश्किल से चल पा रहा है। कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि ठेकेदार की शर्त के अनुसार वेतन का भुगतान नहीं हो रहा है और उनका शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कर्मचारियों के साथ हो रहे शोषण की जांच करने और उन्हें न्यूनतम वेतन दिलवाने की अपील की है। इस अवसर पर प्रदीप, कमल, रोहित, पवन, संजय, सोनी मौजूद रहे।



# कच्ची शराब समेत एक पकड़ा

**समाज जागरण**
कैराना। पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को कच्ची शराब समेत गिरफ्तार किया।
बुधवार रात अलीपुर पुलिया के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक कैन में पांच लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी वाजिद निवासी गांव अलीपुर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसका चालान कर दिया।

# भाई और भाभी पर मारपीट का आरोप

**समाज जागरण**
कैराना। एक ग्रामीण ने रुपयों के लेनदेन को लेकर भाई और भाभी पर मारपीट का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई।
गांव बीबीपुर हटिया निवासी अरशद ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने भाई अफसर से 400 रुपये उधार लिए हुए हैं। मंगलवार रात वह घर पर नहीं था। उसकी गैरमौजूदगी में अफसर अपनी पत्नी मुन्नी के साथ रुपये लेने उसके घर पहुंचा। जहां उसकी पत्नी रजिया ने पैसे बाद में देने की बात कही। इसके बाद दोनों ने उसकी पत्नी के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। इसी दौरान वह भी घर लौट आया, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की और धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# उत्कृष्ट रहा माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर का दसवीं का रिजल्ट

**समाज जागरण**

बागपत। माधव सरस्वती विद्या मंदिर, सुभानपुर में इस वर्ष कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में शानदार सफलता प्राप्त की, जिससे विद्यालय परिवार में खुशी का वातावरण व्याप्त हो गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रवीश कुमार ने बताया कि कक्षा दसवीं में दीपिका ने 90 प्रतिशत, सृष्टि ने 87 प्रतिशत, आकाश ने 86 प्वाइंट 2 प्रतिशत, केशव ने 80 प्वाइंट 8 प्रतिशत व एकांश ने 78 प्वाइंट 4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। रवीश कुमार ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। विद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता रहेगा। अंत में समस्त विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# ग्राम न्यायालय अधिकारी प्रवीण कुमार प्रियदर्शी को दी गई भावभीनी विदाई

## सिविल बार एसोसिएशन ने किया सम्मान, एसडीएम ने सराहा कार्यकाल

**समाज जागरण**

बड़ौत। सिविल बार एसोसिएशन के तत्वावधान में ग्राम न्यायालय के न्यायिक अधिकारी प्रवीण कुमार प्रियदर्शी का विदाई समारोह हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ फूल-मालाओं से संपन्न हुआ। समारोह में सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष धर्मवीर सिंह एडवोकेट एवं महामंत्री पुष्पेंद्र तोमर एडवोकेट ने उनके अच्छे कार्यकाल के लिए बधाई देते हुए उनकी प्रशंसा की। सभी अधिवक्ताओं ने उनका स्वागत करते हुए उनके कार्यकाल को सराहनीय बताया। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए एसडीएम भावना सिंह ने कहा कि उनका कार्यकाल बड़ौत तहसील में बहुत ही अच्छा रहा है। उनके कार्यकाल में किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं हुआ। वह हमेशा पक्ष-विपक्ष दोनों की बातें सुनकर अंतिम फैसला लेते थे। इस अवसर पर पूर्व बार अध्यक्ष ईश्वर सिंह एडवोकेट हिलवाड़ी, धरेंद्र तोमर एडवोकेट, विनोद मान सिनौली, मनीश मान एडवोकेट, हरवीर सिंह, सोनवीर सिंह, सत्यपाल पंवार, दिनेश मान, दिनेश शर्मा, अरुण मलिक, अमित वशिष्ट, विजय शर्मा एडवोकेट, कुलदीप तोमर, पूर्व बार अध्यक्ष वेदपाल पंवार शबगा, नितिन भारद्वाज, अरुण कुमार, विनोद जैन, हेमंत कुमार एडवोकेट, संतोष भारद्वाज, दीपक राठी एडवोकेट, पुष्पेंद्र उज्जवल, पूर्व बार अध्यक्ष चौधरी रामकुमार सिंह, दस्तावेज लेखक राकेश विश्वकर्मा, अश्वनी शर्मा, जागोश हरिओम शर्मा कान्हड़, पुष्पेंद्र तोमर एडवोकेट जोनमाना, धिर सिंह एडवोकेट, संजीव चौधरी, पूर्व बार अध्यक्ष आनंदपाल तोमर सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज मे नारी शक्ति दीवार कार्यक्रम आयोजित हुआ

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज नजीबाबाद में आयोजित नारी शक्ति दीवार कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में




सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की शक्ति, सम्मान और उनके योगदान को उजागर करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शहाना यासमीन, डॉ. दानिया, तथा राजकीय इंटर कॉलेज साहनपुर से श्रीमती अर्चना उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त भाजपा कार्यकर्ता गायत्री जी ने भी अपना कीमती समय देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

नजीबाबाद की प्रिंसिपल शबाना परवीन जी ने अपने प्रेरणादायक शब्दों के माध्यम से छात्राओं को नारी शक्ति का महत्व समझाया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और शिक्षा के माध्यम से ही वे सशक्त बन सकती हैं।इस कार्यक्रम में नजीबाबाद के समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। विशेष रूप से कार्यक्रम अधिकारी गजाला मुमताज ने पूरे आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अंत में सभी अतिथियों और सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा यह संदेश दिया गया कि नारी सशक्तिकरण के ऐसे प्रयास समाज को एक नई दिशा देने में सहायक सिद्ध हुआ

# कोणार्क विद्यापीठ खेकड़ा में टॉपर्स छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**समाज जागरण**




बागपत। सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में कोणार्क विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेकड़ा ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की है। विद्यालय का का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है, जिससे विद्यालय परिवार में उत्साह का वातावरण है। विद्यालय के मेधावी छात्र अनमोल गुप्ता ने 97 प्वाइंट 2 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं, हिमांशु शर्मा 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और नैतिक त्यागी ने 92 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। तानिया पाराशर ने 91 प्रतिशत अंक और सोनी त्यागी ने 90 प्वाइंट 2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। वहीं अवनी धामा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया । अनन्या गर्ग ने 89 प्वाइंट 2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और आस्था धामा ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र धामा, उपप्रबंधक अंकित धामा एवं प्रधानाचार्य अतुल कुमार गोस्वामी ने संयुक्त रूप से छात्रों की इस शानदार सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और सभी टॉपर्स को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में नलिनी शर्मा शक्ति राजदान रमा तेवतिया शालु जैन विनी शर्मा सविता शर्मा मंजू गुप्ता रितु तेवतिया विपिन धामा अजीत सिंह बिशप शर्मा गुलशन चौहान पायल चौहान मेघा धामा नरेश कुमार अभिषेक शर्मा शालिनी शर्मा शशि त्रिपाठी राहुल कुमार वरुण वर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे।

# जनता दरबार लगा, लोगों की सुनी समस्या; कस्बे के लोगों ने की सराहना

- हर माह 16 तारीख को नगर पंचायत पर होगा जनता दरबार का आयोजन
- चैयरमैन ने दिए तत्काल समाधान के आदेश, आधार कार्ड की समस्या भी हुई दूर



रटौल नगर पंचायत पर जनता दरबार में समस्या सुनते चैयरमैन

**समाज जागरण**

चांदीनगर। रटौल नगर पंचायत पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्या सुनी और मौजूद कर्मचारियों से तत्काल समाधान कराने के आदेश दिए। चैयरमैन के इस कार्य को लेकर कस्बे के लोग जमकर तारीफ कर रहे है।चैयरमैन हाजी मुंतजिर ने कस्बे के लोगों की समस्या देखते हुए जनता दरबार का आयोजन किया। उन्होंने घोषणा की कि हर माह 16 तारीख को नगर पंचायत पर जनता दरबार का आयोजन होगा। दरबार में कस्बे के लोगों ने पहुंचकर अपनी-अपनी समस्या रखी।साजिद ने बताया कि उनका मकान प्रधानमंत्री आवास के लिए चयनित था, जिसे रिजेक्ट कर दिया गया। चैयरमैन ने तुरंत उनकी फाइल मंगाकर आवेदन को आगे बढ़ाया और भरोसा दिलाया कि जिन भी कस्बे के लोगों के फार्म रिजेक्ट हुए हैं, सभी के मकान बनवाये जायेंगे। महिला साबरा ने पेंशन को लेकर समस्या रखी, जिस पर चैयरमैन ने तभी कर्मचारी को उनके फार्म भरने और पेंशन आवेदन के बाद उनकी पेंशन कराने के आदेश दिए। रटौल के लोग आधार कार्ड बनवाने के लिए ढिकोली, बागपत जाते थे। चैयरमैन ने नगर पंचायत पर मशीन लगवाकर कस्बे के लोगों की समस्या को दूर किया, जिससे लोग उनकी प्रशंसा कर रहे हैं। चैयरमेन हाजी मुंतजिर ने कहा कि लोगों की समस्या दूर करना ही उनकी प्राथमिकता है। जनता दरबार में सचिन, महबूब, मतलब, आस मौहम्मद, नदीम आदि ने सहयोग किया। सैकड़ों लोगों ने अलग-अलग समस्या रखी, जिसका उन्होंने तत्काल समाधान कराया।

# अवार्चीन इंटर कॉलेज में प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान

- उपजिलाधिकारी मनीष यादव ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर दिया आशीर्वाद
- छोटे बच्चे देश का भविष्य, मेहनत से बनेगा सुनहरा भारत": एसडीएम खेकड़ा




**समाज जागरण**

खेकड़ा। नगर के अवार्चीन इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित समारोह में कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उपजिलाधिकारी खेकड़ा मनीष यादव ने मेडल व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य मीनाक्षी स्वामी, उपजिलाधिकारी मनीष यादव व राकेश शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मनीष यादव ने कहा कि आज के ये छोटे-छोटे बच्चे देश के कल का भविष्य हैं। इनकी कड़ी मेहनत ही सुनहरे भारत का निर्माण करेगी। समारोह में 11वीं कक्षा में चारु, आस्था, निशा, कनक, वंशिका, सनी, पलक; नौवीं कक्षा में अंजलि, दीपाली, प्रिंस शर्मा; आठवीं कक्षा में सृष्टि, कनक, यश धामा, छवि, लक्ष्य, अंतिमा, आरोही, कनिका, अरनव पाल, कृष, अहान, कृतिका, वेदांत धामा, प्रियंका, यीशु, काव्या, विराट धामा, वैष्णवी, उमंग, अविका तेवतिया, देवांश शर्मा लहचौड़ा आदि छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी मनीष यादव, जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, प्राचार्या मीनाक्षी स्वामी ने मैडल व प्रमाण पत्र देकर आशीर्वाद दिया। विद्यालय परिवार की ओर से उपजिलाधिकारी मनीष यादव, जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा व पत्रकार विपुल जैन को पटका, पगड़ी, स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक उमेश शर्मा ने किया। समारोह में पिंटू तेवतिया, हर्ष सुदामा, हरि ओम, देवेंद्र शर्मा सुनहरा, कविता, शिवानी धामा, कृष्णा धामा, छवि, रेखा शर्मा, अरशद खान, मनीष कुमार, केडी शर्मा, प्रवीण शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# पैरामाउंट पब्लिक स्कूल में दसवीं कक्षा में तरुण कुमार व सादिया परवीन ने मारी बाजी

**समाज जागरण**





बागपत। सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया। इसमे पैरामाउण्ट पब्लिक स्कूल अग्रवाल मंडी टटीरी में कक्षा 10 में तरुण कुमार ने 92 प्वाइंट 2 प्रतिशत अंक व सादिया परवीन ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बाजी मारी और अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के संस्थापक बिजेंद्र सिंह, अध्यक्ष आदेश कुमार व प्रधानाचार्य शक्ति सिंह समेत समस्त अध्यापक व अध्यापिकाओ ने टॉपर्स विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्हें अपना आशीर्वाद दिया और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस मौके पर बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी बच्चों को टॉपर्स विद्यार्थियों से प्रेरणा लेनी चाहिए और आगे और भी कड़ी मेहनत कर अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन करना चाहिए। उन्होंने टॉपर्स सभी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# न्यू एरा स्कूल में दसवीं के टॉपर्स छात्रों को पुरस्कृत किया

## मेहनत और समर्पण से मिलती हैं सफलता

**समाज जागरण**



बिनौली। न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल बिनौली में बृहस्पतिवार को सम्मान समारोह हुआ। जिसमें केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई दसवीं परीक्षा में स्कूल के टॉपर्स और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेघावी छात्रों को पुरस्कृत किया और मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य मीनू सिरोही ने बताया दसवीं परीक्षा में गलेहता की छात्रा अनुष्का ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल को टॉप किया। सिरसली के देवव्रत ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करके दूसरा और रछाड़ की माही ने 87.6 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। इनके अलावा केशव, यश 83 प्रतिशत, अक्षित 82.6 प्रतिशत, स्वाति 82.4 प्रतिशत अंकों के साथ अन्य छात्रों ने भी शानदार प्रदर्शन करके स्कूल का गौरव बढ़ाया हैं। चेयरमैन यतेश चौधरी, डायरेक्टर डॉ. शिवानी चौधरी, अनुभव चौधरी ने दसवीं टॉपर्स और मेघावी छात्रों को प्रतीक चिन्ह, मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया और मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर चेयरमैन ने कहा कड़ी मेहनत, समर्पण और अनुशासन ही सफलता की कुंजी हैं। मेहनत और परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता हैं। उन्होंने छात्रों को टॉपर्स छात्रों को प्रेरणा लेने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अनुभव पुनिया, देवेश, कुनाल, अर्चित, निकिता, प्रियांशी हुड्डा, वसीम मलिक, जावेद सहित स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# जनता वैदिक कॉलेज में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023' पर जागरुकता कार्यक्रम

- "सशक्त नारी - सशक्त समाज" के संदेश के साथ दूसरे दिन भी चला अभियान
- नुक्कड़ नाटक, रंगोली और हस्ताक्षर अभियान से दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश



**समाज जागरण**

बड़ौत। जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत में सांस्कृतिक समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में "नारी शक्ति वंदन अधिनियम - 2023" विषय पर दूसरे दिन भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मूल संदेश था– "सशक्त नारी - सशक्त समाज"। कार्यक्रम का शुभारंभ "यत्र नार्यस्तु पूज्यंते" के श्लोक से हुआ। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर वीरेंद्र प्रताप सिंह, सांस्कृतिक समिति की संयोजिका, प्राध्यापक, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी, स्वयंसेवक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अधिक अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डा. गीता रानी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों, सशक्तिकरण एवं उनके संवैधानिक प्रावधानों के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने महिलाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, आत्मसम्मान एवं आत्मनिर्भरता पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। सुंदर रंगोली के माध्यम से अधिनियम के महत्व को सहज, सरल एवं प्रभावी तरीके से परिभाषित किया गया। द्वितीय दिवस पर "नारी शक्ति दीवार" हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।कार्यक्रम में डा. नीलम राणा, डा. सरिता, डा. रविंद्र कुमार, डा. अमित कुमार पांडेय, डा. शिवपाल आदि प्राध्यापकों ने अपने महत्वपूर्ण एवं प्रभावशाली सुझाव दिए। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए समाज में समानता, सम्मान एवं जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में साक्षी, वर्षा, प्रिया, रश्मि, मनु शर्मा, टिम्सी, ज्योति, नताशा, गौरी, अनुष्का, शुभम चौहान, शुभम, प्रियांशु, सचिन, अवनीश, सुभाष, राकेश आदि उपस्थित रहे।

# एएसपी आलोक कुमार को भावभीन विदाई, अधिकारियों ने सराहा कार्यकाल

**बहजोई (सम्भल), 16 अप्रैल (समाज जागरण)**



पुलिस लाइन बहजोई स्थित सभागार में एएसपी/सीओ सम्भल आलोक कुमार के गैर जनपद स्थानांतरण के उपलक्ष्य में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सम्भल डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अधिकारियों ने आलोक कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके कार्यकाल की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रही और उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ किया।

अधिकारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नए दायित्वों के सफल निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में जनपद के अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सभी ने आलोक कुमार के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए उनके सरल स्वभाव और कार्यशैली की प्रशंसा की तथा भावभीन विदाई दी।

# बाल विवाह पर लगाम: जिले में 35 हजार से अधिक बेटियों की ढाल बनी 'कन्या सुमंगला योजना', अनुदान राशि हुई 25 हजार

- योजना के तहत अब तक कुल 52,981 आवेदन हुए प्राप्त, शिक्षा और लिंगानुपात में दिख रहा सकारात्मक असर
- मार्च 2026 की सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में बजा डंका: कन्या सुमंगला और निराश्रित महिला पेंशन योजना में सम्भल पूरे प्रदेश में प्रथम

**समाज जागरण**

बहजोई/संभल। जिले में 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' बेटियों के भविष्य को संवारने और उन्हें सशक्त बनाने में एक मजबूत ढाल साबित हो रही है। योजना के प्रति बढ़ती जागरूकता का ही नतीजा है कि अब तक विभाग को कुल 52,981 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें से 35,551 आवेदनों को स्वीकृति मिल चुकी है और 35,521 बालिकाएं इस योजना से सीधे तौर पर लाभान्वित हुई हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्र भूषण के अनुसार, यह योजना न केवल बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा दे रही है, बल्कि लिंगानुपात में सकारात्मक सुधार और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं पर भी करारी चोट कर रही है। पिछले वित्तीय वर्ष (2025-26) में सभी श्रेणियों के कुल 15015 लाभार्थियों के साथ जिला पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा था। योजना के तहत मिलने वाली धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते (डीबीटी) में भेजी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भी अप्रैल माह से नए आवेदनों की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

**छह चरणों में मिलता है 25 हजार का लाभ**

योजना के तहत बेटियों को जन्म से लेकर उनकी उच्च शिक्षा तक छह अलग-अलग चरणों में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि पहला लाभ बेटी के जन्म पर, दूसरा एक वर्ष बाद सभी अनिवार्य टीके लगने पर, तीसरा कक्षा एक में प्रवेश पर, चौथा कक्षा छह में, पांचवां कक्षा नौ में और छठा व अंतिम लाभ 10वीं या 12वीं पास करने के बाद दो वर्षीय डिप्लोमा या स्नातक में प्रवेश लेने पर मिलता है। सरकार द्वारा इस योजना के तहत दी जाने वाली कुल धनराशि को 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दिया गया है। अधिकारी के मुताबिक, सबसे अधिक आवेदन जन्म और टीकाकरण वाले शुरूआती दो (फर्स्ट और सेकंड) चरणों में आते हैं।

**पारदर्शिता पर जोर: सटीक दस्तावेजों से सुनिश्चित हो रहा लाभ**

योजना का लाभ शत-प्रतिशत पात्र बालिकाओं तक पहुंचे, इसके लिए आवेदन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। प्राप्त कुल 52,981 आवेदनों की गहन जांच में करीब 17,351 आवेदन ऐसे पाए गए जो तय मानकों (जैसे- परिवार में दो से अधिक बच्चे न होना) को पूरा नहीं करते थे या उनमें टीकाकरण व शिक्षा से जुड़े जरूरी दस्तावेजों का अभाव था। विभाग ऐसे आवेदकों को निराश नहीं होने देता, बल्कि उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करता है। यदि किसी का फॉर्म होल्ड या अस्वीकृत होता है, तो वह सीधे कार्यालय में संपर्क करके या प्रार्थना पत्र देकर दस्तावेजों की कमी को जान सकता है, ताकि भविष्य में वे त्रुटियों को सुधार कर सही तरीके से योजना का लाभ उठा सकें।

**जागरूकता से रुकी बाल विवाह की कुप्रथा**

कन्या सुमंगला योजना का सबसे बड़ा सामाजिक प्रभाव यह पड़ा है कि इलाके में बाल विवाह के मामलों में भारी कमी आई है। पहले जो शिकायतें बहुतायत में आती थीं, अब लोगों के योजना के प्रति जागरूक होने से वे काफी हद तक रुक गई हैं। विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों और न्याय पंचायत स्तर पर चौपाल लगाकर, जन सेवा केंद्रों के माध्यम से और आंगनबाड़ी व आशा कार्यकताओं के जरिए लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। रोजाना करीब 30 से 35 लोग सीधे कार्यालय में आकर इस योजना से जुड़ी क्वेरी (जानकारियां) करते हैं। हालांकि, कई बार लोगों को यह भ्रम होता है कि यह पैसा हर महीने या हर साल मिलेगा, जिसे विभाग द्वारा शिकायत निवारण के दौरान दूर किया जाता है और उन्हें छह श्रेणियों के बारे में बताया जाता है।

**मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में संभल का दबदबा**

माह मार्च 2026 में विकास कार्यों से संबंधित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की जारी रिपोर्ट के अनुसार, जिले ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और निराश्रित महिला पेंशन योजना, दोनों में ही प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। कन्या सुमंगला योजना में जिले का प्रदर्शन लगातार शानदार रहा है। अगस्त 2024 से लेकर अब तक जिला लगातार प्रदेश के टॉप-3 में बना हुआ है और अक्टूबर 2024, दिसंबर 2024 से फरवरी 2025, अप्रैल से सितंबर 2025 और अब मार्च 2026 में पहले स्थान पर काबिज रहा। इसी तरह निराश्रित महिला पेंशन में भी जिले ने मार्च 2025 से जून 2025 तक और अब मार्च 2026 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# स्ट्रेटेजिक लीडरशिप के लिए स्पष्ट उद्देश्य, टीमवर्क, समयबद्ध कार्यशैली अनिवार्य: शाह

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी एवम् आईएसटीडी मुरादाबाद चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में आईएसटीडी के 57वें स्थापना दिवस पर स्ट्रेटेजिक लीडरशिप एंड डिसीजन मेकिंग पर राष्ट्रीय वेबिनार

भारतीय प्रशिक्षण एवम् विकास सोसाइटी- आईएसटीडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अतुल शाह ने बतौर मुख्य अतिथि कहा, रणनीतिक नेतृत्व के लिए स्पष्ट उद्देश्य, टीमवर्क एवम् समयबद्ध कार्यशैली आवश्यक हैं। इनके अलावा आंतरिक प्रेरणा, सकारात्मक प्रभाव का उपयोग और सक्रिय टीम का भी होना शामिल है। आईएसटीडी का सदस्य बनाते वक्त सावधानी बरतनी चाहिए। साथ ही श्री शाह ने सुझाव दिया, वेबिनार वार्ता का शोध पत्रों और पुस्तकों में संकलन होना चाहिए। साथ ही बोले, आईएसटीडी मुरादाबाद चैप्टर की स्थापना मात्र 21 दिनों में हुई, यह उल्लेखनीय उपलब्धि है। श्री शाह तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी एवम् आईएसटीडी मुरादाबाद चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में आईएसटीडी के 57वें स्थापना दिवस पर स्ट्रेटेजिक लीडरशिप एंड डिसीजन मेकिंग पर राष्ट्रीय वेबिनार में ऑनलाइन बोल रहे थे। टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन ने कहा, वर्तमान समय में प्रभावी नेतृत्व के लिए निरंतर सीखना और बदलते परिवेश के अनुरूप स्वयं को ढालना अत्यंत आवश्यक है। इससे पूर्व टिमिट के निदेशक प्रो. विपिन जैन ने वेबिनार की थीम प्रस्तुत की। डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी- पीआईएमआर, इंदौर के कुलपति डॉ. शेर सिंह भाकर ने बतौर विशिष्ट अतिथि आधुनिक नेतृत्व के लिए बीएएनआई- ब्रिटल, एंग्जायस, नॉनलाइनियर, इनकम्प्रिहेन्सिबल फ्रेमवर्क की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि संगठनों को केवल दक्ष ही नहीं, बल्कि लचीला बनना होगा। मॉडर्न वोलैटिलिटी से निपटने के लिए सिस्टम में रेजिलिएंस को शामिल करना और लंबे समय तक स्टेबिलिटी सुनिश्चित करने के लिए जरूरी ऑपरेशन्स के लिए विकल्प होना जरूरी है। लीडर साफ, ट्रांसपेरेंट डायरेक्शन, प्रायोरिटी को आसान बनाकर और मिस कम्युनिकेशन से बचाकर चिंताजनक माहौल को कम करते हैं।

# गरिमा मित्तल ने गांवों में जाकर लिया आकांक्षी योजना के तहत करवाए जा रहे कार्यों का जायजा

- अधिकारियों को साथ लेकर किया बहल, ओबरा और नूनसर का दौरा

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल, 16 अप्रैल। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की निदेशक तथा भिवानी में आकांक्षी खंड लोहारू और बहल कार्यक्रम की प्रभारी गरिमा मित्तल आईएएस ने बुधवार को बहल, नूनसर और ओबरा का दौरा किया। उन्होंने आंकांक्षी योजना कार्यक्रम के तहत करवाए जा रहे कार्यों की बारीकी से जानकारी ली। इस दौरान एडीसी दीपक बाबू लाल करवा, लोहारू के एसडीएम मनोज दलाल और डीडीपीओ सोमबीर कादयान भी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि जिला में लोहारू और बहल को आकांक्षी योजना में शामिल किया गया है। इन ब्लॉक में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिलाओं के उत्थान पर आधारित योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि ये ब्लॉक भी अन्य ब्लॉक से किसी भी स्तर पर पीछे रहें। इसी के चलते श्रीमति मित्तल ने भिवानी में अधिकारियों के साथ बैठक के बाद बहल, नूनसर और ओबरा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बहल में विभिन्न प्रकार के मसाले बनाकर बेचने का काम करने वाली रेखा रानी से बात की। उन्होंने रेखा रानी को प्रोत्साहित किया और कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी होना जरूरी है। सरकार महिलाओं के जीवन उत्थान के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं चला रही है।

प्रभारी गरिमा मित्तल ने नूनसर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और ओबरा स्थित आंगनवाड़ी सेंटर का भी औचक निरीक्षण किया। स्कूल में निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षण कार्य के बारे में विद्यार्थियों से जानकारी ली। उन्होंने स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया। उन्होंने ओबरा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि महिलाओं को बच्चों के पोषाहार के बारे में जागरूक किया जाए। इसके साथ ही महिलाओं को भी उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना जरूरी है। स्वस्थ बच्चे के लिए मां का स्वस्थ होना चाहिए। बच्चों का समय पर टीकाकरण हो। निरीक्षण के दौरान महिला एवं बाल विकास की जिला कार्यक्रम अधिकारी वैशाली ने महिलाओं व बच्चों को लेकर क्रियान्वित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान पंचायत विभाग के अधिकारी व महिला एवं बाल विकास विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री के नाम से बना पार्क, अब बना शराबियों व आवारा कुत्तों का अड्डा

- भिवानी के बंसीलाल पार्क की बदहाल स्थिति, प्रशासन को 5 दिन का अल्टीमेटम नहीं प्रार्थना
- पार्क की जल्द ली जाए सुध , यहां बना हुआ है खतरा: अशोक भारद्वाज
- पार्क की हरियाली व सौंदर्य को दिया जाए संरक्षण: भारद्वाज



**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। हलवास गेट स्थित पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल के नाम से प्रसिद्ध पार्क इन दिनों बदहाली और अव्यवस्था का शिकार बना हुआ है। पार्क की स्थिति लगातार जर्जर होती जा रही है, लेकिन संबंधित विभाग और जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। पार्क सौंदर्यकरण जागरूकता अभियान के सूत्रधार एवं भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि यह पार्क अब सामाजिक गतिविधियों के बजाय शराबियों और आवारा कुत्तों का अड्डा बन गया है, जिससे यहां आने वाले नागरिकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

सुबह और शाम सैर करने वाले लोगों, खासकर महिलाओं और सीनियर सिटीजन के लिए यह पार्क असुरक्षित होता जा रहा है। पार्क के अंदर खुलेआम शराब पी जाती है और बोतलें इधर-उधर फेंकी जाती हैं, जिससे आए दिन झगड़े और विवाद की घटनाएं सामने आती हैं। अशोक भारद्वाज ने कहा कि महिलाओं और बेटियों के लिए यहां से गुजरना भी मुश्किल हो गया है। वहीं, पार्क की पगडंडियों की खराब स्थिति के कारण बुजुर्गों को गिरने का खतरा बना रहता है और कई छोटे हादसे भी हो चुके हैं।

पार्क में लगे झूले, बेंच और कुर्सियां टूटी हुई हैं, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को असुविधा हो रही है। सौंदर्यीकरण के लिए लगाए गए फव्वारे लंबे समय से खराब पड़े हैं और उनमें जमा गंदे पानी में डेंगू के मच्छर पनप रहे हैं। पार्क में चारों ओर गंदगी फैली हुई है, जिससे स्वच्छता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इसके अलावा, यह पार्क क्रिकेट खेलने वालों का मैदान बन गया है, जिससे अन्य लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पार्क में लगी पानी की दोनों मोटर खराब होने के कारण हरियाली भी खत्म होती जा रही है। सैकड़ों पौधे पानी के अभाव में सूखने लगे हैं, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस संबंध में कई बार अधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि उन्होंने पार्क से जल एवं पर्यावरण संरक्षण साक्षरता अभियान के तहत पार्क सौंदर्यकरण जागरूकता अभियान शुरू किया है। उन्होंने प्रशासन और संबंधित विभाग को 5 दिन का समय देते हुए चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उन्हें जन सत्याग्रह का रास्ता अपनाना पड़ेगा। इस अवसर पर सीनियर सिटीजन मैदा राम सोनी, दीन दयाल कामरा, आनंद कुमार, चेतन प्रकाश, राज कुमार वर्मा, पदम सोनी, राजेश सोनी, मेंबर सिंह, नरेंद्र सोनी, राजेश शर्मा, सतनारायण सोनी उर्फ बुल्ला अंचल, दिनेश शर्मा, आनंद सोनी, रमेश ठाकुर, आनंद चौधरी, शुभम वर्मा, ओम प्रकाश, महेंद्र , सीताराम और ईश्वर अंचल ने भी एकजुट होकर प्रशासन से पार्क की जल्द सुध लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही, जिससे उन्हें गहरा मलाल है।

# सूबेदार आशाराम पिलानियां की स्मृति पर याद कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी, 16 अप्रैल । लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह के पीएसओ अनिल पिलानियां के पिता जी सूबेदार स्व.श्री आशाराम पिलानियां की आठवीं पुण्य तिथि पर अनेक गणमान्य नागरिकों ने उन्हें याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों ने सूबेदार स्व.आशाराम पिलानियां की आठवीं पुण्य तिथि पर उनके गांव डाढ़ीबाना पहुंचकर आयोजित एवं प्रार्थना सभा में शामिल हो उनको यादककर नमन किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

सूबेदार आशाराम पिलानियां युवाओं को राष्ट्र एवं समाज सेवा के लिए सदैव प्रेरित करते रहते है। गौरतलब होगा कि सूबेदार आशाराम पिलानियां देश के लिए भारतीय सेना के जांबाज सैनिक थे। वे सन 1965 तथा 1971 के युद्ध में भारतीय सेना के हिस्सा रहे। उनके हौसले और जज्बे का हर कोई कायल था। सूबेदार आशाराम पिलानियां के रोम रोम में देश भक्ति और राष्ट्र एवं समाज के प्रति पूर्ण समर्पित सेवा भाव बसा हुआ था। उनकी पुण्य स्मृति पर सूबेदार विजय सिंह, इंस्पेक्टर अजय सिंह, प्राचार्य रावत सिंह, जेई अजीत सिंह,राजेश लंबरदार पैंतावास खुर्द, बहादुर लंबरदार सहित अनेक गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रृद्धा सुमन अर्पित किए।

# पूर्व सैनिक कैप्टन रामकिशन श्योराण के निधन पर शोक जताने देशभर से पहुंचे पूर्व सैनिक व गणमान्य लोग, दी श्रद्धांजलि

**समाज जागरण, जिला संवाददाता**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल। निकटवर्ती गांव चैहड़ खुर्द के पूर्व सैनिक कैप्टन रामकिशन श्योराण के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की खबर मिलते ही गांव में शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया।

इस दौरान पूर्व कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल भी शोक जताने के लिए पहुंचे। वहीं उनके साथ कार्य कर चुके अनेक पूर्व सैनिकों ने भी गांव पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

देशभर से पहुंचे पूर्व सैनिक कैप्टन रामकिशन श्योराण के अंतिम दर्शन के लिए उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों से जाट रेजीमेंट व सेकेंड मैकेनाइज्ड रॉयल जाट से जुड़े पूर्व सैनिक पहुंचे और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

सामाजिक कार्यों में भी रहे सक्रिय श्रद्धांजलि देने पहुंचे लोगों ने कहा कि कैप्टन रामकिशन श्योराण केवल एक सैनिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक कार्यों में भी हमेशा बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने अपने कार्यकाल की यादें साझा करते हुए उन्हें नमन किया और परिवार को सांत्वना दी।

# बहल क्षेत्र से 18 वर्षीय छात्रा लापता, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**परिवार ने लगाई तलाश की गुहार, थाना बहल में गुमशुदगी का केस दर्ज**

**दैनिक समाज जागरण**

बहल। बहल क्षेत्र के गांव से 18 वर्षीय छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों की शिकायत पर थाना बहल पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता युवती के पिता ने बताया कि 14 अप्रैल 2026 को वह अपनी पत्नी के साथ खेतों में मजदूरी करने गया हुआ था। शाम करीब 6 बजे घर लौटने पर उसकी बेटी घर पर नहीं मिली।

परिजनों ने आसपास, रिश्तेदारी और अन्य संभावित स्थानों पर काफी तलाश की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लग पाया। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर थाना बहल में मुकदमा दिनांक 14 अप्रैल 2026 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 127(6) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस द्वारा युवती की तलाश के लिए आसपास के क्षेत्रों में जांच की जा रही है और सभी संभावित स्थानों पर छानबीन जारी है।

# शिरोमणि कमेटी स्टाफ की सराहनीय पहल, इंग्लैंड परिवार का कीमती बैग सुरक्षित लौटाया

**(पंजाब अमृतसर रघुनंदन पराशर जैतो/समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**







अमृतसर, 16 अप्रैल : सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में दर्शन के लिए आए इंग्लैंड के एक परिवार का खोया हुआ बैग, जिसमें एक पासपोर्ट और करीब 20 लाख पाउंड थे, शिरोमणि कमेटी के कर्मचारियों ने ढूंढकर परिवार को सौंप दिया। शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने आज श्री दरबार साहिब के इन कर्मचारियों को खास तौर पर सम्मानित किया, जिन्होंने ईमानदारी और लगन से अपनी ड्यूटी निभाई।एडवोकेट धामी ने कहा कि देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु हर दिन सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेकने आते हैं और शिरोमणि कमेटी द्वारा तैनात स्टाफ हमेशा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कोशिश करता है। स्टाफ इस बात का खास ध्यान रखता है कि किसी भी श्रद्धालु का कीमती सामान खराब न हो। ड्यूटी पर तैनात स्टाफ ने कई बार श्रद्धालुओं का खोया हुआ सामान ढूंढकर सौंपा है। उन्होंने कहा कि कल रात इंग्लैंड से एक परिवार दर्शन के लिए आया था, जिसका खोया हुआ बैग जिसमें करीब 20 लाख पाउंड और पासपोर्ट थे, जब यह मामला उनके ध्यान में आया तो खोया हुआ सामान ढूंढकर श्रद्धालु परिवार को सौंप दिया गया। शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष ने कर्मचारियों की ईमानदारी से ड्यूटी के लिए उनका साथ दिया और उन्हें गुरु साहिब के डर से अपनी ड्यूटी करने के लिए प्रेरित भी किया। इस बीच, इंग्लैंड के रहने वाले श्री सोढ़ी सिंह ने श्री दरबार साहिब के स्टाफ को मिले सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चीफ सैक्रेटरी कुलवंत सिंह मन्नन,ओ.एस.डी. सतबीर सिंह, सैक्रेटरी बलविंदर सिंह काहलवां, गुरिंदर सिंह मथरेवाल, निजी सैक्रेटरी शहबाज सिंह, डिप्टी सैक्रेटरी हरभजन सिंह वक्ता, श्री दरबार साहिब के मैनेजर भगवंत सिंह धंगेडा, जसपाल सिंह ढड्डे आदि मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाई गई भारत रत्न संविधान निमार्ता बीआर अम्बेड़कर की 135वीं जयंती

**समाज जागरण**




कालांवाली 16 अप्रैल (सुरेश जोरासिया) भारत रत्न संविधान निमार्ता बाबा साहब बीआर अम्बेड़कर की 135वीं जयंती अम्बेड़कर भवन गांव कालांवाली के प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री संदीप वाल्मीकि दिल्ली सरकार, पूर्व विधायक बलकौर सिंह, जनता मोर्चा के प्रधान करनैल सिंह औढ़ां, डा. रामलाल बलजोत बाबा साहब पर की पीएच.डी. सुनील कुमार थाना प्रभारी कालांवाली पार्षद सुनील बुमरा मुख्य तौर पर पहुंचे। कार्यक्रम में पहुंचे पर श्री गुरू रविदास सभा,बीआर अम्बेड़कर गांव कालांवाली की और से गर्म जोशी के साथ माल्य पहनाकर स्वागत किया गया। बीआर अम्बेड़कर, तथागत महात्मा बुद्ध, संत शिरोमणि महार्षि वाल्मीकि महाराज, श्रीगुरूरविदास महाराज ज्याति प्रज्वलित की गई बाबा साहेब बीआर अम्बेड़कर एवं सभी संत महापुरूषों को नमन किया गया। मंच का संचालन उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी सुरेश जोरासिया ने किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री संदीप वाल्मीकि अपने संबोधन करते हुऐ कहा कि जो बाबा साहब बीआर अम्बेड़कर ने इस भारत देश के लिए किया आज तक कोई राजनेता नही कर पाया शोषित वंचित कमजोर वर्ग, महिलाओ की सुरक्षा, वोट का अधिकार ऐस तमाम अधिकार भारतीय संविधान में है हम कुछ करने कि जरूरत नही हमे संविधान में अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनों अपनो घरों में बाबा साहब बीआर अम्बेड़कर कि तस्वीर लगाओ सुबह उठते को प्रणाम करो कहो बाबा साहब आप थे तो हम है। आज हम जो कुछ भी है आपकी देन है। बाबा साहब की विचारो को अपनाऐ। आप लोग वोट कि ताकत को समझना चाहिए । आज तो वोट चोरी भी हो गई है। बाबा साहब ने अपनी अंतिम सांस आबू रोड़ दिल्ली में ली, उनके पार्थिक शरीर को मुम्बई ले जाया गया। दिल्ली के राजघट में जगह नही दी उस समय कांग्रेस की सरकार थी। सब कुछ देश कि जनता के सामने है। आपको सोचना होगा। साहब काशी राम ने कहा कि मैं कांग्रेस को एक दिन खत्म कर दूंगा। और बीजेपी का कुता खड़ा होगा, वो भी जीत कर आऐगा उसके बाद कोई योद्धा मजबूत होगा तब बहुजनो का राज आऐगा। दिल्ली मे संतगुरू रविदास महाराज जी का मंदिर तोडा गया' तो में दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल से मैंने कहा कि यह गलत है आप हमारा साथ दो तो उसने साफ मना कर दिया कि यह आपके समाज की लड़ाई है आप लड़ो मैंने उसकी समय मंत्री पद छोड़ दिया और सड़को पर आ गऐ। जय भीम जय भारत नामो बुद्धाऐ के नारों से आसमान गुंज उठा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की सरकार से सवाल किया तो उस समय भूल्लर अधिकार मुख्यमंत्री को बालने नही दे रहा था तो संदीप वाल्मीकि ने कहा कि मुख्यमंत्री आप हो या यह अधिकारी है। तब नायब सैनी मुख्यमंत्री ने कहा मैं तो एक चपड़ासी की बदली नही कर सकता है यह वाक्य पूर्व कैबिनेट मंत्री संदीप वाल्मीकि ने मंच से कहे। पूर्व विधायक बलकौर सिंह ने बाबा साहब के जीवन के बारे में जानकारी दी।

प्रो. रामलाल बलजोत ने मंच के द्वारा बाबा साहब के विचारों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होने ने कहा कि बाबा साहब ने 1932 में दो वोट का अधिकार लेकर दिया। उस समय में महात्मा गांधी के दो वोट के अधिकार के विरोध में आमरण व्रत रखा। दो वोट का अधिकार के बारे में बताया कि इस अधिकार से केवल अपने समाज के व्यक्ति ही वोट डालेगे। मोहनदास कर्मचंद गांधी उस समय मुसलिम, सिंख नेताओ से मिले उनसे सांझगाठ कि आपके सभी हक एवं शर्ते हमे मंजुर है लेकिन आप अम्बेडकर की बातो से सहमत ना हो आदि जानकारी दी। जनता अधिकारी मोर्चा के अध्यक्ष करनैल सिंह संबोधित करते हुऐ है कहा कि बाबा साहब बी आर अम्बेड़कर हिन्दू कोट बिल लेकर आऐ जिसमें महिलाओं को शिक्षा,संपति रखने बराबरता,तलाक आदि अधिकार दिऐ कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथिओं को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अध्यक्ष अश्वनी नूना, उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी सुरेश जारोसिया, नरेश कुमार काला, जसवीर सिंह, बाबूब राम, नरेश (चुनमुन) अशोक डमोलिया, बलबीर पार्षद सुनील बुमरा, बंसी राम, हरदीप सुरतिया, जसविन्द्र सिंह आदि ग्रामवासी मौद रहे।

# युवती ने युवक पर पीछा करने व धमकी देने के लगाए आरोप, मामला दर्ज

**पुलिस ने शिकायत के आधार पर किया मामला दर्ज, जांच शुरू**

**दैनिक समाज जागरण।**

बहल। बहल निवासी एक युवती ने गांव के ही युवक पर पीछा करने, अभद्र भाषा का प्रयोग करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी मुकेश पिछले करीब दो वर्षों से उसका पीछा कर रहा है और उसे परेशान कर रहा है। आरोप है कि आरोपी अक्सर गंदी गालियां देता है और अभद्र व्यवहार करता है।

युवती ने बताया कि 11 अप्रैल 2026 को वह खेत की ओर जा रही थी, तभी आरोपी बाइक पर आया और उसके साथ अभद्र टिप्पणी कर चला गया। इसके बाद वह दोबारा वापस आया और फिर से उसे परेशान किया।

पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देता है और उसे जबरन उठाने की कोशिश कर रहा है, जिससे वह और उसका परिवार भयभीत है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर थाना बहल में मामला दिनांक 13 अप्रैल 2026 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 78, 351(2) व 79 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# कोर्ट में पेश न होने पर आरोपी घोषित हुआ उद्घोषित व्यक्ति

**अदालत के आदेश की अवहेलना पर बहल थाना में नया मुकदमा दर्ज**

**दैनिक समाज जागरण।**

बहल। लोहारू न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने पर एक आरोपी को उद्घोषित व्यक्ति घोषित करते हुए उसके खिलाफ नया मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय पाल सिंह माल्ही की अदालत में चल रहे मामले (एफआईआर नंबर 46 दिनांक 02.04.2025) में आरोपी सरफराज पुत्र बाबूशाह निवासी मुक्ति सराय चांदपुर, जिला बिजनौर (उत्तर प्रदेश) को पेश होने के लिए कई बार अवसर दिया गया, लेकिन वह अदालत में उपस्थित नहीं हुआ।

**अदालत ने घोषित किया उद्घोषित व्यक्ति**

अदालत ने पाया कि आरोपी को विधिवत नोटिस और उद्घोषणा की कार्रवाई पूरी कर दी गई थी तथा 30 दिन की निर्धारित अवधि भी समाप्त हो चुकी थी। इसके बावजूद आरोपी के उपस्थित न होने पर उसे ह्लउद्घोषित व्यक्तिह्व घोषित कर दिया गया।

**बहल थाना में नया केस दर्ज**

अदालत के आदेश के आधार पर थाना बहल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 209 के तहत नया मुकदमा दिनांक 16 अप्रैल 2026 को दर्ज किया है।

पुलिस द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।

# डिप्टी कमिश्नर पूनमदीप कौर ने पूरे पंजाब में जैतो की तमन्ना को 8वीं क्लास में टॉपर आने पर किया सम्मानित

**(पंजाब जैतो रघुनंदन पराशर/ समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो, 16 अप्रैल : फरीदकोट जिले में 8वीं क्लास की सालाना परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करने वाले टॉपर स्टूडेंट्स को डिप्टी कमिश्नर फरीदकोट मैडम पूनमदीप कौर आईएएस ने सम्मानित किया। इस मौके पर डिप्टी कमिश्नर ने टॉपर स्टूडेंट्स को हर स्टूडेंट को 11000 रुपए के चैक बांटे और उनकी हिम्मत बढ़ाई। गौरतलब है कि जिले के आठवीं क्लास के स्टूडेंट्स में तमन्ना सरस्वती सीनियर सैकेंडरी स्कूल जैतो ने 600/600 मार्क्स लेकर पंजाब में पहला स्थान हासिल किया, जबकि जशनदीप कौर संत मोहन दास मेमोरियल सीनियर सैकेंडरी स्कूल कोटसुखिया ने 598/600 मार्क्स लेकर पंजाब में तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा मनप्रीत कौर गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल (कन्या) पंजगराई कलां और मुस्कानप्रीत कौर गवर्नमेंट हाई स्कूल, धीमानवाली ने 585/600 मार्क्स लेकर शानदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि स्टूडेंट्स की कड़ी मेहनत और लगन ही उनकी सफलता का असली मंत्र है और जिले के ये टैलेंटेड स्टूडेंट्स दूसरों के लिए प्रेरणा का सोर्स हैं। उन्होंने पेरेंट्स और टीचर्स की भूमिका की भी तारीफ की और कहा कि उनके सपोर्ट से ही स्टूडेंट्स ऊंची ऊंचाइयों तक पहुंचते हैं। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिसर मैडम अंजना कौंसिल, मिस्टर जसबीर सिंह जस्सी, प्रिंसीपल दीपक कुमार, हेड मास्टर रविंदर सिंह, सोनी थापर, कुसम कालरा के अलावा स्टूडेंट्स के पेरेंट्स मौजूद थे।डिप्टी कमिश्नर पूनमदीप कौर जैतो की पंजाब भर में टापर रही तमन्ना को सम्मानित करते हुए।

# लायन क्लब जैतो 2026-27 सालाना चुनाव प्रदीप सिंगला सर्वसम्मति से प्रधान बने बने

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो,16 अप्रैल :जैतो शहर को लगभग 30 साल से भी ज्यादा समय से मानवता को समर्पित समाजसेवा में अग्रणी संस्था लायन क्लब जैतो गंगसर की एक विशेष बैठक प्रदीप भूषण गोयल के नेतृत्व में हुई जिसमें नए प्रधान के लिए सर्वसम्मति से प्रदीप सिंगला का चुनाव किया गया है । क्लब के निर्वतमान प्रधान कुलभूषण माहेश्वरी एवं पी.आर.ओ. नरेश मित्तल ने बताया कि साल 2026-27 के लिए प्रदीप सिंगला को प्रधान चुना गया। उन्होंने कहा कि इसके बाद लायन आई केयर सैंटर जैतो के चेयरमैन राकेश रोमाना की हाजिरी में जरनल हाउस की बैठक में इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास कर लिया गया ।इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप सिंगला ने बताया कि सत्र 2026-27 के लिए मनु वर्मा मंटू सचिव, जीवन गर्ग रिंकू कोषाध्यक्ष , दिनेश गोयल, धर्मपाल सिंगला , शिव बांसल उपाध्यक्ष, संजीव शर्मा टीनू पी.आर.ओ. आशु मित्तल सह-सचिव, सह-कोषाध्यक्ष पंकज शर्मा , टेमर गणेश जैन, टेल ट्विस्टर विनय बांसल, आई कैम्प चेयरमैन नरेश मित्तल को बनाया गया है जबकि बोर्ड ऑफ डायरैक्टर में राकेश रोमाना , प्रदीप भूषण गोयल , कृष्ण गोपाल बांसल, शक्ति मित्तल , भूषण रोमाना, राजेश जिंदल , मनेश गोयल , राम अवतार वर्मा , सपन कोठारी पुरषोत्तम सिंगला को जिम्मेवारी दी गई है ।प्रदीप सिंगला ने हाजिर सभी का धन्याबाद करते हुए कहा कि इस संस्था के द्वारा सभी का सहयोग लेकर समाज सेवा के कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा एवं संस्था को सर्वोच्च अवार्ड दिलवाना मेरी प्राथमिकता रहेगी ।इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष नरेश गर्ग , परवीन जैन कृष्ण गोपाल बांसल आदि अन्य हाज़िर सभी ने प्रदीप सिंगला को प्रधान बनने पर बधाई दी।

लायन क्लब जैतो गंगसर के वार्षिक चुनाव में प्रदीप सिंगला अध्यक्ष चुनने के उपरांत नई टीम व अन्य।

# अमरकंटक ताप विद्युत गृह की यूनिट-5 का रिकॉर्ड: 560 दिन लगातार उत्पादन, देश में दूसरा स्थान

**समाज जागरण**

जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (MPPGCL) के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई (ATPS) की 210 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट नंबर 5 ने लगातार 560 दिनों तक निर्बाध विद्युत उत्पादन कर एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता साबित की है। इस उपलब्धि के साथ यह यूनिट 210 मेगावाट श्रेणी में देश की दूसरी सबसे अधिक दिनों तक लगातार उत्पादन करने वाली यूनिट बन गई है।

इस दौरान यूनिट ने एनटीपीसी के विंध्याचल सुपर ताप विद्युत गृह, सिंगरौली को पीछे छोड़ दिया। वहीं सभी श्रेणियों को मिलाकर देखा जाए तो यह यूनिट देश की उन शीर्ष विद्युत इकाइयों में शामिल हो गई है, जिन्होंने सबसे लंबे समय तक निरंतर उत्पादन किया है—इस सूची में इसका चौथा स्थान है। यूनिट 1 अक्टूबर 2024 से लगातार बिजली उत्पादन कर रही है।



तकनीकी मानकों पर भी यूनिट का प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा है। इस अवधि में 98.78% प्लांट अवेलेबिलिटी फैक्टर (PAF), 95.48% प्लांट लोड फैक्टर (PLF) और 9.28% ऑक्जिलरी कंजम्प्शन जैसे उच्च मानक हासिल किए गए हैं। ये आंकड़े यूनिट की दक्षता, विश्वसनीयता और तकनीकी मजबूती को दशार्ते हैं।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई और MPPGCL के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने इस उपलब्धि को टीम के समर्पण, बेहतर योजना, मजबूत रखरखाव प्रणाली और सतत निगरानी का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि इतने लंबे समय तक बिना किसी बड़ी बाधा के संचालन बनाए रखना संस्थान की पेशेवर कार्यशैली और तकनीकी दक्षता का प्रमाण है।

यह उपलब्धि न केवल अमरकंटक ताप विद्युत गृह के लिए गर्व का विषय है, बल्कि मध्यप्रदेश के उपभोक्ताओं को भरोसेमंद और किफायती बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही यह राज्य के अन्य बिजली उत्पादन केंद्रों के लिए प्रेरणा और मानक स्थापित करती है।

# मुख्यमंत्री से मिले भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी, ठेका व संविदा कर्मियों की समस्याओं पर हुई विस्तार से चर्चा

**समाज जागरण विजय तिवारी**

भोपाल। मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट कर विभिन्न वर्गों के कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष ठेका श्रमिकों, नियमित कर्मचारियों, शिक्षकों, संविदा कर्मचारियों एवं पंचायत संविदा कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं और मांगों को विस्तार से रखा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बड़ी संख्या में कार्यरत ठेका एवं संविदा कर्मी वर्षों से अस्थायी व्यवस्था में काम कर रहे हैं, जिससे उन्हें वेतन, सेवा सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और अन्य सुविधाओं में कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने मांग रखी कि ठेका प्रथा में सुधार करते हुए श्रमिकों को समान कार्य के लिए समान वेतन दिया जाए। साथ ही संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण, शिक्षकों की लंबित समस्याओं के निराकरण, पंचायत स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों को स्थायित्व प्रदान करने तथा कर्मचारियों के हित में स्पष्ट नीति बनाने की आवश्यकता बताई।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी अवगत कराया कि कई विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनके जीवन-यापन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसके अलावा सेवा शर्तों में एकरूपता, भविष्य निधि, बीमा और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि सरकार कर्मचारियों के हितों के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करने की बात कही, ताकि समस्याओं का त्वरित और व्यावहारिक समाधान निकाला जा सके।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिकों और कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि सरकार जल्द ही ठोस निर्णय लेकर कर्मचारियों को राहत प्रदान करेगी।

# दुबे परिवार में बह रही भागवत की अमृत मयी रसधारा

**समाज जागरण**

उमरिया --- उमरिया जिले के दूराचंल गाँव नरवार में दुबे परिवार में 14 अप्रैल से श्री मद भागवत कथा की अबिरल अमृत धारा बह रही है। आज भागवत कथा के तीसरे दिवस व्यास देव की आंसदी से श्री मुख से महराज जी ने भक्त शिरोमणि धुर्व जी की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि धुर्व जी ने शैशव काल में ही भगवान की कठिन तपस्या कर उन्हें प्रसन्न किया था।धुर्व चरित्र की कथा श्री मद भागवत पुराण की एक अत्यंत प्रेरणा दायक कथा है जो कि 5 वर्षीय बालक धुर्व की दृढ़ता अटूट भक्ति और भगवान विष्णु की कृपा को दशार्ती है। सौतेली माँ सुरूचि के अपमान पिता के गोद से उतारने से आहत होकर धुर्व ने अपनी माँ सुनीति के सलाह पर वन में जाकर कठोर तपस्या के लिए चले गए थे, जहाँ पर नारद जी के शिष्यवत उन्होंने तपस्या की थी।धुर्व की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उन्हें अटल वरदान देकर आकाश मंडल में धुर्व तारा के रूप में आज भी सुशोभित हो रहा है। इसी तरह बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए भक्त राज प्रहलाद की कथा का वर्णन करते हुए गुरु जी ने बताया कि असुर सम्राट हिरण्यकश्यप के पुत्र प्रहलाद में प्रभु की भक्ति पर अटूट विश्वास था, उस विश्वास को बरकरार रखने के लिए भगवान को नरसिंहावतार के रूप में आकर हिरण्यकश्यप का उद्धार किया था। भक्त प्रहलाद ने यह साबित कर दिया है कि हर कण में भगवान का वास है जिसको साबित करने के लिए प्रभु को खंभा से प्रगट होना पड़ा। भक्त प्रहलाद की कथा से ही उनकी बुआ होलिका की कथा जुडी हुई है, जहाँ पर भगवान ने होली जैसे विशाल अग्नि में अपने भक्त की रक्षा की थी। भक्त प्रहलाद को मारने के लिए अनेकों प्रयास किये गए परन्तु नारायण के प्रति उनकी सच्ची निष्ठा ने हरबार उनकी रक्षा की जिससे वह सदाचारी भगवद भक्त बन कर अपना नाम अमर कर गये।



इस तरह दुबे परिवार में इन दिनों श्री मद भागवत कथा की रस मयी कथा का रसपान करने भारी संख्या में श्रोता गण पहुँच कर रसपान का आनंद ले रहे हैं।

# मेहनताना या वसूली? बिना वेरिफिकेशन एंट्री से सतपुड़ा प्लांट की सुरक्षा पर बड़ा सवाल

- चिनार कंपनी पर मेहरबानी या अंदरखाने सेटिंग? बिना वेरिफिकेशन मजदूरों की एंट्री से उठे सवाल
- गेट पर नियमों का खेल, अंदर सेटिंग का मेल!
- दोहरा चेहरा उजागर: नियम सिर्फ आम ठेकेदारों के लिए?

**समाज जागरण**

सारनी। मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार मामला प्लांट के मुख्य सुरक्षा अधिकारी शरद राघव के कथित दोहरे रवैये का है। ठेकेदारों का आरोप है कि गेट पर नियम-कायदे सिर्फ चुनिंदा लोगों पर ही लागू किए जाते हैं। जो सेटिंग में फिट नहीं बैठते, उनके मजदूरों को छोटी-छोटी कमियों के नाम पर रोक दिया जाता है, जबकि खास लोगों के लिए नियम जैसे मायने ही नहीं रखते।

**बिना वेरिफिकेशन एंट्री: चिनार कंपनी पर मेहरबानी क्यों?**

सूत्रों के अनुसार, पुरानी इकाई के डिस्मेंटल का काम देख रही चिनार कंपनी के मजदूर बिना पुलिस वेरिफिकेशन के ही प्लांट में प्रवेश कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इन मजदूरों की जानकारी स्थानीय थाने में भी नहीं दी गई है। जबकि आम ठेकेदारों से हर दस्तावेज और पुलिस जांच की सख्ती से मांग की जाती है। सवाल उठ रहा है कि आखिर चिनार कंपनी के मजदूरों को इतनी छूट क्यों? क्या इसके पीछे कोई खास वजह है?



**सुरक्षा पर खतरा: आपराधिक प्रवृत्ति के लोग भी अंदर?**

स्थानीय सूत्रों का दावा है कि कई संदिग्ध और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग भी बिना गेट पास के प्लांट में प्रवेश कर रहे हैं। आरोप है कि सुबह के समय लेन-देन के बाद उन्हें अंदर जाने दिया जाता है। यदि भविष्य में कोई बड़ी घटना घटती है, तो पुलिस के लिए आरोपियों तक पहुंचना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में यह लापरवाही पूरे क्षेत्र की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर रही है।

**मेहनताना के नाम पर वसूली? ऑफिस में चलता है इशारों का खेल**

ठेकेदारों ने यह भी आरोप लगाया है कि सभी दस्तावेज पूरे होने के बावजूद गेट पास बनवाने के लिए मेहनताना मांगा जाता है। मुख्य सुरक्षा अधिकारी कथित तौर पर कहते हैं कि हम भी मेहनत करते हैं, हमारा मेहनताना बनता है। ठेकेदारों का कहना है कि ऑफिस में टेबल के दराज को बार-बार खोलकर इशारों में पैसे रखने का दबाव बनाया जाता है। इससे साफ है कि बिना लेन-देन काम होना मुश्किल बताया जा रहा है।

**समय रहते सुधरे व्यवस्था, नहीं तो बड़ा खतरा संभव**

शहर के बुद्धिजीवियों का मानना है कि यदि बाहरी मजदूरों की जानकारी समय पर पुलिस को नहीं दी गई, तो भविष्य में चोरी, लूट या अन्य गंभीर घटनाओं की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने मांग की है कि संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो और सभी मजदूरों का अनिवार्य सत्यापन सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्लांट और शहर की सुरक्षा बनी रहे।

**इनका कहना है**

अगर बाहरी मजदूर मैं कोई अपराधी है तो इसकी सूचना आप पुलिस को दें। में इसमे कुछ नही कर सकता।

**शरद राघव**
मुख्य सुरक्षा अधिकारी सतपुड़ा प्लांट सारनी

# नारी शक्ति को अधिकार, मोदी सरकार का संकल्प साकार - सशक्त नारी से ही समृद्ध भारत:- ज्योति

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर। देश की आधी आबादी को सशक्त और सम्मानित स्थान देने की दिशा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत के इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय बनकर उभरा है। यह ऐतिहासिक निर्णय महिलाओं को राजनीति में भागीदारी का सशक्त अवसर प्रदान कर लोकतंत्र को नई ऊर्जा देगा।

भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने यह साबित कर दिया है कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वासह्व केवल नारा नहीं बल्कि एक सशक्त संकल्प है। मोदी सरकार ने हमेशा महिलाओं के सम्मान सुरक्षा और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।



उज्ज्वला योजना बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मातृत्व वंदना जैसी अनेक योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है, और अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम इस दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर सिद्ध होगा।

इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्रीमती ज्योति सोनी ने क्षेत्र की सभी माताओं बहनों एवं महिलाओं से भावनात्मक अपील करते हुए कहा है कि वे इस ऐतिहासिक पहल का समर्थन करें और अधिक से अधिक संख्या में जुड़ें 9667173333 पर मिस कॉल देकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में अपनी सहभागिता दर्ज करें।उन्होंने कहा कि यह केवल एक कानून नहीं बल्कि भारत की नारी शक्ति के सम्मान अधिकार और उज्ज्वल भविष्य की नींव है हर महिला की भागीदारी इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी जब नारी सशक्त होगी तभी भारत समृद्ध और आत्मनिर्भर होगा।

# उमरिया में गूंज रही भक्ति की धारा: भागवत कथा में वामन चरित्र, रामप्रसंग और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का दिव्य वर्णन

**समाज जागरण**

उमरिया विनायक टाउन उमरिया इन दिनों भक्तिमय वातावरण में सराबोर है, जहां तिवारी परिवार के यहां आयोजित श्रीमद् भागवत कथा श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम बन चुकी है। कथा के दौरान वामन चरित्र, श्रीराम प्रसंग तथा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की महिमा का अत्यंत भावपूर्ण एवं प्रभावशाली वर्णन किया गया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में पूरी तरह डूब गए।

कथा व्यास जी महाराज बालकृष्ण पांडे की अमृतमयी वाणी ने मानो पूरे वातावरण को दिव्यता से भर दिया। उनकी मधुर, कोकिल-कंठी वाणी से निकले प्रत्येक शब्द ने श्रोताओं के हृदय को स्पर्श किया। वामन अवतार की लीला, भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन प्रसंग और श्रीकृष्ण जन्म की अद्भुत कथा ने सभी को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान कई बार श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं और वातावरण हरि बोल एवं जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।



इस पावन आयोजन के मुख्य यजमान राम सजीवन तिवारी अपनी धर्मपत्नी के साथ पूरे समर्पण भाव से सेवा में जुटे हुए हैं। उनके द्वारा किए जा रहे इस धार्मिक आयोजन में आसपास के गांवों और क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

गांव में इस भव्य आयोजन के चलते आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है। कथा स्थल पर अनुशासन, भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। समस्त नगर वासी इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं, जिससे यह भागवत कथा क्षेत्र में आस्था का एक केंद्र बन गई है।

# बिछियाटोला में अवैध रेत उत्खनन बेखौफ, जिम्मेदारों की चुप्पी पर सवाल

**समाज जागरण**

एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत बिछियाटोला में अवैध रेत उत्खनन का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। हालात ऐसे हैं कि रेत माफिया अब नदी का सीना चीरने से भी नहीं हिचक रहे हैं। रात के अंधेरे में जेसीबी मशीनों के जरिए बड़े पैमाने पर रेत निकाली जा रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग मौन साधे हुए हैं।

बताया जा रहा है कि पूर्व में गोंडवाना पार्टी द्वारा इस मामले को लेकर आवेदन भी दिया गया था, बावजूद इसके कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे साफ है कि अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं और उन्हें प्रशासन का डर नहीं रह गया है।

स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो नदी का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है।

अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर इस अवैध उत्खनन पर लगाम कौन लगाएगा? क्या प्रशासन कोई सख्त कदम उठाएगा या फिर यूं ही रेत माफिया खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते रहेंगे?

# भीषण गर्मी में नगर परिषद की लापरवाही उजागर, पार्षद ने निजी खर्च से लगवाया पंप

**अनूपपुर, (समाज जागरण)**

जिले के नगर परिषद बरगवां-अमलाई अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7 में भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट ने गंभीर रूप ले लिया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लंबे समय से पंप व्यवस्था को लेकर शिकायतें किए जाने के बावजूद नगर परिषद प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

नगर परिषद अध्यक्ष और सीएमओ की कथित उदासीनता के चलते वार्डवासी पानी की समस्या से जूझते रहे, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।



ऐसे हालात में वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद पवन चीनी ने आगे बढ़कर अपने निजी खर्च से पंप लगवाया, जिससे क्षेत्र के लोगों को राहत मिली। उनके इस कदम की स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है।

बताया जा रहा है कि यह पहला अवसर नहीं है जब पार्षद ने अपने संसाधनों से जनहित का कार्य किया हो। इससे पहले भी उन्होंने वार्ड क्रमांक 6 में अपने खर्च से पंप और विद्युत तार की व्यवस्था कर पेयजल समस्या का समाधान कराया था। इसके अलावा वे समय-समय पर नालियों की सफाई और स्वच्छता व्यवस्था भी अपने स्तर पर करवाते रहे हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर परिषद के अधिकारी केवल कुछ चुनिंदा वार्डों तक ही सीमित रह गए हैं, जबकि अन्य वार्डों की समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है।

लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि बीते तीन वर्षों में नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा किसी भी वार्ड का भ्रमण नहीं किया गया, जिससे व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं।

पार्षद पवन चीनी का यह प्रयास जहां जनसेवा की मिसाल बन रहा है, वहीं नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल भी खड़े कर रहा है।

# ऑल इंडिया वालीबॉल चैलेंजर्स टूनार्मेंट मैच का हुआ समापन

## हरियाणा (पुरूष) एवं उत्तराखंड (महिला) की टीम ने मारी बाजी

**समाज जागरण**

पौराधार वॉलीबॉल ग्राउंड में आयोजित ऑल इंडिया वॉलीबॉल चैलेंजर्स टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला 15 अप्रैल को उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। समापन मैच का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर, दीप प्रज्वलन, राष्ट्रगान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया।

कार्यक्रम में एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के महाप्रबंधक मनोज बिश्नोई, भाजपा जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, नगर परिषद अध्यक्ष एवं जिला योजना समिति सदस्य डॉ. सुनील कुमार चौरसिया, श्रद्धा महिला समिति की अध्यक्ष डॉ. सरोज बाला बिश्नोई सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों का आयोजक फ्रेंड्स यूनियन क्लब पौराधार एवं परिषद कर्मचारियों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

चार दिनों तक चले इस टूनार्मेंट में देशभर की 10 टीमों ने भाग लिया, जिनमें जबलपुर, गुजरात, राजस्थान, उत्तराखंड, हरियाणा, छत्तीसगढ़, कोलकाता और नागपुर की टीमें शामिल रहीं।



फाइनल मुकाबले में पुरुष वर्ग में हरियाणा और राजस्थान के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें हरियाणा टीम ने 3-1 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। वहीं महिला वर्ग में उत्तराखंड टीम ने रायपुर को 3-0 से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक मनोज बिश्नोई ने कहा कि सीमित संसाधनों में इतना बड़ा आयोजन करना सराहनीय है और भविष्य में भी वे हर संभव सहयोग देंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

डॉ. सरोज बाला बिश्नोई ने महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि बेटियों की भागीदारी समाज के लिए प्रेरणादायक है। वहीं डॉ. सुनील कुमार चौरसिया ने कहा कि खेल से व्यक्तित्व विकास होता है और यह युवाओं को नई दिशा देता है।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, खेलप्रेमी, मीडियाकर्मी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। मंच संचालन अनुप सिंह केवट, कमलेश त्रिपाठी एवं अखिलेश सिंह परिहार ने किया, जबकि अंत में आलोक मित्रा (केष्टो) ने आभार व्यक्त किया।

# दमोह के होनहारों ने रचा इतिहास : 13 विद्यार्थियों ने बनाई प्रदेश मेरिट में जगह, बेटियों का दबदबा

**समाज जागरण**
**जिला रिपोर्टर उदय सिंह लोधी**

दमोह। माध्यमिक शिक्षा मंडल के घोषित परीक्षा परिणामों में दमोह जिले के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेशभर में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। जिले के कुल 13 छात्रों ने प्रदेश की टॉप-10 मेरिट सूची में स्थान हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जिले का मान बढ़ाया है। खास बात यह रही कि इस बार बेटियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए शीर्ष सूची में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 10वीं में जिले के 8 विद्यार्थियों ने मेरिट में जगह बनाई, जबकि कक्षा 12वीं में 5 छात्रों ने प्रदेश की टॉप-10 सूची में अपना नाम दर्ज कराया।




**10वीं में इन होनहारों ने लहराया परचम**

कक्षा 10वीं में पथरिया सरस्वती स्कूल के परशुराम पटेल ने 494 अंकों के साथ प्रदेश में छठवां स्थान प्राप्त किया। वहीं सीएम राइज स्कूल जबेरा की छात्रा संचिता मिश्रा ने 493 अंक हासिल कर सातवां स्थान पाया। मॉडल स्कूल हटा के संस्कार पटेल एवं सरस्वती स्कूल हिंडोरिया के शिवम पटेल ने 492 अंकों के साथ संयुक्त रूप से आठवां स्थान प्राप्त किया।

नवजाग्रति स्कूल की छात्रा ओझल जैन ने 491 अंक लेकर दसवां स्थान हासिल किया। इसके अलावा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुड़िया की दीक्षा लोधी एवं एक्सीलेंस स्कूल दमोह के सौरव अहिरवार ने 490 अंक प्राप्त कर टॉप-10 में स्थान बनाया।

सौरभ अहिरवार की सफलता खास तौर पर प्रेरणादायक रही। उनके पिता गौतम अहिरवार मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं और बेटे को इंजीनियर बनते देखने का सपना संजोए हुए हैं। बेटे की सफलता पर जहां पिता की आंखों में खुशी झलकी, वहीं मां भावुक होकर बेटे को दुलारती नजर आईं।

**12वीं में भी दमोह का दम**

कक्षा 12वीं में भी जिले के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एक्सीलेंस स्कूल की छात्रा निधि कुर्मी ने कला संकाय में 484 अंक प्राप्त कर छठवां स्थान हासिल किया। प्रगति असाटी ने गणित विषय में 485 अंक लेकर आठवां स्थान पाया। नवजाग्रति स्कूल की छवि अग्रवाल ने वाणिज्य संकाय में 488 अंक प्राप्त कर प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया। राजेंद्र पाठक मेमोरियल स्कूल की उजमा फातिमा ने जीव विज्ञान में 487 अंक के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। वहीं राजनंदनी पटेल ने 482 अंक प्राप्त कर दसवां स्थान प्राप्त किया।

**सफलता के पीछे अनुशासन और मेहनत**

विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन और अनुशासित दिनचर्या को दिया। सौरभ अहिरवार ने आगे गणित विषय से पढ़ाई करने की इच्छा जताई है। प्रगति असाटी ने बताया कि वे रोजाना 5 घंटे पढ़ाई और रिवीजन करती थीं और आगे सिविल सर्विस की तैयारी करना चाहती हैं। छवि अग्रवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का लक्ष्य रखा है, जबकि राजनंदनी ने प्रतिदिन 3 घंटे पढ़ाई कर यह उपलब्धि हासिल की।

**प्रशासन ने दी बधाई**

जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा ने इस उपलब्धि को जिले के लिए गर्व का विषय बताते हुए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि इस बार दमोह जिला प्रदेश में 51वें स्थान पर रहा है। वहीं कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने भी सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**जिले का बढ़ा गौरव**

माध्यमिक शिक्षा मंडल के परिणामों में दमोह के 13 विद्यार्थियों का मेरिट सूची में चयन यह दशार्ता है कि जिले में शिक्षा का स्तर निरंतर बेहतर हो रहा है और यहां के विद्यार्थी कठिन परिस्थितियों में भी सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं।

# नयागांव के जंगल में बिछा बारुदी मौत का जाल, मासूम गौवंश हो रहे घटना के शिकार

## डेढ़ महीने से विस्फोटक घटनाएं जारी, वन विभाग की गश्त और निगरानी पर गंभीर सवाल

**समाज जागरण**
**जिला रिपोर्टर उदय सिंह लोधी**

दमोह/पटेरा। पटेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नयागांव के जंगल इन दिनों मौत के मैदान में तब्दील होते जा रहे हैं। पिछले करीब डेढ़ महीने से जंगल में विस्फोटक सामग्री रखे जाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिनका शिकार मासूम और बेजुबान पशु बन रहे हैं।

स्थानीय पशुपालकों के अनुसार, जंगल में छोड़े गए मवेशी ये खतरनाक मौत के बम जानवर अनजाने में खा लेते हैं। जैसे ही वे इन्हें चबाते हैं, उनके मुंह में ही तेज विस्फोट हो जाता है। इस भयावह घटनाक्रम में कई मवेशियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो चुकी है, जबकि कई गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में पटेरा थाना में शिकायत भी दर्ज कराई गई है, लेकिन लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। हालात ऐसे हैं कि पशुपालक अब अपने मवेशियों को जंगल में चराने भेजने से भी डर रहे हैं।



मामले को लेकर यह आशंका जताई जा रही है कि जंगली जानवरों के शिकार के लिए अवैध रूप से विस्फोटक रखे जा रहे हैं, लेकिन इनका शिकार बेजुबान मवेशी बन रहे हैं। यदि यह सच है, तो यह न सिर्फ वन्यजीवों के लिए खतरा है, बल्कि मानव जीवन के लिए भी गंभीर जोखिम बन सकता है।

इस पूरे घटनाक्रम ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। जंगल की सुरक्षा और निगरानी की जिम्मेदारी होने के बावजूद न तो सघन गश्त नजर आ रही है और न ही किसी तरह की प्रभावी कार्रवाई। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब बीट गार्ड अपनी-अपनी बीट में तैनात हैं, तो फिर ऐसी खतरनाक गतिविधियां उनकी नजरों से कैसे बच रही हैं?

लगातार हो रही घटनाएं विभाग की निष्क्रियता या लापरवाही की ओर इशारा कर रही हैं। ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश दोनों है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो यह मौत का खेल और भी भयावह रूप ले सकता है। अब नजरें वन विभाग पर टिकी हैं—क्या जिम्मेदार जागेंगे या फिर बेजुबानों की बलि यूं ही जारी रहेगी?

# सोन नदी में नहाने गये ट्रक चालक की डूबने से मौत, क्षेत्र में मचा हड़कंप

समाज जागरण

चोपन/सोनभद्र। गुरुवार को चोपन थाना क्षेत्र अंतर्गत छठ घाट के समीप सोननदी में एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां नहाने गये एक ट्रक चालक की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान जितेन्द्र कुमार (35 वर्ष) पुत्र रामेश्वर, निवासी चाचीबार, फतेहपुर सीकर (राजस्थान) के रूप में हुई है। वह पेशे से ट्रक चालक था और माल ढुलाई का कार्य करता था। बताया जा रहा है कि गुरुवार को उसका ट्रक मारकुंडी क्षेत्र में अचानक खराब हो गया था, जिसके चलते वह आवश्यक पार्ट्स खरीदने के लिए अपने दो साथियों के साथ चोपन के प्रीतनगर आया था। सामान खरीदने के बाद दोपहर के समय वह अपने साथियों के साथ छठ घाट के पास सोननदी में नहाने चला गया।



नहाने के दौरान अचानक उसका चप्पल नदी के बहाव में बहने लगा। चप्पल को पकड़ने के प्रयास में जितेन्द्र आगे बढ़ गया और अनजाने में गहरे पानी में चला गया। देखते ही देखते वह तेज बहाव की चपेट में आ गया और डूबने लगा। मौके पर मौजूद उसके साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन पानी का बहाव तेज होने के कारण वे सफल नहीं हो सके। कुछ ही क्षणों में जितेन्द्र नदी में लापता हो गया। साथियों द्वारा शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोग भी मौके पर जुट गए और घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही चोपन पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेते हुए स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर सर्च ऑपरेशन शुरू कराया। गोताखोरों द्वारा नदी में लगातार खोजबीन की जा रही है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक शव बरामद नहीं हो सका था।

घटना के बाद मृतक के साथियों का रो-रोकर बुरा हाल है,वही थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई करते हुए परिजनों को सूचना दे दी गई है। जैसे ही शव बरामद होगा, आगे की विधिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# बेड़ियों में जकड़ा स्वास्थ्य विभाग: सपा का अनोखा प्रदर्शन, जल संकट पर भी घेरा

समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। जिले में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं और जल आपूर्ति की समस्या को लेकर गुरुवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अनोखा तरीका अपनाते हुए खुद को बेड़ियों में बांधकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे सपा जिला सचिव प्रमोद यादव ने स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जिले के सीएचसी, पीएचसी और मेडिकल कॉलेजों में मरीजों का शोषण हो रहा है और स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि अल्ट्रासाउंड के लिए मरीजों को एक महीने तक का इंतजार करना पड़ता है, जिससे निजी अस्पतालों को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

सबसे गंभीर स्थिति गर्भवती महिलाओं की बताई गई। प्रदर्शनकारियों के अनुसार मेडिकल कॉलेज में पानी की व्यवस्था न होने के कारण गर्भवती महिलाओं को तीन मंजिल से नीचे उतरकर पानी लेना पड़ रहा है। इस दौरान कई महिलाएं दर्द से कराहती नजर आईं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति उजागर होती है।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर एडीएम के सामने अपना विरोध दर्ज कराते हुए उनके पैर तक पकड़ लिए और



गांधीवादी तरीके से अपनी मांगों को रखा। सपा नेताओं का कहना था कि जनता की मूलभूत सुविधाओं के लिए वे हर स्तर पर संघर्ष करने को तैयार हैं। सपा नगर अध्यक्ष पार ब्रह्म सिंह सरदार ने कहा कि जिले का स्वास्थ्य विभाग अत्यंत दयनीय स्थिति में पहुंच चुका है और अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जनहित के मुद्दे उठाने पर कार्यकर्ताओं को मुकदमे का डर दिखाया जाता है। इस दौरान सपा नेताओं ने हर घर जल योजना को भी विफल बताते हुए कहा कि पाइपलाइन बिछाने के बावजूद कई क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। उन्होंने योजना में भ्रष्टाचार और अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि एक ओर सरकार नारी शक्ति की बात करती है, वहीं दूसरी ओर अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं की स्थिति बेहद चिंताजनक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्वास्थ्य और जल आपूर्ति की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन में अशोक केवट, शौर्य त्रिपाठी, शिवा यादव, मनीष केडिया, विकास यादव, जुनैद अंसारी, सरोज पासवान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं, इस पूरे मामले पर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## महिला आरक्षण बिल पर अखिलेश यादव का निशाना, भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप

लखनऊ, 17 अप्रैल 2026: अखिलेश यादव ने महिला आरक्षण बिल को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस विधेयक का इस्तेमाल केवल महिलाओं को नारे तक सीमित रखने के लिए कर रही है।

### "महिलाएं भाजपा से दूर हो चुकी हैं"

अखिलेश यादव ने अपने बयान में कहा कि महिलाओं की असुरक्षा, बढ़ते अपराध, महंगाई, बेरोजगारी और स्वास्थ्य जैसी समस्याओं के कारण महिलाएं पहले ही भाजपा से दूरी बना चुकी हैं।

### सरकार की नीतियों पर उठाए सवाल

उन्होंने आरोप लगाया कि देश में महिलाओं के खिलाफ हिंसा और अपराध के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है, जबकि सरकार इन मुद्दों पर प्रभावी नियंत्रण करने में विफल रही है।

# मिलेट्स प्रोसेसिंग यूनिट का उद्घाटन, किसानों को मिलेगा लाभ

समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। पन्नूगंज क्षेत्र अंतर्गत मझिगावा में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) के तहत स्थापित मिलेट्स (मोटा अनाज) प्रोसेसिंग यूनिट का गुरुवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने फीता काटकर यूनिट का शुभारंभ किया और इसे जनपद के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम का संचालन जिला उद्यान अधिकारी मेवाराम द्वारा किया गया। यह यूनिट स्थानीय उद्यमी प्रदीप कुमार गुप्ता द्वारा स्थापित की गई है, जिसके लिए बैंक से 13 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ है। साथ ही योजना के अंतर्गत 35 प्रतिशत अनुदान भी प्रदान किया गया है, जिससे उद्यम को बढ़ावा मिला है। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह यूनिट जनपद की पहली नवाचार आधारित मिलेट्स प्रोसेसिंग इकाई है, जिसमें लगभग 92 प्रकार के मोटे



अनाजों को प्रोसेस करने की क्षमता है। उद्घाटन के दौरान कोदो, सावां और चिरौंजी जैसे उत्पादों का सफल ट्रायल भी प्रस्तुत किया गया, जिससे इसकी उपयोगिता स्पष्ट हुई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना से किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिल सकेगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि सोनभद्र जनपद मोटे अनाज के उत्पादन के लिए जाना जाता है और इस तरह की पहल से किसानों को सीधा लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्रम में जिला सूचना अधिकारी, अधिशासी अभियंता (पीडब्ल्यूडी) सहित अन्य अधिकारीगण एवं स्थानीय उद्यमी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस यूनिट के शुरू होने से न केवल किसानों की आय में वृद्धि की संभावना है, बल्कि क्षेत्र में लघु उद्योगों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और ग्रामीण विकास को नई गति मिलेगी।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत गुरुद्वारा स्कूल चोपन में छात्राओं को किया गया जागरूक

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

जनपद सोनभद्र में मिशन शक्ति 5.0 (फेज-II) के अंतर्गत चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गुरुद्वारा इंटरमीडिएट कॉलेज, चोपन में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी यातायात एवं सहायक नोडल अधिकारी मिशन शक्ति अभियान डॉ. चारु द्विवेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक चोपन अखिलेश कुमार मिश्रा, महिला कांस्टेबल प्राची शुक्ला एवं महिला कांस्टेबल शैलजा सिंह की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में छात्राओं के साथ-साथ उनके अभिभावकों और शिक्षकों को भी आमंत्रित किया गया, ताकि व्यापक स्तर पर जागरूकता फैलायी जा सके। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। छात्राओं को गुड टच



और बैड टच के बारे में समझाया गया तथा आत्मरक्षा के उपायों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही महिला उत्पीड़न से जुड़े कानूनी प्रावधानों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। विशेष आकर्षण के रूप में एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसके माध्यम से छात्राओं को सरल और प्रभावी तरीके से सुरक्षा संबंधी संदेश दिए गए। फिल्म के जरिए साइबर अपराध, ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल और लिंक से बचने के उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में पूरे जनपद में मिशन शक्ति 5.0 के तहत व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति सजग किया जा रहा है।

कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई और जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया।

# विवेकानंद विद्यालय का शानदार रिजल्ट, आदित्य बने टॉपर

समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। सीबीएसई बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा परिणाम घोषित होने के साथ ही क्षेत्र के विद्यालयों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इसी क्रम में विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय के छात्र भैया आदित्य कुमार ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर भैया हर्षित मौर्या रहे, जिन्होंने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। वहीं अंजना सोलंकी ने 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी और गर्व का वातावरण है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टॉप करने वाले भैया-बहनों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया तथा उन्हें मिष्ठान खिलाकर उनकी सफलता का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिससे समारोह और अधिक गरिमामय हो गया।



कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद मौर्य, प्रबंधक सुजीत कुमार एवं कोषाध्यक्ष खुशहाल सिंह की उपस्थिति रही। प्रधानाचार्य अरविंद मौर्य ने विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता उनके कठिन परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने सभी छात्रों को भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर प्रयास करते रहने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रबंधक सुजीत कुमार एवं कोषाध्यक्ष खुशहाल सिंह ने भी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की उपलब्धियां विद्यालय के गौरव को बढ़ाती हैं। उन्होंने छात्रों को आगे भी लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने की सलाह दी। इस शानदार परिणाम ने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

# एक साथ तीन शव पहुंचने से गांव का माहौल बना हृदयविदारक, हर आंखें हुई नम

समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। कोन थाना क्षेत्र के पीपरखाड़ गांव में बुधवार सुबह उस वक्त मातम पसर गया, जब करीब 9 बजे तीन अलग-अलग एम्बुलेंसों से एक साथ तीन शव गांव पहुंचे। यह दृश्य इतना हृदयविदारक था कि पूरे गांव में चीख-पुकार मच गई और हर आंख नम हो गई।

जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ के शक्ति जिले के सिंहीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में 14 अप्रैल मंगलवार को हुए भीषण बॉयलर विस्फोट में कोन क्षेत्र के तीन मजदूरों की मौत हो गई थी। मृतकों की पहचान होने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा एम्बुलेंस से उनके शवों को उनके गांव भिजवाया गया। मृतकों में पीपरखाड़ गांव के बरवाहा टोला निवासी राजू राम (40) पुत्र चरित्र राम और बृजेश (31) पुत्र जवाहिर राम शामिल हैं, जो आपस में चचेरे भाई थे। वहीं, केवाल टोला



निवासी पंकज (25) पुत्र सुभाष की भी इस हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तीनों करीब तीन माह पहले एक संविदाकार के माध्यम से मजदूरी के लिए वेदांता पावर प्लांट गए थे। मंगलवार दोपहर करीब 2:30 बजे प्लांट के यूनिट नंबर-1 में जोरदार विस्फोट हुआ, जिसमें इन तीनों के अलावा कई अन्य मजदूरों की भी मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। गांव में शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हर तरफ चीख-पुकार और गमगीन माहौल देखने को मिला। पूरे गांव के लोग मृतकों के घरों पर जुट गए और शोक संवेदना व्यक्त की। बाद में तीनों शवों का अंतिम संस्कार कचनरवा पाण्डु नदी किनारे स्थित श्मशान घाट पर एक साथ किया गया। एक साथ तीन अर्थियों को उठते देख वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।

# वारंटी पर पुलिस का शिकंजा: आबकारी मामले में वांछित आरोपी डोड़हर से गिरफ्तार

समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बीजपुर पुलिस ने गुरुवार को एक वारंटी को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत की गई।

जानकारी के अनुसार, अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में उपनिरीक्षक दीनानाथ राम अपनी टीम के साथ ग्राम डोड़हर पहुंचे। यहां मु0नं0 473/25 धारा 60 आबकारी अधिनियम से संबंधित वारंटी अभियुक्त कोटे केवट (42 वर्ष), पुत्र हरिचरण, के घर पर




दबिश दी गई। आरोपी अपने घर पर ही मिल गया, जिसे वारंट दिखाते हुए गिरफ्तारी का कारण बताया गया और सुबह करीब 06:55 बजे हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस की सख्ती का संदेश गया है।

## स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ, "स्कूल चलो नाम लिखवाएं" गूंजा नारा

समाज जागरण

म्योरपुर/सोनभद्र। ब्लॉक संसाधन केंद्र देवरी में खंड शिक्षाधिकारी सुनील कुमार प्रजापति के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ ग्राम प्रधान भोला सोनी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो उच्च प्राथमिक देवरी से गांव के कई कस्बों टोले में नारे लिखे हाथ में तख्ती लिए शिक्षा संबंधी बच्चों ने स्कूल चलो नाम लिखवाएं,आधी रोटी खाएंगे फिर भी स्कूल जाएंगे जैसे अनेक नारे लगाकर भ्रमण किया गया। दौरान अभिभावकों को भी सहयोग की अपील किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार प्रजापति ने कहा कि गांव के प्रत्येक कस्बों से 6 से 14 वर्ष तक बच्चों को चिन्हित कर नामांकन करना सुनिश्चित किया जाए

# भाजपा जिलाध्यक्ष के समर्थन में सर्वसमाज की बैठक, आरोपों पर जताया आक्रोश



समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। जनपद के रॉबर्ट्सगंज स्थित एक होटल में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले सर्वसमाज के लोगों द्वारा एक विशाल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता के समर्थन में एकजुटता दिखाई। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता की छवि एक स्वच्छ, ईमानदार और कर्मठ नेता की रही है। उन्होंने हमेशा पार्टी कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में साथ खड़े रहकर संगठन को मजबूत करने का कार्य किया है। ऐसे में एक कथित बूथ अध्यक्ष द्वारा उन पर लगाए गए आरोपों को पूरी तरह मनगढ़ंत और साजिशपूर्ण बताया गया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि कुछ असामाजिक तत्व जानबूझकर भाजपा जिलाध्यक्ष की छवि को धूमिल करने और पार्टी की साख को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है और इस प्रकार के आरोप पार्टी की मयार्दा के खिलाफ हैं। बैठक में यह भी कहा गया कि इस तरह की हरकतों के पीछे विपक्षी ताकतों की भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता। सर्वसमाज के लोगों ने एक स्वर में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में भी इस प्रकार के बेबुनियाद आरोप लगाए गए, तो वे इसका पुरजोर विरोध करेंगे। जरूरत पड़ने पर विरोध-प्रदर्शन भी किया जाएगा और ऐसे लोगों को बेनकाब किया जाएगा जो पार्टी के भीतर रहकर साजिश रच रहे हैं। बैठक में यह भी मांग उठी कि पार्टी नेतृत्व ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करे, ताकि संगठन की एकता और मजबूती बनी रहे। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश के महान नेताओं जैसे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी के आदर्शों पर चलकर आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा गया कि पार्टी लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। बैठक में आलोक सिंह, रंजीत सिंह, राजेंद्र मौर्य, रामशरण गुप्ता, शशिभूषण पांडेय समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिहादी मानसिकता के विरोध में रामलीला मैदान से निकलेगा विशाल जुलूस, बढ़ौली चौराहे पर पुतला दहन

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

सोनभद्र। देश में कथित रूप से बढ़ रही कट्टरपंथी और हिंसक घटनाओं के विरोध में बजरंग दल द्वारा राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। संगठन के अनुसार, विभिन्न क्षेत्रों में सामने आ रही घटनाएं सामाजिक समरसता और कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन रही हैं, जिसके विरोध में यह आंदोलन किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, काशी प्रांत के धर्म प्रसार प्रमुख नरसिंह त्रिपाठी ने बताया कि 17 अप्रैल 2026 को देशभर के जिला मुख्यालयों पर प्रमुख चौराहों पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस



दौरान कार्यकर्ता हाथों में नारे लिखी पट्टिकाएं लेकर प्रदर्शन करेंगे और एक घंटे तक विरोध दर्ज कराएंगे। साथ ही आतंकवाद के विरोध में पुतला दहन भी किया जाएगा। इसी क्रम में सोनभद्र जिले में भी बजरंग दल द्वारा बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। संगठन के कार्यकर्ता जिला मुख्यालय स्थित रामलीला मैदान से एक विशाल जुलूस के रूप में निकलेंगे, जो बढ़ौली चौराहे तक जाएगा। वहां पहुंचकर कार्यकर्ता नारेबाजी करेंगे, धरना-प्रदर्शन करेंगे और आतंकवाद के विरोध में पुतला दहन करेंगे।

संगठन की ओर से जिले के युवाओं से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल होकर अपना समर्थन दें। आयोजकों का कहना है कि यह प्रदर्शन देश में शांति, सुरक्षा और सामाजिक संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

प्रशासन की ओर से भी कार्यक्रम को लेकर सतर्कता बरती जा रही है, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या तनाव की स्थिति उत्पन्न न हो।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न

### किसानों को 10 दिन में मुआवजा देने के निर्देश, फसल बीमा योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न

समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एसबीआई जनरल इन्श्योरेन्श कंपनी के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि किसानों को फसल क्षति की क्षतिपूर्ति अधिकतम 10 कार्य दिवस के भीतर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पात्रता की श्रेणी में आने वाले प्रत्येक किसान को समयबद्ध तरीके से मुआवजा सुनिश्चित किया जाए। उप कृषि निदेशक, सोनभद्र ने जानकारी दी कि खरीफ वर्ष 2025 में जनपद के 19,080 किसानों ने फसल बीमा कराया था। इसके अंतर्गत व्यक्तिगत एवं क्रॉप कटिंग के आधार पर 6,425 किसानों को कुल 826.98 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति राशि हस्तांतरित की जा चुकी है। शेष 151.00 लाख रुपये की धनराशि आधार आधारित प्रक्रिया के कारण लंबित है, जो प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि खरीफ 2025 में असामयिक वर्षा एवं ओलावृष्टि के कारण कुल 11,483 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 8,432 आवेदन पात्र पाए गए और उनका भुगतान किया गया, जबकि 3,051 आवेदन अपात्रता के कारण निरस्त किए गए। जिलाधिकारी ने बीमा कंपनी से किसानों के लिए शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया की जानकारी ली। इस पर बताया गया कि किसान व्यक्तिगत क्षति की स्थिति में भारत सरकार के टोल फ्री नंबर 14447 पर 72 घंटे के भीतर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिलाधिकारी ने लंबित दावों के सर्वे में देरी पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया कि यदि समय पर सर्वे नहीं किया गया, तो सभी 4,764 लंबित दावों का भुगतान किसानों को सुनिश्चित किया जाए। बैठक में यह भी बताया गया कि खरीफ 2024 की तुलना में खरीफ 2025 में 5,000 से अधिक अतिरिक्त किसानों ने बीमा कराया है।

जिलाधिकारी ने अग्रणी जिला प्रबंधक, इंडियन बैंक को निर्देश दिया कि खरीफ 2026 में अधिक से अधिक केसीसी धारक किसानों का बीमा कराया जाए तथा उनका डाटा प्रधानमंत्री फसल बीमा पोर्टल पर समय से अपलोड किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि समय पर डाटा फीडिंग न होने पर संबंधित बैंक जिम्मेदार होगा। जिलाधिकारी ने बीमा कंपनी को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत स्तर पर किसान पाठशालाओं, पंपलेट वितरण, बाइक रैली आदि के माध्यम से योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान योजना का लाभ उठा सकें।

# थाना पन्नूगंज की बड़ी कार्रवाई: दहेज उत्पीड़न के मामले में 03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के कुशल नेतृत्व में थाना पन्नूगंज पुलिस द्वारा दहेज उत्पीड़न एवं प्रताड़ना से संबंधित मामले में वांछित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। घटना का विवरण:- थाना पन्नूगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 81/2026, धारा 80(2), 85 बीएनएस (BNS) एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित की गई थी। उक्त मामले में नामजद अभियुक्तों को पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 16.04.2026 को उनके निवास ग्राम तेलाड़ी से समय दोपहर 14:45 बजे गिरफ्तार किया गया।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क

# वीर शहीद गंगा नारायण सिंह की 236वीं जयंती पर भव्य आयोजन की तैयारी, मुख्यमंत्री को दिया गया आमंत्रण

**समाज जागरण 16.04.2026**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर आगामी 25 अप्रैल को बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में आयोजित होने वाले वीर शहीद गंगा नारायण सिंह की 236वीं जयंती समारोह को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस ऐतिहासिक अवसर को भव्य रूप देने के लिए भूमिज समाज के प्रतिनिधिमंडल ने रांची स्थित झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु औपचारिक आमंत्रण दिया। इस दौरान पोटका विधायक संजीव सरदार भी उपस्थित रहे।

**प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा औपचारिक निमंत्रण**

मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जयंती समारोह के महत्व और इसकी व्यापक तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल में संजय सरदार, हिमांशु सिंह, राधेश्याम भूमिज, ईश्वर लाल सरदार, अमर सिंह भूमिज, अमल सरदार, सागर सरदार, प्रोरंजन सरदार तथा भुगुराय सरदार शामिल थे। सभी ने एक स्वर में मुख्यमंत्री से कार्यक्रम में उपस्थित होकर समाज का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वीर शहीद गंगा नारायण सिंह का योगदान न केवल भूमिज समाज बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उनकी जयंती को हर वर्ष श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जाता है, लेकिन इस वर्ष 236वीं जयंती को विशेष रूप से ऐतिहासिक बनाने की योजना है।

**मंत्रियों से भी की गई मुलाकात**

मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ तथा अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा से भी मुलाकात की। दोनों मंत्रियों को भी समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया। प्रतिनिधिमंडल ने सभी अतिथियों से कार्यक्रम में भाग लेकर समाज के लोगों का मनोबल बढ़ाने की अपील की।

मंत्रियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे कार्यक्रम में शामिल होने का प्रयास करेंगे और इस प्रकार के आयोजनों से समाज में जागरूकता एवं एकता का संदेश जाता है।





**भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार**

आयोजन समिति के अनुसार 25 अप्रैल को होने वाला यह समारोह कई दृष्टिकोण से विशेष होगा। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह पूजा-अर्चना के साथ होगी, जिसके बाद विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस गोष्ठी में समाज के प्रबुद्ध लोग, इतिहासकार और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ वीर शहीद गंगा नारायण सिंह के जीवन, संघर्ष और उनके योगदान पर प्रकाश डालेंगे।

दोपहर के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिसमें पारंपरिक नृत्य, लोकगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल होंगी। इसके माध्यम से भूमिज समाज की समृद्ध परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा। शाम को विशाल जनसभा का आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे।

**50 हजार से अधिक लोगों के जुटने की संभावना**

आयोजन समिति ने बताया कि इस वर्ष समारोह में सिंहभूम के तीनों जिलों–पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां–के अलावा झारखंड के अन्य जिलों तथा पड़ोसी राज्यों से भी लोगों के आने की संभावना है। अनुमान है कि इस आयोजन में 50 हजार से अधिक लोग भाग लेंगे, जिससे यह कार्यक्रम क्षेत्र का एक ऐतिहासिक आयोजन बन जाएगा।

कार्यक्रम स्थल पर आगंतुकों की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। यातायात, सुरक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा और पार्किंग की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही समाज की परंपराओं और इतिहास को दशार्ने के लिए विभिन्न स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

**समाज में उत्साह का माहौल**

जयंती समारोह को लेकर भूमिज समाज के लोगों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। विभिन्न गांवों और क्षेत्रों में बैठकें कर लोगों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आयोजन समिति का कहना है कि यह केवल एक जयंती समारोह नहीं, बल्कि समाज की एकता, संस्कृति और इतिहास को सशक्त रूप से प्रस्तुत करने का अवसर है। समिति ने सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# बिना चालान गिट्टी लदा हाईवा जब्त, चालक फरार – पोटका में औचक छापेमारी

**समाज जागरण 16.04.2026**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

पोटका थाना क्षेत्र के सोहदा बस स्टैंड के समीप प्रशासन द्वारा अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ एक सख्त कार्रवाई करते हुए गिट्टी से लदा एक हाईवा जब्त किया गया। यह कार्रवाई पोटका अंचल अधिकारी निकिता बाला के नेतृत्व में चलाए गए औचक छापेमारी अभियान के तहत की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जांच टीम सोहदा बस स्टैंड के पास वाहनों की जांच कर रही थी, तभी पोटका से जादूगोड़ा की ओर जा रहे एक हाईवा को रोकने का संकेत दिया गया। हालांकि, चालक ने टीम के निदेर्शों की अवहेलना करते हुए वाहन को रोकने के बजाय आगे बढ़ा दिया। इससे टीम को संदेह हुआ और वाहन का पीछा किया गया। कुछ दूरी पर चालक ने हाईवा को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया।

इसके बाद टीम ने वाहन की तलाशी ली, जिसमें लगभग 500 सेफ्टी गिट्टी लदी हुई पाई गई। जब वाहन से संबंधित कागजात और खनिज परिवहन चालान की जांच की गई, तो कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इससे यह स्पष्ट हो गया कि खनिज का परिवहन बिना अनुमति और नियमों के विरुद्ध किया जा रहा था।




अंचल अधिकारी निकिता बाला के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई करते हुए गिट्टी से लदे हाईवा को जब्त कर पोटका थाना में सुरक्षित रखवा दिया गया। इस कार्रवाई में राजस्व कर्मचारी शांतिराम सारंगी एवं स्थानीय चौकीदार भी शामिल थे, जिन्होंने अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस संबंध में सीओ निकिता बाला ने बताया कि वाहन मालिक और चालक के खिलाफ बिना चालान खनिज परिवहन का मामला दर्ज कर लिया गया है। साथ ही खनन से संबंधित कानून एमडीडीआर एक्ट के तहत आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सरकार के राजस्व की चोरी को रोकना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से क्षेत्र में लगातार जांच और छापेमारी अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि बिना वैध चालान या अनुमति के खनिज परिवहन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनिज परिवहन करने वालों के बीच हड़कंप मच गया है। प्रशासन की इस पहल को स्थानीय लोगों ने भी सराहा है और उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगेगा।

# उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने घाटशिला उप कोषागार का किया निरीक्षण, वित्तीय पारदर्शिता व नियम अनुपालन पर दिया जोर

**समाज जागरण**
**चांद कुमार लायेक**

घाटशिला जिला प्रशासन के वित्तीय प्रबंधन को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने घाटशिला स्थित उप कोषागार का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोषागार में संचालित विभिन्न प्रक्रियाओं, अभिलेखों एवं भुगतान प्रणाली की बारीकी से समीक्षा करते हुए सभी स्तरों पर पारदर्शिता, जवाबदेही और वित्तीय नियमों के कठोर अनुपालन को अनिवार्य बताया।




निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि कोषागार जिला प्रशासन की वित्तीय गतिविधियों का केंद्रीय तंत्र है, अतः यहां से होने वाली प्रत्येक निकासी एवं भुगतान निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुरूप ही किया जाए। उन्होंने कोषागार पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों (DDOs) द्वारा प्रस्तुत सभी विपत्रों की गहनता से जांच की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि, अनियमितता अथवा वित्तीय चूक की संभावना समाप्त की जा सके।

उपायुक्त ने विशेष रूप से वेतन एवं मानदेय भुगतान से जुड़े मामलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी भुगतान से पूर्व संबंधित कर्मियों के सेवा अभिलेखों का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि लाभार्थी वास्तव में कार्यरत हैं और भुगतान उचित व्यक्ति को ही प्राप्त हो रहा है। इसके साथ ही बैंक खाता विवरणों का समुचित मिलान भी आवश्यक बताया गया, ताकि किसी प्रकार की तकनीकी अथवा प्रशासनिक त्रुटि न हो।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कोषागार में कार्यरत एवं प्रतिनियुक्त कर्मियों की उपस्थिति, उनकी तैनाती अवधि तथा कार्य प्रणाली की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कर्मियों की उपस्थिति रिकॉर्ड को नियमित रूप से अद्यतन रखा जाए और प्रतिनियुक्ति से संबंधित सभी विवरण स्पष्ट एवं पारदर्शी रूप में संधारित किए जाएं।

इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने बुक ट्रांसफर, विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आवंटित राशि तथा अप्रयुक्त बजट की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं अथवा मदों में आवंटित राशि का उपयोग संभव नहीं है, उसे समय रहते संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर वापस किया जाए, ताकि वित्तीय संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो सके और विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि लंबित एसी/डीसी विपत्रों का नियमित एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पीएल खातों की साप्ताहिक समीक्षा अनिवार्य रूप से की जाए, जिससे वित्तीय अनुशासन बना रहे और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर समय रहते नियंत्रण किया जा सके।

निरीक्षण के दौरान घाटशिला के अनुमंडल पदाधिकारी सुनील चंद्र, कोषागार पदाधिकारी, जमशेदपुर, उप कोषागार पदाधिकारी, घाटशिला सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। अधिकारियों ने उपायुक्त के निदेर्शों को गंभीरता से लेते हुए सभी प्रक्रियाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने का आश्वासन दिया।

जिला प्रशासन द्वारा किए गए इस निरीक्षण को वित्तीय अनुशासन एवं प्रशासनिक पारदर्शिता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उपायुक्त ने अंत में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोषागार से जुड़ी प्रत्येक प्रक्रिया में उच्च स्तर की सतर्कता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर एवं सही रूप में आम जनता तक पहुंच सके।

# बागबेड़ा में डोर-टू-डोर कचरा उठाव अभियान का शुभारंभ, ग्रामीण स्वच्छता व्यवस्था को मिलेगी नई दिशा

**समाज जागरण**
**चांद कुमार लायेक**

जमशेदपुर शहर से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षों से लंबित जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। पोटका विधायक संजीव सरदार की सक्रिय पहल के तहत जिला समाहरणालय परिसर में डोर-टू-डोर कचरा उठाव अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और कचरा प्रबंधन को व्यवस्थित करने की दिशा में ठोस कदम उठाया गया है।

इस अवसर पर जिले के कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त नागेंद्र पासवान, प्रखंड प्रमुख पानी सोरेन, बीडीओ सुमित प्रकाश तथा जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। सभी अधिकारियों की मौजूदगी में कचरा उठाव वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान फिलहाल बागबेड़ा क्षेत्र में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। इसके सफल क्रियान्वयन के बाद इसे आसपास के अन्य पंचायतों में भी चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में कचरा फेंकने की प्रवृत्ति को समाप्त करना और एक व्यवस्थित अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली विकसित करना है।



स्थानीय स्तर पर लंबे समय से कचरा निस्तारण की समस्या ग्रामीण आबादी के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई थी। सड़कों के किनारे और सार्वजनिक स्थलों पर जमा कचरे के कारण न केवल पर्यावरणीय असंतुलन उत्पन्न हो रहा था, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ रही थीं। ऐसे में यह पहल क्षेत्रवासियों के लिए राहतकारी मानी जा रही है।

पोटका विधायक संजीव सरदार ने इस मुद्दे को लगातार विधानसभा में उठाया था और ग्रामीण स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की थी। उनकी सक्रियता और प्रशासनिक समन्वय के परिणामस्वरूप यह योजना अब धरातल पर उतर सकी है। विधायक ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि आवश्यकता पड़ने पर वे अपने विधायक निधि से भी अतिरिक्त कचरा उठाव वाहनों की व्यवस्था करेंगे, ताकि अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। उनके इस आश्वासन से स्थानीय लोगों में उत्साह और विश्वास का माहौल देखा गया।

कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी गई कि कचरा उठाव वाहनों के माध्यम से डोर-टू-डोर कलेक्शन सुनिश्चित किया जाएगा। इससे घरों से निकलने वाला कचरा सीधे निर्धारित स्थानों तक पहुंचाया जाएगा, जिससे सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने की समस्या समाप्त होगी। साथ ही, इस प्रक्रिया से पुनर्चक्रण और कचरा पृथक्करण की दिशा में भी जागरूकता बढ़ेगी।

इसी कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में बढ़ती पेयजल समस्या को देखते हुए पानी टैंकर सेवा का भी शुभारंभ किया गया। हरी झंडी दिखाकर रवाना किए गए ये टैंकर प्रतिदिन जरूरतमंद इलाकों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। विशेष रूप से गर्मी के मौसम में यह व्यवस्था ग्रामीणों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी।

अधिकारियों ने बताया कि जल संकट से प्रभावित क्षेत्रों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर पानी आपूर्ति की जाएगी। इससे उन इलाकों को राहत मिलेगी जहां नियमित जलापूर्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

कुल मिलाकर, डोर-टू-डोर कचरा उठाव अभियान और पानी टैंकर सेवा का शुभारंभ ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह पहल न केवल स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाएगी, बल्कि जनस्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार लाने में भी सहायक होगी।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर छात्राओं ने निकाली पदयात्रा।

**समाज जागरण वाराणसी।**

आज महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज गंगापुर वाराणसी के राजा तालाब एवं गंगापुर दोनों परिसरों में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के क्रम में नारी शक्ति पदयात्रा का आयोजन किया गया।यह पदयात्रा गंगापुर परिसर से निकलकर नगर पंचायत गंगा पुर तक गई राजा राजातालाब परिसर की पदयात्रा राजा तालाब से जी टी रोड तक गई छात्राओं ने नारी शक्ति विधेयक भारत सरकार द्वारा पारित करने पर प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।




छात्राओं ने बताया कि इस सरकार ने महिलाओ को समुचित सम्मान दिया है छात्राएं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बेटी नहीं बचाओगे तो बहू कहां से लाओगे जैसे नारे लगा रहे थे इस अवसर पर प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह डॉक्टर अखिला नन्द सिंह डॉक्टर अर्चना सिंह डॉक्टर अभिषेक अग्निहोत्री डॉक्टर अंगद प्रसाद यादव डॉक्टर सत्य प्रकाश सिंह डॉक्टर कृष्ण पाल शिव शंकर सरोज डॉक्टर रेणु कुमारी डॉक्टर आशा सिंह डॉ ममता सहित अनेक अध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# केन्द्र प्रभारी अनुपस्थित मिले तो होगी कठोर कार्रवाई : अवधेश सिंह

**समाज जागरण वाराणसी**

सहायक आयुक्त एवं सहायकनिबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर एडीसीओ सदर अवधेशसिंह ने बृहस्पतिवार को नगवाँ ब्लाक अंतर्गत खलियारी, वैनी तथा आमडीह धान क्रय केंद्रो का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एडीओ नगवाँ श्रीचंद भी साथ मे रहे।

तीनो केन्द्र पर अभी क्रय एजेंसी द्वारा बोरा व स्टेशनरी उपलब्ध नही कराई गई है। केंद्र प्रभारी आमडीह विजयशंकर द्वारा बताया गया कि किसानो का गेहू अब तैयार है तथा दो चार दिनो मे केन्द्र पर आवक शुरू हो जाएगी।




एडीसीओ सदर ने सभी केन्द्र प्रभारियो को हिदायत दी कि क्रय एजेंसी से संपर्क करके तत्काल बोरा प्राप्त करें तथा प्रतिदिन केन्द्र पर पूरे समय उपस्थित रहकर नियमानुसार गेंहू क्रय सुनिश्चित करें।

यह भी ध्यान देना है कि फार्मर रजिस्टरी के उपरांत ही किसानो से गेंहू क्रय किया जाए।किसान से खरीद के समय खसरा भी प्राप्त करें क्योकि फार्मर रजिस्टरी मे फसल का उल्लेख नही होता।

एडीसीओ सदर ने सभी केन्द्र प्रभारियो को प्रतिदिन केन्द्र पर उपस्थिति दर्ज करने और नियमित रूप से मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण गेंहू क्रय करके लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सहायक आयुक्त एवं सहायकनिबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सभी किसान बंधु अपने नजदीकी क्रय केन्द्र पर गेंहू बेचकर शासन की योजना का लाभ उठायें।

# बाबा साहब सदैव असमानताओं के खिलाफ संघर्ष करते रहे

**समाज जागरण वाराणसी**

आज गुरुवार को रोहनिया विधानसभा के कोरौता, वाराणसी में बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान रोहनिया विधानसभा के संगोष्ठी के कार्यक्रम को मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री संजय सोनकर ने कहा कि बाबा साहब सदैव असमानताओं के खिलाफ संघर्ष करते रहे। न्याय ,समता ,समतामूलक समाज की लड़ाई लड़ी।हमें समाज के लिए सोचना होगा।

विशिष्ट अतिथि ओम प्रकाश प्रियदर्शी ने संबोधित करते हुए कहा बाबा साहब ने शिक्षा को हथियार बनाकर संगठित समाज का निर्माण किया।



कार्यक्रम के संयोजक पुर्व ब्लाक प्रमुख प्रवेश पटेल संचालन भानू शंकर पटेल ने किया। मुख्य रूप से उपस्थित सदस्य विधान परिषद व भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, सुरेश सिंह,प्रमोद सिंह ,रोनी वर्मा,फौजदार शर्मा,शशिकांत सेहरा,सतीश कुमार,बाके लाल, आलोक पांडेय,जय प्रकाश सिंह पटेल, प्रदीप प्रजापति,गोपाल सिंह, मुकुन्द जायसवाल,विरेन्द्र पटेल ,मुन्ना लाल ग्राम प्रधान दिनेश पटेल, सर्वेश पटेल,आनंद पटेल,जंग बहादुर पटेल आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# 17 वां वार्षिक श्री श्याम महोत्सव 18 को ,सभी व्यापक तैयारियां पूरी

जैतो,16 अप्रैल( रघुनंदन पराशर ): क्षेत्र की प्रसिद्ध धार्मिक संस्था श्री श्याम प्रचार मंडल इकाई जैतो की तरह से श्री श्याम का 17वां वार्षिक महोत्सव 18 अप्रैल को रामलीला मैदान जैतो में बड़ी धूमधाम व आस्था से मनाया जा रहा है। यह जानकारी श्री श्याम प्रचार मंडल के अध्यक्ष अजय बांसल, चेयरमैन चंद्र मोहन बांसल, सचिव संधीर गर्ग बरगाडी वाले व कोषाध्यक्ष सुरेश गोयल चांदी ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि इस महोत्सव के मुख्य अतिथि जैतो के विधायक व संत रिषी राम जी जलाल वाले होंगे जबकि मुख्य यजमान ए.बी.कोटसपिन इंडिया लि.के एम.डी.दीपक गर्ग,पूजन कर्ता मोहन लाल सिंगला, ध्वज पूजन अशोक कुमार मित्तल व कृष्ण मित्तल, दरबार पूजन मोहित बांसल, दरबार श्रंगार अंकुर गर्ग पूजन करेंगे। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में प्रसिद्ध भजन गायक दीपक लक्खा,आकाश सागर व कुमार नितिन अपनी मधुर आवाज से भजनों द्वारा श्रद्धालुओं को आत्म विभोर करेंगे। उन्होंने कहा कि इस वार्षिक समारोह के मुख्य आकर्षण भव्य दरबार, आलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग होगा। इस अवसर पर विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर गोनी मित्तल,शैरी गर्ग,गोला अग्रवाल,नवल सीए, प्रेम नाथ प्रेमी, वरूण लोहिया व अमन बांसल आदि मौजूद रहे। श्री श्याम प्रचार मंडल जैतो प्रबंधक कमेटी ने कहा कि इस वार्षिक महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। श्री श्याम महोत्सव को लेकर आम जनता विशेष कर महिलाओं में भारी उत्साह पाया जा रहा है।

# फिरोजपुर मंडल द्वारा रेलवन ऐप के प्रचार-प्रसार हेतु जागरुकता अभियान जारी : परमदीप सैनी

**(पंजाब फिरोजपुर रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

फिरोजपुर,16 अप्रैल : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक परमदीप सिंह सैनी ने आज कहा कि फिरोजपुर मंडल द्वारा यात्रियों को डिजिटल सेवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से 16.04.2026 को सरकारी स्कूल, शाहपुर रोड, लुधियाना में रेलवन ऐप के प्रचार-प्रसार हेतु एक विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 130 विद्यार्थियों को रेलवन ऐप के विभिन्न उपयोगों के बारे में जानकारी दी गई एवं उन्हें इसके उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।



विद्यार्थियों को बताया गया कि इस ऐप के माध्यम से ट्रेनों में अनारक्षित एवं आरक्षित टिकटों की बुकिंग, ट्रेन की वर्तमान स्थिति की जानकारी, प्लेटफॉर्म टिकट की सुविधा तथा भोजन ऑर्डर करने जैसी सेवाएं आसानी से प्राप्त की जा सकती हैं। अभियान के अंत में विद्यार्थियों को यह भी प्रेरित किया गया कि वे अपने अभिभावकों के मोबाइल फोन में भी रेलवन ऐप इंस्टॉल कराएं, ताकि वे इस ऐप का सरल एवं सुविधाजनक तरीके से उपयोग कर सकें। फिरोजपुर मंडल द्वारा इस प्रकार के जागरूकता अभियानों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को डिजिटल सेवाओं से जोड़ने का निरंतर प्रयास जारी है। उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा आयोजित ऐप जागरूकता अभियान का दृश्य।

# मरी माता मंदिर में रुकवाया गया बाल विवाह, देहात टीम और पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बहराइच। अक्षय तृतीया के अवसर पर जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के अभियान के तहत प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। बुधवार को देहात टीम और स्थानीय पुलिस ने एक संयुक्त अभियान चलाकर मरी माता मंदिर परिसर में होने जा रहे एक बाल विवाह को सफलतापूर्वक रुकवाया। टीम ने तत्परता दिखाते हुए नाबालिग जोड़े को अपने संरक्षण में लेकर जिला बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया।

अक्षय तृतीया पर होने वाले सामूहिक विवाहों के मद्देनजर देहात टीम मरी माता मंदिर पर लगातार निगरानी कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान टीम को एक जोड़े पर शक हुआ। जब उनके आयु संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई, तो नाबालिग पाए गए। टीम ने तुरंत पुलिस के सहयोग से विवाह की रस्मों को रुकवा दिया।




मौके पर मौजूद दूल्हा और दुल्हन पक्ष के परिजनों को 'बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम' की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि नाबालिगों की शादी करना एक गंभीर कानूनी अपराध है, जिसके लिए जेल और जुमार्ने का प्रावधान है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए बच्चों को जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सतीश श्रीवास्तव के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष ने घटना को संज्ञान में लेते हुए कड़ी नाराजगी जताई और तत्काल आवश्यक कानूनी कार्यवाही के निर्देश दिए।समिति के निर्देश के बाद पुलिस अब मामले की जांच कर रही है और संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी शिकंजा कसने की तैयारी में है। फिलहाल बच्चों को उचित संरक्षण में भेज दिया गया है।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, टॉप-10 वांछित अपराधी गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज जिले में अपराध नियंत्रण एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए



सुखानी थाना पुलिस ने एक टॉप-10 सक्रिय एवं वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुखानी थाना कांड संख्या-08/26, दिनांक 09.02.2026, धारा 309(4) बीएनएस 2023 से संबंधित मामले में फरार चल रहे अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। आसूचना के आधार पर पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अमलझाड़ी क्षेत्र में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने वरीय अधिकारियों को अवगत कराया और आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त कर छापेमारी दल का गठन किया। इसके बाद सघन छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान मसिरूद्दीन उर्फ मसीरू उर्फ मसीर उर्फ मसेर (30 वर्ष), पिता पजीरूद्दीन उर्फ फजीरूद्दीन, निवासी अमलझाड़ी वार्ड संख्या-01, थाना पाठामारी, जिला किशनगंज के रूप में हुई है। वह लूट कांड में वांछित था तथा चोरी एवं हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामलों में भी संलिप्त रहा है।

उल्लेखनीय है कि इस कांड के अन्य सह-अभियुक्त जारूल उर्फ जहरूल एवं निहार बाबू को पूर्व में ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रेतर विधि-सम्मत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# कोचाधामन में करोड़ों की सड़क निर्माण पर गंभीर सवाल, ग्रामीणों ने लगाया भ्रष्टाचार और लापरवाही का आरोप

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

16 अप्रैल 2026 कोचाधामन प्रखंड के डेरामारी पंचायत में निमार्णाधीन करोड़ों रुपये की सड़क योजना अब विकास के बजाय अनियमितताओं और कथित भ्रष्टाचार का प्रतीक बनती जा रही है। मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष) के तहत कद्दू भिटा पुल से संथाल टोला स्थित प्राथमिक विद्यालय तक लगभग 2.40 किलोमीटर लंबी सीमेंट कंक्रीट सड़क का निर्माण करीब 3 करोड़ 72 हजार रुपये की लागत से कराया जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत इस दावे पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।




स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में शुरू से ही तकनीकी मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। सबसे गंभीर आरोप यह है कि सड़क निर्माण से पहले आवश्यक मिट्टी भराई तक नहीं की गई, जिससे सड़क की ऊंचाई मानक से काफी कम रह गई है। ऐसे में हल्की बारिश या बाढ़ के दौरान सड़क के डूब जाने का खतरा बना हुआ है, जो योजना की उपयोगिता पर ही प्रश्नचिह्न लगा देता है।

ग्रामीणों के अनुसार, सड़क का बेस भी बेहद कमजोर और मानकविहीन तरीके से तैयार किया जा रहा है। उनका कहना है कि जिस गुणवत्ता की सड़क का दावा किया जा रहा है, वह पहली ही बारिश में क्षतिग्रस्त हो सकती है। इसके अलावा निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल के आरोप भी सामने आए हैं। ग्रामीणों का दावा है कि गिट्टी, सोलिंग और अन्य आवश्यक सामग्री निर्धारित मात्रा से कम उपयोग की जा रही है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर संदेह और गहरा गया है।

मामले को और गंभीर बनाता है निर्माण स्थल पर निगरानी की कथित कमी। ग्रामीणों का कहना है कि मौके पर न तो किसी अभियंता की नियमित उपस्थिति दिख रही है और न ही विभागीय स्तर पर प्रभावी निगरानी हो रही है। इससे पूरे कार्य की पारदर्शिता संदेह के घेरे में है।

स्थानीय ग्रामीणों–जगदीश कुमार सिंह, महादेव प्रसाद सिंह, मंटू लाल सिंह और उत्तम कुमार सिंह समेत कई लोगों ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है।

ग्रामीणों में इसको लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई नहीं की गई, तो यह सड़क आम लोगों के लिए सुविधा के बजाय स्थायी समस्या बन जाएगी और किसानों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रोका जाए, पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदार व संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, मानकों के अनुरूप दोबारा निर्माण कराने की मांग भी जोर पकड़ रही है।

इस संबंध में ग्रामीण कार्यपालक अभियंता विद्यानंद प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी, जिसके बाद ही विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस गंभीर मामले पर त्वरित संज्ञान लेकर कार्रवाई करेगा, या फिर करोड़ों की यह योजना भी लापरवाही और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएगी।

# किशनगंज में एनडीए कार्यकर्ताओं ने नए मुख्यमंत्री को दी बधाई

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

बिहार में नए मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी के पदभार ग्रहण करने पर बुधवार संध्या 5 बजे स्थानीय भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय,



किशनगंज में एनडीए कार्यकर्ताओं द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्षोल्लास के साथ मुख्यमंत्री को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार में विकास की गति और तेज होगी तथा प्रदेश नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि आने वाले दिनों में राज्य में विकास की गंगा और अधिक तेजी से बहेगी। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किए गए विकास कार्यों, सुशासन और भयमुक्त बिहार की सराहना करते हुए उनके योगदान की प्रशंसा की गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ताओं में जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह, बहादुरगंज विधानसभा प्रत्याशी (लोजपा-आर) मो. कलीमुद्दीन, हरिराम अग्रवाल, ज्योति कुमार सोनू, पंकज कुमार साहा, राजेश गुप्ता, सुबोध माहेश्वरी, जय किशन प्रसाद, सोनी देवी (जिलाध्यक्ष, महिला मोर्चा), रेखा मिश्रा एवं अरविंद मंडल शामिल थे।

कार्यक्रम का संचालन सुबोध माहेश्वरी ने किया।

इस अवसर पर मनोज मुजमदार, कोशल आनंद, शिवम साहा, संजय पासवान, अशोक गुप्ता, हरि किशोर साह, शुभम राजा सिन्हा, विशाल स्वर्णकार, लखवीर कोर, दुर्गा स्वर्णकार, लता देवी, मीरा रामदास, सृष्टि कुमारी, रीता देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मक्के के खेत में महिला का शव मिलने से सनसनी, हत्या की आशंका; ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



पोठिया प्रखंड अंतर्गत अरार्बाड़ी थाना क्षेत्र के रायपुर पंचायत स्थित बालूबाड़ी गांव (वार्ड संख्या 2) में मक्के के खेत से एक महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान सनवरी खातून (40 वर्ष), पत्नी अंसार आलम, निवासी बालूबाड़ी के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार, 15 तारीख को शाम करीब 4 बजे वह जलावन और मक्का लाने के लिए घर से निकली थीं, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटीं। इसके बाद परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। अगले दिन जानकारी मिली कि गांव के समीप स्थित मक्के के खेत में उनका शव पड़ा हुआ है।

परिजनों ने नजदीकी थाना में आवेदन देकर दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताते हुए मामला दर्ज करने की मांग की है। हालांकि पुलिस ने अब तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

घटना की सूचना मिलते ही अरार्बाड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक तौर पर हत्या की आशंका जताई जा रही है, जबकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

घटना के बाद गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल बन गया। परिजनों एवं ग्रामीणों ने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध स्वरूप किशनगंज-ठाकुरगंज मुख्य सड़क को अरार्बाड़ी के समीप जाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात बाधित हो गया।

सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी एवं अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है तथा जल्द ही सच्चाई सामने लाई जाएगी। फिलहाल क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है, जबकि पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# सीबीआई ने किया 11 साल से फरार अपराधी को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे कुख्यात अपराधी भोला सिंह को गुजरात के सूरत से गिरफ्तार कर लिया है। 13 अप्रैल को हुई इस कार्रवाई में भोला सिंह को तब दबोचा गया, जब वह 'अमित शर्मा' के नाम से फर्जी पहचान बदलकर वहां रह रहा था। भोला सिंह की तलाश वर्ष 2014 में कोलकाता से दो लोगों के सनसनी खेज अपहरण के मामले में थी। स्थानीय पुलिस द्वारा मामले को सुलझाने में विफल रहने के बाद, उच्च न्यायालय के आदेश पर जांच सीबीआई को सौंपी गई थी। अपहत



व्यक्तियों का आज तक कोई पता नहीं चल सका है, और भोला सिंह इस मामले में मुख्य आरोपी है। मूल रूप से बिहार के पटना (पंडारख) का रहने वाला भोला सिंह केवल अपहरण ही नहीं, बल्कि हत्या, हत्या के प्रयास और अवैध हथियार रखने जैसे 11 से अधिक संगीन मामलों में वांछित था। बिहार पुलिस ने उस पर इनाम भी घोषित कर रखा था।

उल्लेखनीय है कि भोला सिंह का नाम पूर्व विधायक अनंत सिंह के साथ चली उसकी पुरानी और चर्चित अदावत के कारण भी सुर्खियों में रहा है। सीबीआई अधिकारियों के अनुसार, आरोपी अपनी पहचान छिपाने के लिए गौतम कुमार और अमित शर्मा जैसे नाम बदलता रहा। उसे सूरत की स्थानीय अदालत में पेश कर ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता ले जाया जाएगा। जांच एजेंसी को उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान 2014 के अपहरण कांड सहित कई अन्य पुराने मामलों के अहम सुराग मिल सकेंगे। इस गिरफ्तारी को अंतर-राज्यीय समन्वय और जांच एजेंसियों की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

# भारत जनगणना 2027: नबीनगर में दूसरा चरण का प्रशिक्षण शुरू

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर( बिहार ) भारत जनगणना 2027 को लेकर उच्च विद्यालय नबीनगर में प्रशिक्षण का दूसरा चरण 16 अप्रैल 2026 से शुरू हो गया है। यह प्रशिक्षण 18 अप्रैल 2026 तक चलेगा। प्रशिक्षण का संयुक्त उद्घाटन उप चार्ज अधिकारी राकेश कुमार, प्रभारी प्रधानाध्यापक उमाशंकर सिंह और



सभी फील्ड ट्रेनरों ने दीप प्रज्वलित कर किया।उद्घाटन समारोह में फील्ड ट्रेनर धीरेंद्र कुमार सिंह, रमेश कुमार, रंजित कुमार, उपेंद्र कुमार, अमरजीत प्रसाद, सुशील कुमार, पिंटू साव, परवेज आलम, जयराम पाल और वाशिम अकरम मौजूद रहे।चार्ज अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह ने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की सूचीकर्ण का काम किया जाएगा। इसके लिए सभी प्रगणकों को ऑनलाइन माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस मौके पर शिक्षक धनंजय कुमार सिंह, मनीष कुमार, संजीव कुमार, आनंद कुमार, सौर्भजीत और रामजय कुमार भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि प्रथम चरण का प्रशिक्षण 13.4.26 से 15.4.26 तक चलाया गया था।

# पटना में साइबर ठगों के निशाने पर आपकी गाढ़ी कमाई

## रिश्तों से लेकर मोबाइल झपटमारी तक बना हथियार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी में साइबर अपराधियों का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। अब ठग केवल अनजान बनकर ही नहीं, बल्कि रिश्तों के भरोसे और मोबाइल झपटमारी के जरिए भी लोगों के बैंक खातों में सेंध लगा रहे हैं। हाल के दिनों में पटना के विभिन्न इलाकों से करीब 58 लाख रुपये से अधिक की ठगी के मामले सामने आए हैं, जो डिजिटल सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। सबसे चौंकाने वाला मामला पत्रकारनगर थाना क्षेत्र का है, जहाँ एक बुजुर्ग के खाते से 35 लाख रुपये निकाल लिए गए। पुलिस जांच में ठगी का आरोप उनकी अपनी ही पोती पर लगा है। यह घटना साबित करती है कि निजी वित्तीय जानकारी अब अपनों के बीच भी सुरक्षित नहीं है। गोपालपुर के एक निवासी के साथ हुई घटना ने सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ा दी है। फतुहा में पीड़ित का मोबाइल छीना गया और कुछ ही देर में अपराधियों ने मोबाइल डेटा का इस्तेमाल कर खाते से 18 लाख रुपये उड़ा दिए। वहीं, अगमकुआं में एयरलाइंस की फर्जी सदस्यता के नाम पर लिंक भेजकर 3 लाख और कंकड़बाग में निवेश के नाम पर 1.14 लाख की ठगी की गई।साइबर विशेषज्ञों और पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल में बैंकिंग ऐप्स को हमेशा 'स्ट्रॉन्ग' पासवर्ड और बायोमेट्रिक लॉक से सुरक्षित रखें। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और न ही ओटीपी साझा करें। निवेश के लुभावने विज्ञापनों और फोन कॉल से दूरी बनाएं। पुलिस का कहना है कि डिजिटल युग में थोड़ी सी लापरवाही उम्र भर की कमाई छीन सकती है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत साइबर थाने को दें।

# तख्त श्री हरिमंदिर साहिब पहुंचे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, गुरु चरणों में टेका मत्था

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ सिखों के दसवें गुरु, श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की पावन जन्मस्थली, तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में गुरुवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हाजिरी लगाई। उपमुख्यमंत्री से मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनका पटना साहिब गुरुद्वारे का पहला आधिकारिक दौरा था। दोपहर के समय दरबार साहिब पहुंचे मुख्यमंत्री ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेककर प्रदेश की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। दरबार साहिब में जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने मुख्यमंत्री को गुरुघर का आशीर्वाद स्वरूप सिरोपा प्रदान किया। इस अवसर पर तख्त साहिब प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही और महासचिव इंद्रजीत सिंह ने उन्हें कमेटी के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को इस ऐतिहासिक स्थल के गौरवशाली इतिहास और गुरु महाराज के जीवन दर्शन से भी अवगत कराया। दर्शन के उपरांत मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि गुरु की कृपा और प्रेरणा से ही जनसेवा का बल मिलता है। उन्होंने कहा की गुरु की मेहर से नीतीश कुमार के पिछले 20 वर्षों के शासनकाल में बिहार में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और बिहार भी विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर गुरुद्वारा परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक भी वहां मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के साथ पूर्व मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल, पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. सहित प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# अब अपनी गणना स्वयं कर सकेंगे नागरिक

## 17 अप्रैल से शुरू होगा 'स्व-गणना' अभियान

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ भारत की आगामी जनगणना 2027 को लेकर इस बार एक क्रांतिकारी पहल की गई है। देश में पहली बार आम नागरिकों को डिजिटल माध्यम से अपनी और अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज करने का अवसर मिलेगा। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने बुधवार को समीक्षा बैठक में बताया कि आगामी 17 अप्रैल से 01 मई 2026 तक विशेष 'स्व-गणना' अभियान चलाया जाएगा। प्रधान सचिव ने स्पष्ट किया कि जनगणना की प्रक्रिया को दो चरणों में बांटा गया है। प्रथम चरण में 17 अप्रैल से 01 मई तक डिजिटल पोर्टल के माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करेंगे। वही द्वितीय चरण में 02 मई से 31 मई तक मकान सूचीकरण और आवास गणना का कार्य किया



जाएगा। पूरी प्रक्रिया के दौरान कुल 33 प्रश्न पूछे जाएंगे। इस डिजिटल पहल का मुख्य उद्देश्य आंकड़ों की शुद्धता सुनिश्चित करना और समय की बचत करना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पोर्टल पर साझा की गई सभी जानकारियां पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित रहेंगी। बैठक में जिला स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। सरकारी कर्मचारियों को प्रेरित किया जा रहा है कि वे स्वयं गणना करने के साथ-साथ कम से कम 10 अन्य लोगों को भी इस प्रक्रिया से जोड़ें। जिन नागरिकों के पास स्मार्टफोन या इंटरनेट की सुविधा नहीं है, वे अपने नजदीकी सामान्य सेवा केंद्र (CSC) पर जाकर इस प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं। सरकार का लक्ष्य "अपनी गणना स्वयं करें, डिजिटल भारत का हिस्सा बनें" के संदेश के साथ शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करना है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस पारदर्शी व्यवस्था से जनगणना के डेटा में त्रुटियों की संभावना न्यूनतम हो जाएगी।

# शराबबंदी पर बयान से बढ़ा विवाद

## सामाजिक संगठन ने उपेंद्र कुशवाहा को लिखा पत्र

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में शराबबंदी कानून को लेकर दिए गए एक बयान ने अब राजनीतिक और सामाजिक तूल पकड़ लिया है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के विधायक माधव आनंद द्वारा शराबबंदी पर दी गई टिप्पणी से नाराज होकर 'सरदार पटेल दशरथ मांझी स्मृति एवं अंतरराष्ट्रीय सामाजिक शोध अभियान' के संयोजक नागेश्वर सिंह स्वराज ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद उपेंद्र कुशवाहा को पत्र लिखकर अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है।उपेंद्र कुशवाहा को लिखे पत्र में नागेश्वर सिंह स्वराज ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा लागू शराबबंदी कानून महज एक प्रशासनिक


राष्ट्रीय लोक मोर्चा
RashtriyaLokMorcha

ब्रजेन्द्र कुमार पप्पू
प्रदेश प्रवक्ता
मो॰- 9470432060

पत्रांक- RLM/BH/10
दिनांक-16/04/2026

बिहार में नीतीश मॉडल ही N.D.A की प्राथमिकता: ब्रजेन्द्र पप्पू

[illegible]

(ब्रजेन्द्र कुमार पप्पू)

व्यवस्था नहीं है। यह समाज सुधार, महिला सशक्तिकरण और गरीब परिवारों की सुरक्षा से जुड़ा एक ऐतिहासिक कदम है। इससे लाखों परिवारों की स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने विधायक के बयान को जनभावनाओं को आहत करने वाला और दुर्भाग्यपूर्ण बताया।सामाजिक संगठन ने पार्टी नेतृत्व से इस मामले पर तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि ऐसे बयानों पर रोक लगाई जानी चाहिए ताकि समाज में किसी भी प्रकार का भ्रम या असंतोष पैदा न हो। संगठन का तर्क है कि विकासशील समाज के लिए शराबबंदी जैसे कानून का प्रभावी रहना अनिवार्य है। विवाद बढ़ता देख पार्टी की ओर से भी स्पष्टीकरण सामने आया है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि विधायक द्वारा दिया गया बयान उनका निजी विचार हो सकता है, यह पार्टी का आधिकारिक स्टैंड नहीं है। बहरहाल, इस पत्र के बाद अब पार्टी के भीतर और बाहर शराबबंदी को लेकर बहस एक बार फिर तेज हो गई है।

# अर्पित सेवा संस्थान श्रावस्ती द्वारा डा० भीमराव अम्बेडकर की १३५ वी जयंती मनाई गई

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती अर्पित सेवा संस्थान श्रावस्ती द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन संस्था कार्यालय पर किया गया इस अवसर पर विचार गोष्ठी माल्यार्पण जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अर्पित सेवा संस्थान के सचिव श्री अवधेश कुमार शर्मा द्वारा बाबासाहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर किया गया इस अवसर पर उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए संस्था के सचिव ने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर केवल एक समाज के नेता नहीं थे बल्कि आधुनिक भारत के निमार्ता थे उनके द्वारा दिखाए गए समानता और शिक्षा के मार्ग पर चलकर ही देश के वास्तविक विकास संभव है ।

# बालक बालिकाओं को मिलें समान अधिकार-: यंग केस वर्कर पार्वती

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**



जनपद बहराइच विकास खण्ड कैसरगंज ग्राम गोड़हिया नंबर 4 में ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान बहराइच द्वारा एक बैठक आयोजित की गई कार्यक्रम के दौरान यंग केस वर्कर पार्वती ने बताया कि जेंडर भेद भाव न किया जाए शिक्षा में भेद भाव न किया जाए अभी भी लड़कियों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाया जाता है जबकि लड़कों को महंगे स्कूलों में पढ़ाया जाता है बच्चे हमारे देश कि भविष्य है शिक्षा में भेद भाव न किया जाए इस दौरान लोगों को तमाम सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई

कार्यक्रम में रुबी,रिंकी, सुषमा, पूनम,सूका देवी, सुनीता, सीमा, चित्र रेखा, रमादेवी, मंजू, गीता, कृष्णा वती, सीमा, मुन्नी देवी, शान्ती, मंजू, पूजा यादव, चांदनी, गुड़िया, शिवानी,शिवांकी, आरती,रुमा आदि महिलाओं ने प्रतिभाग किया

# सरायकेला-खरसावां जिला योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ,कोल्हान झारखंड**

झारखंड योगा एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष स्वप्न शौ के नेतृत्व में सरायकेला-खरसावां जिला योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी कमिटी का गठन किया गया। यह बैठक आदित्यपुर-2 स्थित साईं योगा फिटनेस सेंटर में आयोजित




हुई। बैठक में राम प्रवेश यादव को अध्यक्ष, विश्वनाथ सोनी एवं पलक जैसवाल को उपाध्यक्ष, समीर चंद्र माझी को महासचिव, आनंद कुमार सोनी एवं प्रिया कुमारी को उप महासचिव तथा अनिकेत राम को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

इस अवसर पर स्वप्न शौ ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि नई कमिटी जिले में योग को खेल के रूप में बढ़ावा देने और युवाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए कार्य करेगी।

नवनियुक्त अध्यक्ष राम प्रवेश यादव ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला स्तर पर योग प्रतियोगिताओं का आयोजन कर प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने योग खेल के प्रचार-प्रसार और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।